RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 41 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

नितेश छाबड़ा

आज से आईपीएल का महाकुंभ...

आज से भारतीय क्रिकेट का सबसे बड़ा त्यौहार आईपीएल शुरू हो रहा है। वैसे देखा जाए तो पिछले दिनों भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार 'आम चुनावों' की घोषणा भी हो गई है। अब अगले दो महीनों तक ये दोनों त्यौहार समांतर रूप से साथ चलेंगे और इसी बीच बहुत से धार्मिक त्यौहार भी मनाए जाएंगे। तो कुल मिलाकर अगले दो से ढाई महीने हमारे लिए बहुत रोमांच और घटनाओं से भरे होंगे।

देखा जाए तो चुनाव और क्रिकेट का माहौल कई मायनों में एक सा होगा। दोनों तरफ से मुख्य तौर पर दो दल ही आमने सामने होंगे। दोनों तरह ढोल नगाड़ों की थाप होगी। क्रिकेट के मैदान में बल्लेबाज़ चौके छक्के लगाएंगे, तो चुनावी रण में बयानों की फिरकियाँ और बाउंसर डाले जाएँगे। इन बयानों पर बैटरों के शॉट लगेंगे। ये बयानों पर बैटर बोल्ड या कैच आउट भी हो सकते हैं। दोनों तरफ बराबर नोंक झोंक होगी, जो कि माहौल को और अधिक गरमाने का काम करेगी। अंत मे विजयी सेहरा किसी एक दल के सर पर बंधेगा। इन सबके बीच देश की जनता और दर्शकों का मनोरंजन भी चरम पर होगा।

अगर बात सिर्फ क्रिकेट की करें तो इस सीजन का आईपीएल भारतीय क्रिकेट के टी20 फॉर्मेट के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट के तुरंत बाद भारतीय टीम को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होना है। आईपीएल में ■ शेष पृष्ठ 11 पर

एमएस धोनी ने छोड़ी सीएसके की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को मिली टीम की कमान

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपर किंग्स ने आगामी आईपीएल सीजन से पहले टीम में बड़ा बदलाव किया है। एमएस धोनी की जगह सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान बन गए हैं। आईपीएल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी पुष्टि की। इससे पहले एमएस धोनी ने आईपीएल 2022 से पहले सीएसके की कप्तानी छोड़ी थी और रविंद्र जडेजा को टीम का कप्तान बनाया गया था लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उन्होंने टूर्नामेंट के बीच में फिर से टीम की कप्तानी की थी।

आज बेबाक

पैसा चाहे काला, पीला, लाल, नीला जैसा भी हो वो बोलता जरूर है। भ्रष्टाचार कर रोड़पति से करोड़पति बनने वाले नेता हमेशा यही कहते देखे जाते हैं कि वे डरने वाले नहीं हैं। सही बात है भ्रष्टाचार किया तो डरना क्या? जो डरते हैं वो भ्रष्टाचार करते नहीं । भ्रष्टाचार के आरोपी नेता अव्वल तो जेल जाते ही नहीं अगर चले भी गए तो वहां भी वीआईपी ट्रीटमेंट पाते हैं। इस समय भी कई नामी गिरामी नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की दहलीज पर हैं। लेकिन मजाल है कि उनके माथे पर शिकन आ जाए। ये टेंशन लेते नहीं देते हैं।

आखिर सौंपा गया चुनावी बॉंडों का विवरण

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम नयायालय के आदेश का अनुपालन करते हुये चुनावी बांडों को खरीदने और भुनाने वाले दलों के पूरे विवरण दो मुहर बंद लिफाफों में निर्वाचन आयोग को सौप दिये हैं। एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा की ओर से उच्चतम न्यायाय में गुरुवार को दाखिल एक शपथपत्र में इस बात की जानकारी दी गयी। शपथपत्र के अनुसार एसबीआई अध्यक्ष ने हलफनामे में न्यायालय को बताया है कि उसने चुनावी बांड से संपूर्ण विवरण चुनाव आयोग को दे दिये हैं।

बालकृष्ण बोले- मीलॉर्ड माफ कीजिए आगे से नहीं दिखाएंगे विज्ञापन

नई दिल्ली, (वार्ता)। 'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था।

चुनाव आयोग सख्त, कहा- 'विकसित भारत संपर्क' वाले मैसेज तत्काल रोकें

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही चुनाव आयोग सख्त हो गया है। अब चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के एक प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है। 'विकसित भारत संपर्क' के बैनर तले केंद्र सरकार की ''उपलब्धियों'' को बताने वाले वॉट्सऐप मैसेज पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है। इसको लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी और अब उसने एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह 'विकसित भारत संपर्क' वॉट्सऐप मैसेजेस पर तत्काल रोक लगाए।

कांग्रेस, तीसरी लिस्ट में 57 राज्यों के नाम

रायपुर/नवप्रदेश। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए निम्नलिखित सीटों से निम्नलिखित उम्मीदवारों का चयन किया है। कांग्रेस की सीईसी ने गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटका, वेस्ट बंगाल, महाराष्ट्र, तेलंगाना के कुल 57 प्रत्याशियों के नामों का एलान किया है। कांग्रेस की तीसरी लिस्ट जारी, 7 राज्यों के 57 नाम शामिल है। इससे पहले पहली दो लिस्ट में 82 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर चुकी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने तीसरी सूची में अरुणाचल से दो, गुजरात से 11, कर्नाटक से 17, महाराष्ट्र से सात, राजस्थान से छह, तेलंगाना से पांच, पश्चिम बंगाल से आठ तथा पुद्दुचेरी 1 उम्मीदवार घोषित किये है।

कांग्रेस का दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है : भाजपा

■ केंद्र सरकार पर कांग्रेस के बैंक खातों को बंद करने के आरोप का मामला

नई दिल्ली, (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी ने देश में लोकतंत्र खत्म होने के कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस अप्रासंगिक हो गयी है और उसका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सरकार पर कांग्रेस के बैंक खातों को बंद करने का आरोप लगाया और कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है।

कांग्रेस के आरोप पर भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। वहीं प्रसाद ने सोनिया गांधी पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

..उतना ही अधिक आधार खोएंगे- प्रसाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने आगे कहा, 'हम कांग्रेस को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा पार्टी को हमारी सलाह है कि जितना अधिक आप राहुल गांधी को बोलने देंगे, उतना ही अधिक आधार खो देंगे। उन्होंने कहा कि अगर लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते तो भाजपा कुछ नहीं कर सकती।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में हार को भांपते हुए हताशा होकर बहाना बनाने का प्रयास किया है।

ऐतिहासिक हार का है डर- नड्डा

वहीं बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा, कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी और ऐतिहासिक हार के डर से उनके शीर्ष नेतृत्व ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और भारतीय लोकतंत्र तथा संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की सोची-समझी साजिश : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता) कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सील करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि उसके खाते सीज करना सोची-समझी रणनीति के तहत और श्री मोदी तथा श्री शाह की सह पर सील किए गये हैं, ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सील होने की वजह से नहीं किया जा सकता है। पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है।

खडगे ने कहा, अठारहवीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। देश का हरेक नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सुक है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के लिये जाना जाता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुद्दा बहुत ही गंभीर- सोनिया

श्रीमती गांधी ने कहा, आज हम जो मुद्दा उठा रहे हैं वह बहुत ही गंभीर है और न केवल कांग्रेस को प्रभावित करता है- बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को भी सबसे अधिक प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, एक तरफ 'इलेक्टोरल बॉन्ड' का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असवैधानिक करार दिया है। प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमला हो रहा है। यह सचमुच अभूतपूर्व है।

अंततः सीएम केजरीवाल अरेस्ट

■ शराब नीति घोटाले का मामला

■ ईडी की टीम ने अब तक 15 की गिरफ्तारी कर चुकी है

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की टीम ने आखिर गुरुवार की रात को ही गिरफ्तार कर लिया। शराब नीति घोटाले के मामले में ईडी की टीम ने आज ही केजरीवाल के हाउस में छापा मार कार्रवाई की थी। जिसके बाद सीएम केजरीवाल से डेढ़ घंटे के पूछताछ के बाद उन्हें ईडी दफ्तर ले जाया गया है। इस मामले में अब तक ईडी 15 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के पहलु की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार कल ले गई है। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल को ईडी के अधिकारी दो घंटे की पूछताछ करने के बाद उनके निवास से गिरफ्तार कर ले गई है।

गिरफ्तारी से बचने की अर्जी हुई थी खारिज

बता दें कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी कानूनी टीम उच्चतम न्यायालय से गुहार लगाने के लिए पहुंच गयी थी। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज दिन में केजरीवाल की गिरफ्तारी से बचने की अर्जी को खारिज कर दिया था। उसके बाद ईडी अधिकारियों की टीम मुख्यमंत्री के आवास पर तलाशी के लिए पहुंची और दो घंटे तक पूछताछ की। केजरीवाल मंत्रिमंडल के सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है।



लाल लड़कों का प्रस्ताव.. फोर्स का दो टूक जवाब... एक्शन मोड में जारी रहेगा अभियान

नक्सली बातचीत के लिए तैयार, शर्त-पहले सुरक्षा बलों को बैरक तक रोकें

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार से बातचीत को लेकर एक बार फिर नक्सलियों ने बड़ा बयान जारी करते हुए वार्ता के लिए एक चिट्ठी जारी की है। नक्सलियों ने सरकार से कहा है कि वार्ता अनुकूल वातावरण में करना चाहते हैं। नक्सलियों ने यह बयान तब जारी किया है जब राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा बार-बार नक्सलियों से वार्ता की बात कह रहे हैं। नक्सली भले ही अपना बयान जारी कर वार्ता की बात कह रहे हों लेकिन फोर्स ने साफ कर दिया है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में एक्शन मोड पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगा। शासन अपने स्तर पर पहल कर सकती है लेकिन नक्सलियों के खिलाफ अभियान में किसी भी तरह से रियायत नहीं बरती जाएगी। नक्सलियों द्वारा एक पत्र के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बयान में कहा, कोई बड़ी मांग नहीं

जोनल कमेटी की ओर से जारी बयान में यह भी कहा गया है कि अनुकूल वातावरण के बिना कोई वार्ता नहीं हो सकती। इसके लिए सरकार से कोई बहुत बड़ी मांग या कोई शर्त नहीं रखी सिर्फ यह सुनिश्चित करने कहा कि मुठभेड़ों और व क्रॉस फायरिंग के नाम पर झूठी भूठभेड़ों में आदिवासियों की जघन्य हत्याएं बंद की जाए। सभी सशस्त्र बलों को कैंप के बजाए छह महीने तक बैरकों तक सीमित रखा जाए।

वे हत्या बंद करें, मैं सीएम से मार्गदर्शन लूंगा- गृहमंत्री

डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सली पर्चे और उनके वार्ता वाले बयान और विकास कार्यों को लेकर नक्सलियों की टिप्पणी पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, सड़क, बिजली, पुल, पुलिया से कॉर्पोरेट का क्या संबंध है। बातचीत के संबंध में मैं विस्तृत चर्चा कर अपनी बात रखूंगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मार्गदर्शन लेने वाला हूं। गृहमंत्री शर्मा बोले- वे आदिवासियों की हत्या बंद करें, मैं जल्द ही सीएम से मार्गदर्शन लूंगा

न्यूज गैलरी

पूर्व सीएम शिवराज का अंदाज वही पुराना

ट्रेन में सफर के दौरान लोगों से उत्साह से मिलते रहे

विदिशा, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान आज क्षेत्र में प्रचार के लिए ट्रेन से यात्रा करके गंजबासौदा पहुंचे। चौहान भोपाल-बिलासपुर ट्रेन के स्लीपर कोच में भोपाल से सवार होकर गंजबासौदा उतरे। इस दौरान उनकी पत्नी साधना सिंह चौहान भी साथ थीं। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने चौहान का स्वागत किया, तो पूर्व सीएम अपने ही अंदाज में लोगों से मिलते रहे।

यूपी में इंडी गठबंधन को लगा एक और धक्का

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा है. लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल के बाद पल्लवी पटेल की अपना दल कमेरावादी ने भी अलग राह पकड़ ली है। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि अब अपना दल कमेरावादी का साथ नहीं रहा. जानकारी के मुताबिक गठबंधन के तहत पल्लवी पटेल ने मिर्जापुर, फूलपुर समेत तीन लोकसभा सीटों पर दावेदारी पेश की थी. लेकिन बात नहीं बन पाई।

अपना दल कमेरावादी ने छोड़ा साथ

पहले भी दिखा चुकी है बगावती तेवर

गौरतलब है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भी पल्लवी पटेल के बागी तेवर देखने को मिले थे। उन्होंने मतदान तो किया था, लेकिन पीडीए के तहत उन्होंने सिर्फ रामजी लाल सुमन को मतदान किया था और इसका खुलासा भी कर दिया था। मिल रही जानकारी के मुताबिक पेंच मिर्जापुर सीट को लेकर फंसा था, जहां से केंद्रीय मंत्री और पल्लवी पटेल की बहन अनुप्रिया पटेल सांसद है. इस सीट से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी उतार चुकी है। गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 में अपना दल (कमेरावादी) से हमारा गठबंधन था, जो अब टूट गया है।

दावा... एमपी में 15 हजार कार्यकर्ताओं ने छोड़ी कांग्रेस

भोपाल, (वार्ता)। आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई ने आज दावा किया कि राज्य में अब तक लगभग 15 हजार कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। राज्य के पूर्व मंत्री और लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा की 'न्यू ज्वाइनिंग टोली' इकाई के प्रमुख डॉ नरोत्तम मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश में अब तक 14 हजार 700 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि आज की नई सदस्यता का आंकड़ा मिलाकर 16 हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में सम्मिलित हो चुके हैं, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं।

डॉ मिश्रा ने कांग्रेस और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि मध्यप्रदेश 'कांग्रेस मुक्त' होने की दिशा में बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में कोई गिनीज बुक रिकॉर्ड बन जाए तो भी बड़ी बात नहीं होगी। उन्होंने गांधी का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस 'भगदड़' का मजा लेने कुछ दिन तो मध्यप्रदेश में गुजारें। राज्य में लगातार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी समेत कई पूर्व विधायक कांग्रेस का साथ छोड़ चुके हैं।

सियासत का रण... एक ने भगाया तो दूसरी पार्टी ने सिर पर बिठाया

- **दानिश अली से पप्पू यादव, चौधरी लाल सिंह से बीजेपी एमएलए तक, कांग्रेस को मिली 'ऊर्जा'**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बजने के बाद पहला बुधवार कांग्रेस पार्टी के लिए काफी अच्छा रहा। बीएसपी से सस्पेंड किए गए सांसद कुंवर दानिश अली बुधवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। दानिश अली बीते दिनों राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय न्याय यात्रा में शामिल हुए थे।

बुधवार को कांग्रेस में एंट्री के मौके पर दानिश अली ने बीएसपी का जिक्र किए बगैर कहा कि उन्होंने अपने आगे के सियासी सफर के लिए कांग्रेस के साथ चलने का फैसला किया है क्योंकि वह विभाजनकारी ताकतों से सक्रिय रूप से लड़ने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

दानिश अली ने पिछले हफ्ते ही सोनिया गांधी से मुलाकात कर अमरोहा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए उनका आशीर्वाद मांगा था। कहा जा रहा है कि अमरोहा से उनका टिकट पक्का है। वह पिछले कई महीनों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हैं। दानिश अली लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। बुधवार को ही पप्पू यादव ने अपने संगठन जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। पप्पू यादव पांच बार के सांसद हैं। उनकी पत्नी

पप्पू यादव होंगे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी

माना जा रहा है कि पप्पू यादव पूर्णिया (Purnea Lok Sabha Seat) से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। पिछले चुनाव में जदयू के संतोष कुशवाहा ने यहां जीत दर्ज की थी। पप्पू यादव ने दिसंबर 2016 में जन अधिकार पार्टी का गठन किया था। इस पार्टी को न तो पिछले लोकसभा चुनाव और न ही उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कोई सफलता मिली। तब माना गया कि उनकी पार्टी ने बिहार के कई इलाकों में महागठबंधन का नुकसान किया था। वह माधेपुरा और पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं।

विवादों से भी रह चुका है नाता

पप्पू यादव का विवादों से भी नाता रह चुका है। उनपर सीपीआई (एम) नेता अजीत सरकार की हत्या के आरोप लग चुके हैं, हालांकि बाद में वह इस मामले में निर्दोष करार दिए गए। मंडल आंदोलन के शुरुआती दौर में राजपूत नेता आनंद मोहन के साथ अनबन में रहने वाले पप्पू यादव 1990 के दशक की शुरुआत में अपने समाजवादी नेता शरद यादव के करीब थे, लेकिन बाद में उनके शरद से मतभेद हो गया। पप्पू यादव के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को कोसी और सीमांचल में फायदा हो सकता है लेकिन पूर्णिया में पूर्व सांसद उदय सिंह भी टिकट के दावेदार है।

जम्मू में कांग्रेस को डोगरा ऊर्जा

जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्री रह चुके पूर्व सांसद चौधरी लाल सिंह ने दोबारा कांग्रेस ज्वॉइन कर ली है। उन्होंने अपने संगठन डोगरा स्वाभिमान संगठन का भी कांग्रेस में विलय कर दिया है। 64 साल के लाल सिंह जम्मू डिवीजन के कठुआ जिले के रहने वाले हैं और माना जा रहा है कि कांग्रेस उन्हें उधमपुर सीट से चुनाव लड़ा सकती है।

झारखंड में बीजेपी MLA ने थामा दामन

इसके अलावा झारखंड के मांडू से बीजेपी विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की बात कही। वह इससे पहले झारखंड के टिकट पर भी चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता और पूर्व सांसद टेक चंद महतो के सपनों को पूरा करना चाहते हैं।

असम में माने अब्दुल खालिक

असम राज्य में टिकट काटे जाने पर इस्तीफा देने वाले बारपेटा के सांसद अब्दुल खालिक ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र में कहा, कांग्रेस को मजबूत करना समय की मांग है, इसलिए मैं अपना इस्तीफा वापस लेता हूं और आपके और राहुल गांधी के सक्षम नेतृत्व में काम करना चाहता हूं।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू का तंज..

हम राहुल को गंभीरता से नहीं लेते...

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भाजपा के चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर से की गई थी, वहीं इस यात्रा का समापन 16 जनवरी को मुंबई में हुआ था। इस यात्रा में करीबन 6,700 किमी की दूरी तय की गई है।

किरेन रिजिजू ने की राहुल गांधी की आलोचना

मीडिया से बात करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, राहुल गांधी जहां भी गए, कांग्रेस वहां सीट हार गई। कोई भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेता है। अगर वह चुनाव प्रचार से बचते हैं तो शायद देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कुछ सीटें जीत सकती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरती भाषणों को लेकर भी राहुल गांधी की आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कांग्रेस नेता के दिल दिमाग और आत्मा में पीएम मोदी और भाजपा के खिलाफ नफरत भरा हुआ है, जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। राहुल को पीएम मोदी बिलकुल पसंद नहीं है, क्योंकि वे (पीएम मोदी) बहुत ही विनम्र और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

एनडीए बहुमत के साथ सत्ता में आएगी : रिजिजू

रिजिजू ने आगे कहा कि मोदी को उनकी काबिलियत, लोगों के प्यार और आशीर्वाद के कारण पीएम बनाया गया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के भारी बहुमत से जीतने की भविष्यवाणी की है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि भाजपा अकेले चुनाव में 370 से ज्यादा सीटें जीतेगी और एनडीए 400 सीटे जीतने वाली है। बता दें कि देश भर में लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है।

बाराती तैयार.. आईएनडीआईए गठबंधन में 'दूल्हे' की तलाश

रांची. झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर आईएनडीआईए गठबंधन के अंदर दूल्हा की तलाश अब भी जारी है। 14 लोकसभा सीटों के लिए जेएमएम, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के बीच अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। सीट शेयरिंग की घोषणा के सवाल पर आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं के पास बहुत जल्द से ज्यादा कहने को कुछ नहीं है। यही वजह है कि रांची से लेकर दिल्ली तक सिर्फ कयासों का बाजार गर्म है।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही दल बदल का खेल भी अपने पूरे परवान पर है. अब तक 1 सांसद और दो विधायकों ने पाला बदल लिया है। कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर बीजेपी का कमल थाम लिया है,

रांची से दिल्ली तक केवल लगाए जा रहे हैं कयास

जबकि जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन की पुत्र वधु सह विधायक सीता सोरेन ने बीजेपी का चोला पहन लिया है। बीजेपी के विधानसभा में सचेतक जेपी पटेल ने पाला बदल कर कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया है लेकिन इन सब के बीच 14 लोकसभा सीट वाले झारखंड में अब तक आईएनडीआईए गठबंधन के अंदर सीट शेयरिंग का फार्मूला तय नहीं हो पाया है।

इन दलों की जुबां पर कुछ नहीं

कांग्रेस और जेएमएम जैसे दल की जुबां पर बहुत जल्द से ज्यादा कुछ नहीं है. कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा है कि गठबंधन में बैंड-बाजा और बारात सब तैयार हैं। दूल्हा भी बहुत जल्द घोड़ी पर सवार हो कर मैदान में नजर आएंगे।

गठबंधन में प्रत्याशियों को लेकर असमंजस

इस वक्त भी आईएनडीआईए गठबंधन के अंदर दूल्हे की तलाश जारी है। गठबंधन में शामिल दल भी ये मान रहे हैं कि कौन किस सीट पर चुनाव लड़ेगा, ये स्पष्ट हो जाना चाहिए. राजद के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार ने कहा है कि देरी तो जरूर हुई है पर दूल्हा हमारा तैयार है। अगले कुछ दिनों में नाम की औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। झामुमो ने झारखंड की 14 में से 11 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार की घोषणा कर दी है।

बिहार : चार सीटों पर राजद के प्रत्याशी

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कुछ प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए पार्टी सिंबल दिए

पटना। एक ओर एनडीए में जहां सीट बंटवारा हो गया, वहीं महागठबंधन में आरजेडी-कांग्रेस में सीटों का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है। इस बीच खबर है कि राजद ने अपने कुछ प्रत्याशियों को सिंबल भी दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि इनमें कुमार सर्वजीत को लालू यादव ने स्वयं ही पार्टी का सिंबल दिया है। वहीं, जदयू छोड़ राजद में आए अभय कुशवाहा को औरंगाबाद से आरजेडी का सिंबल मिला है। सुरेंद्र यादव को जहानाबाद से आरजेडी प्रत्याशी बनाए जाने की खबर है। इधर, नवादा सीट से श्रवण कुशवाहा को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी द्वारा राजद का सिंबल दिए जाने की खबर है. इन खबरों की अभी आधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है।बता दें कि इंडिया अलायंस में सीटों का बंटवारा फाइनल भी नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद अपने प्रत्याशियों को पार्टी का सिंबल दे रहे हैं।

आरजेडी संसदीय बोर्ड की बैठक में लालू प्रसाद को आरजेडी में टिकट बंटवारे और महागठबंधन की पार्टियों से सीट फाइनल करने के लिए अधिकृत किया गया था।

अभी भी फंसा हुआ आरजेडी-कांग्रेस में पेंच

इस बीच खबर यह भी है कि राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को बक्सर से मैदान में उतारा जाएगा। दूसरी ओर अर्चना रविदास को जमुई से मैदान में उतारे जाने की खबर है। बता दें कि कुछ सीटों पर आरजेडी-कांग्रेस में अभी भी पेंच फंसा हुआ है।

रास के उपसभापति के साथ प्रतिनिधिमंडल जिनेवा, स्विट्जरलैंड के लिए रवाना

नई दिल्ली। अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 148वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए राज्यसभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने जिनेवा, स्विट्जरलैंड के लिए प्रस्थान किया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश 23-27 मार्च, 2024 तक अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 148वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिनेवा, स्विट्जरलैंड का दौरा कर रहे हैं।

हरिवंश के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में पांच राज्य सभा सदस्य एस. निरंजन रेड्डी, कार्तिकेय शर्मा, डॉ. अशोक कुमार मित्तल, डॉ. प्रशांत नन्दा, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक के साथ-साथ राज्य सभा के महासचिव पीसी मोदी भी शामिल हैं। 180 देश आईपीयू के सदस्य हैं। सामान्य चर्चा के दौरान, उपसभापति संसदीय राजनयः शांति और समझ हेतु सेतु-निर्माण विषय पर भाषण देंगे।

सम्मेलन के दौरान, आईपीयू के अलावा द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के साथ-साथ हरिवंश ब्रिक्स संसदीय समन्वय मंच की बैठक सहित सम्मेलन के विभिन्न एजेंडा विषयों पर चर्चा में भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल विभिन्न स्थायी समितियों जैसे कि शांति और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति, संधारणीय विकास संबंधी स्थायी समिति, लोकतंत्र और मानवाधिकारों संबंधी स्थायी समिति, आईपीयू युवा सांसद और महिला सांसद मंच के अलावा संयुक्त राष्ट्र मामलों संबंधी स्थायी समिति की कई बैठकों में भाग लेगा। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विश्व स्तर पर राष्ट्रों के समक्ष उपस्थित कई अन्य विषयों पर भारत की भूमिका और योगदान को प्रस्तुत करेगा।

फंड का फंडा... बुकिंग में कांग्रेस पीछे तो लगाया आरोप कहा चुनावी संसाधनों पर भाजपा का एकाधिकार

चुनाव प्रचार के लिए 40 फीसदी बढ़ी हेलीकॉप्टरों की मांग

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से एक माह पहले कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगा दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा, चुनावी संसाधनों पर अपना एकाधिकार करने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने कहा, अगर हमारे नेता को चुनाव में किसी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना है तो वह कैसे जाएगा।

..तो फिर बुकिंग कैसे हो

गांधी ने कहा जब सरकार हमारी पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर रही है तो हेलीकॉप्टर की बुकिंग कैसे होगी, ट्रेन का टिकट कैसे मिलेगा। दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की जबरदस्त बुकिंग हो रही है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की बुकिंग में लगभग 40 फीसदी का उछाल देखा जा रहा है।

कंपनियों को एडवांस देना पड़ता है

जानकारों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के पास बुकिंग के लिए पैसा नहीं है, लेकिन दूसरे दलों के स्टार प्रचारकों के लिए चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर, बड़ी संख्या में बुक कराए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पिछले लोकसभा चुनाव की तरह

अधिक मांग हेलीकॉप्टरों की

जानकारों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए विमान और हेलीकॉप्टरों की भारी मांग सामने आ रही है। हालांकि हेलीकॉप्टर ने बुकिंग के मामले में चार्टर्ड विमान को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे यह कारण है कि हेलीकॉप्टर को उतारने में ज्यादा दिक्कतें नहीं आती हैं और इसका किराया भी अधिक नहीं होता। विमान उतरने के लिए हवाई पट्टी की आवश्यकता होती है। साथ ही इसका रेट भी ज्यादा रहता है। देश में सौ से अधिक गैर-अनुसूचित ऑपरेटर भी हैं।

बुकिंग के दामों में इजाफा

फ्यूल और मेनटेनेंस काफी बढ़ गया है। ऐसे में संभव है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में विमान या हेलीकॉप्टर के बुकिंग रेटों में भी इजाफा हो जाए। इसमें यह देखा जाता है कि किस दल ने कब बुकिंग कराई है। अगर दो चार दिन के भीतर विमान या हेलीकॉप्टर चाहिए तो उसके लिए रेट, कई गुणा बढ़ जाते हैं। प्री बुकिंग में रेट सामान्य ही रहते हैं।

इस बार भी कई माह पहले ही चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की बुकिंग को लेकर कोटेशन मांगी गई थी।

चार्टर्ड महंगा, हेलीकॉप्टर सस्ता

अगर चार्टर्ड विमान की बात करें तो अधिकांश कंपनियों ने एक घंटे की फ्लाइट के लिए चार से पांच लाख रुपये का रेट तय किया है। अगर हेलीकॉप्टर की बुकिंग होती है तो उसके लिए डेढ़ लाख रुपये प्रतिघंटे के हिसाब से किराया देना पड़ता है। भारतीय निर्वाचन आयोग को दी गई जानकारी के अनुसार, 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एयर बुकिंग पर लगभग ढाई सौ करोड़ रुपये खर्च किए थे।

न्यूज गैलरी

कला केन्द्र में आज स्वीप रसरंग

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत गीत, संगीत से जुड़े स्वीप- रसरंग कार्यक्रम का आयोजन 22 मार्च, शुक्रवार को शाम 05 बजे कला केन्द्र में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गीत, संगीत, साज़ और आवाज़ से जुड़े कलाकार अपनी प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ शहर के स्वयं सेवी संगठनों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संघ, शैक्षणिक संस्थाएं भी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण के इच्छुक कलाकार मोबाइल नंबर 9179536565 पर संपर्क कर सकते है।

विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक: डॉ. चिन्मय पंडया

हरिद्वार/नवप्रदेश। देव संस्कृति विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक अध्यात्मवाद विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की हुई शुरुआत। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पंड्या, कुलसचिव बलदाऊ देवांगन तथा उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के डॉ सुनील जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यशाला में देश-विदेश से लगभग 200 से अधिक विषय विशेषज्ञ, शिक्षक, शोद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करने हेतु देसंविवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या वर्चुअल जुड़े। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जहाँ श्रेष्ठताओं को समाहित करना अध्यात्म है, तो वही तथ्यों के आधार पर अपनी बातों को रखना विज्ञान है। विज्ञान जीव रसायन शास्त्र संबंधी जैव भौतिक पर आधारित है और अध्यात्म सर्वोच्च चेतना पर आधारित है। श्रद्धेय कुलाधिपति ने गायत्री महामंत्र के भावार्थ को बताते हुए भी वैज्ञानिक अध्यात्मवाद पर विस्तृत प्रकाश डाला। इससे पूर्व डॉ. चिन्मय पंड्या ने मानवता का उत्थान विज्ञान एवं अध्यात्म के समन्वय से संभव है। वैज्ञानिक अध्यात्मवाद ही भविष्य का धर्म है। अध्यात्म का चिंतन ही मनुष्य का आधार है। वैज्ञानिक अध्यात्मवाद के प्रणेता युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक है। विज्ञान मनुष्य के लौकिक विकास में सहायक है, जबकि अध्यात्म मनुष्य के आंतरिक उन्नति के लिए जरूरी है।

अवैध शराब के साथ 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर गौरव सिंह के मार्गदर्शन व उपायुक्त श्री विकास गोस्वामी के निर्देश में जिले में आबकारी विभाग अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही कर रही है। 19 मार्च को गश्त के दौरान आबकारी टीम वृत्त तिल्दा, वृत्त खरोरा ने संयुक्त टीम कार्यवाही की। तीन अलग-अलग प्रकरण में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, जिन पर धारा 34(2)-3 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों से 45.540 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया है।

उद्योगपति सोमानी अपहरण कांड के सभी आरोपी बरी

हाईकोर्ट में सुनवाई, चार साल पहले हुआ था अपहरण कांड

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने उद्योगपति प्रवीण सोमानी अपहरण कांड के सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। 8 जनवरी 2020 को सिलतरा स्थित उनकी फैक्ट्री के पास से अपहरण किया था। बहुचर्चित उद्योगपति प्रवीण सोमानी अपहरण कांड के सभी आरोपियों को कोर्ट से राहत मिली है।

हाईकोर्ट ने सभी 6 आरोपी प्रदीप, शिशिर, मुन्ना, तूफान, डॉ. आफ्ताब आलम समेत अनिल चौधरी को बरी कर दिया गया है। यह फैसला बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफजस्टिस की डिविजनल बैंच ने सुनाया है।

राजधानी रायपुर के समीप धरसीवां के कारोबारी प्रवीण सोमानी सिलतरा स्थित अपनी फैक्ट्री से 8 जनवरी 2020 को घर जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया था। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस तलाशी में जुट गई थी।

पुलिस ने इस मामले में दो हफ्ते की कड़ी मशक्कत के बाद प्रवीण सोमानी को लखनऊ के पास सकुशल बरामद किया था। इस मामले में रायपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने बिहार, ओडिशा, उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आरोपियों को गिरफ्तार किया था। लेकिन पुलिस कोर्ट में इन आरोपियों पर अपराध सिद्ध नहीं कर पाई।

पुरस्कृत हुई थी 65 पुलिस अफसर जवानों की टीम

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित उद्योगपति प्रवीण सोमानी अपहरणकांड सुलझाने वाले पुलिसकर्मियों को गृह विभाग ने एक वेतनवृद्धि का पुरस्कार दिया था। इनमें राज्य पुलिस सेवा के 6, 5 इंस्पेक्टर सहित 65 पुलिसकर्मी शामिल थे। खैर, सोमाणी को सहीं सलामत टीम ने ले आई पर प्रकरण इतना मजबूत नहीं बना और साक्ष्यों के अलावा कमजोर तथ्यों का आखिरकार लाभ कथित आरोपियों को मिला।

सोने की चेन लूटकर बैंक में गिरवी रखवाकर लेते थे लोन, 3 गिरफ्तार

- पंडरी, देवेंद्र नगर समेत तमाम जगहों पर चेन स्नेचिंग की वारदात के तीन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिरों को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को गोबरा नवापारा इलाके से दबोचा गया। आरोपी गिरोह में एक कथित मीडिया कर्मी भी शामिल है। पुलिस का कहना है आरोपी चेन लूटने के बाद उसे फायनेंस कंपनी में गिरवी रखाकर रुपये वसूल करते थे। आखिरी वारदात में एक चेन को मुथुट गोल्ड लोन फायनेंस कंपनी में गिरवी रखा था। आरोपियों के बारे में पुखता जानकारी मिलने के बाद उन्हें पकड़ा जा सका।

गुरूवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया। एसएसपी संतोष कुमार सिंह के चेन स्नेचिंग की वारदातों को गंभीरता से लेकर विशेष यूनिट को जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद थाना पुलिस और सायबर यूनिट की टीम ने लूटपाट की वारदात में संदिग्धों की जांच पड़ताल शुरू की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम संदीप मित्तल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अनुराग झा, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह की अगुवाई में जांच टीमों ने तीन आरोपी सर्वेश दुबे ग्राम दुगमा दुबांग पोस्ट मुदरिया थाना मउगंज जिला रींवा, कैलाश यादव निवासी बस स्टेंड रेलवे क्रॉसिंग के पास गोबरा नवापारा और कृष्ण कुमार मेश्राम वार्ड नंबर 21 शीतलापारा थाना गोबरानवापारा को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी दोपहिया चुराने के बाद उसमे सवार होकर चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दे रहे थे। रायपुर शहर आकर आरोपी बाइक से चेन लूटने के बाद वापस गांव रवाना हो जाते थे। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जब सीसीटीवी फुटेज की बारिकी से जांच की तब आरोपियों के

10 लाख से ज्यादा की जप्ती

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 05 नग सोने की चैन एवं 02 नग सोने की अंगूठी कुल वजन लगभग 10 तोला 07 ग्राम कीमती 7,16,900/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की 03 नग दोपहिया वाहन पल्सर, एक्टिवा एवं एक्सेस कीमती 3,00,000/- रूपये जुमला कीमती लगभग 10,16,900/- रूपये जब्त किया गया है।

दोपहिया में फर्जी नंबर प्लेट

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों गोबरानवापारा में रहते थे तथा योजना बनाकर चैन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देते थे। रायपुर के अलग - अलग स्थानों से 03 नग दोपहिया वाहन चोरी किये थे। इसके बाद सर्वेश दुबे व कैलाश यादव चोरी की दोपहिया वाहनों में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गोबरानवापारा से रायपुर शहर आते थे एवं स्वयं की पहचान छिपाने के उद्देश्य से अपने चेहरे को कपड़े से छिपाकर चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देकर गोबरा नवापारा फरार हो जाते थे।

गिरोह का सरगना निकला पुराना लुटेरा

आरोपी सर्वेश दुबे पूर्व में भी रायपुर के थाना पंडरी, देवेन्द्र नगर, टिकरापारा और भोपाल (म.प्र.) के थाना हबीबगंज एवं गोविंदपुरा से लूट एवं चोरी के लगभग 06 प्रकरणों में जेल जा चुका है। उसके दोनों साथियों के नाम पुलिस के क्रिम्नल रिकार्ड में दर्ज हैं। कैलाश यादव पूर्व में थाना गोबरानवापारा से चोरी, मारपीट एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल जा चुका है जबकि कथित मीडिया कर्मी कृष्ण कुमार मेश्राम थाना गोबरानवापारा का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ बलवा, चोरी, आगजनी, तोडफ़ोड़ व मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना, आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज है।

रायपुर, राजनांदगांव में रियल इस्टेट कारोबारी के ठिकानों पर आईटी की रेड

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर और राजनांदगांव जिले में आईटी की टीम ने छापा मारा है। यह कार्रवाई जमीन और रियल एस्टेट कारोबारी के ठिकाने में की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर के रियल एस्टेट कारोबारी चंदू अग्रवाल उर्फ चंदू दाऊ के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम जांच कर रही है। राजनांदगांव में जमीन कारोबारी संजय शर्मा के ठिकानों पर जांच की जा रही है। रायपुर के कटोरा तालाब, अमलीडीह, देवेंद्र नगर में टीम दस्तावेजों को खंगाल रही है। कटोरा तालाब स्थित चंदू दाऊ के ऑफिस पर ढ्ड्ढ की टीम जांच कर रही। वहीं अमलीडीह, देवेंद्र नगर में और फाइनेंस कारोबारी प्रकाश लुनिया के ठिकानों पर भी आईटी की कार्रवाई जारी है।

राजनांदगांव में सुबह 10 बजे दबिश

राजनांदगांव सर्किट हाउस रोड स्थित संजय शर्मा के यहां सुबह करीब 10 बजे रेड पड़ी है। चार गाड़ियों में सवार होकर इनकम टैक्स के अधिकारी पहुंचे हैं। यहां साढ़े 5 घंटे से मकान में जांच पड़ताल चल रही है भू-माफिया संजय शर्मा का जमीन का बड़ा काम है और बहुत लंबे समय से ब्याज का बड़ा कारोबार है। शहर में कई जगह बड़े-बड़े कॉम्प्लेक्स और मकान किराए में दिए गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि बहुत बड़ी रकम की जब्ती हो सकती है।

15 से अधिकारी कार्रवाई करने पहुंचे

जानकारी के मुताबिक इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की सेंट्रल और भोपाल यूनिट की टीम अलग-अलग ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रही है।

इस कार्रवाई में 15 से अधिक ऑफिसर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

क्षमता के साथ मानसिक बल को भी बढ़ाता है बॉडी बिल्डिंग: ईडी एमएस चौहान

- पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग

प्रतियोगिता का गुरूवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक श्री एम एस चौहान ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग जैसे खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक बल को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करती है ऐसे में उनके अधिकारी ङ्क कर्मचारी हमेशा ऊर्जा से भरे रहे यह प्रबंधन का प्रयास रहता है।

क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक श्री के एस मनोठिया ने कहा कि पॉवर कंपनी में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का शामिल होना दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक बल से नहीं मनोबल से युवा होता है। उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रभारी श्री मनोज वर्मा ने आई हुई टीमों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव श्री विनय चंद्राकर ने बताया कि 21-22 मार्च को पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को मिलेंगे हर साल एक लाख रुपए

- भाजपा सरकार महिलाओं को देती है 1000 रु. कांग्रेस देगी 8333 रु. प्रति माह
- केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर मनरेगा, मजदूरों को मिलेगी 400 रुपए रोजी

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस देश के हर वंचित वर्ग के विकास की गारंटी देती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा महिलाओं को 1000 रू. देने की बात करती है। कांग्रेस हर महिला को 8333 रू. महिना देगी। कांग्रेस ने महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करने का वायदा किया है। जिससे हर महिला को 1 लाख रू. हर साल देने की गारंटी है। कांग्रेस का मानना है कि देश की उन्नति तभी संभव है जब आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाया जाये। इसलिये कांग्रेस ने मातृशक्ति को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने का बीडा उठाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के यूपीए सरकार ने रोजगार को कानूनी अधिकार देने के लिये मनरेगा कानून बनाया था, तथा हर मजदूर को न्यूनतम 150 दिवस कार्य मजदूरी मिलने का कानूनी अधिकार दिया है। अबकी बार कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 रू. करने की गारंटी देती है। इससे देश के मजदूरों की आर्थिक बदहाली दूर होगी तथा उनके जीवन स्तर में परिवर्तन आयेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आज देश का किसान अपने फसल की कीमत के लिये संघर्ष कर रहा। उसे अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिये आंदोलन करना पड़ रहा। मोदी सरकार ने किसानों का दमन किया। कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने संसद में कानून बनायेगी।

8 किलो गांजे के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के रास्ते से गांजा तस्करी को अंजाम देने वाले एक पेशेवर शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद उसके पास से आठ किलो आठ सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा की कीमत 88 हजार रुपये है। पुलिस ने बताया मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी शिकरण यादव निवासी बहादुर गंज उत्तर प्रदेश को पचपेढ़ी नाका के पास पकड़ा गया।

गुरूवार को आरोपी के संदिग्ध हालत में घूमने के बारे में मुखबीर ने सूचना दी थी। पचपेढ़ी नाका पहुंचकर आरोपी बो दबोचा गया। आरोपी के पकड़े जाने के बाद उसके पास रखे पार्सल की तलाशी ली जिसमें आठ किलो से ज्यादा गांजा बरामद हुआ। आरोपी ने बताया वह रायपुर से होकर यूपी जाने की फिराक में था। आरोपी के पास से जब्त गांजा के स्टॉक को लेकर पूछताछ कर रही है।

कठिन सर्जरी और 35 दिनों की चिकित्सकीय निगरानी के बाद इंजीनियरिंग छात्र डिस्चार्ज

- प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान के छात्र को एम्स में आत्महत्या के प्रयास के बाद एडमिट किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में खुद निर्मित घातक हथियार से आत्महत्या के प्रयास के बाद एडमिट किए गए रायपुर के प्रमुख इंजीनियरिंग कालेज के 19 वर्षीय छात्र को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। कठिन सर्जरी प्रक्रिया और 35 दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रहने के बाद छात्र को खतरे से बाहर होने पर डिस्चार्ज किया गया। अभी छात्र को खाना वाह्य ट्यूब के माध्यम से दिया जा रहा है। दूसरे प्रयास में चिकित्सक इसे हटाकर मुख से खाना देने का प्रयास करेंगे। 19 वर्षीय इस छात्र को एम्स रायपुर में 30 जनवरी 2024 को खुद के निर्मित एक घातक हथियार से आत्महत्या के प्रयास के बाद उपचार के लिए एडमिट किया गया था। छात्र ने मोटारनुमा हथियार तैयार कर खुद के पेट में गोली की तरह के छर्रे मारने का प्रयास किया था। इमरजेंसी में भर्ती होने तक छात्र होश में था परंतु चिकित्सकों के नियमित प्रयासों के बाद भी ह्दय गति निरंतर बढ़ रही थी। इमरजेंसी के डॉ.

शिवराज ने सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राधाकृष्ण रामचंदानी के साथ डॉ. कृष्णा जांगिड, डॉ. टोखो और डॉ. एशरिया को इमरजेंसी में बुलाकर तुरंत ऑपरेशन करने का अनुरोध किया।

सर्जरी टीम ने पाया कि छात्र द्वारा निर्मित हथियार की वजह से उसके पेट में दो गुणा दो सेमी और एक गुणा एक सेमी के दो छिद्र बन गए हैं। हथियार में प्रयुक्त धातु के छर्रे पेट के अंदर आंतों को भेदते हुए रीढ़ की हड्डी के पास जाकर फंस गए थे। रोगी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी की टीम ने तुरंत एक्सप्लोरेटरी लेप्रोटॉमी सर्जरी का निर्णय लिया।

विश्व जल दिवस | आस्था पर्यावरण, नदियों, पहाड़ों, जंगलों और पानी के अन्य स्रोतों की देखभाल करने के लिए प्रेरित करती है

हमारी नदियों के पुनर्जीवन की कहानी

रायपुर/नवप्रदेश। इस वर्ष विश्व जल दिवस का विषय 'शांति के लिए जल' है। जल का जीवन से गहरा संबंध है। जल के लिए संस्कृत शब्द आपः है, जिसका अर्थ प्रेम या प्रियजन भी है। सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताएँ नदियों के तटों पर पनपी हैं; भारत में गंगा और यमुना, मिस्र में नील नदी व दक्षिण अमेरिका में अमेज़न नदी। नदियों के साथ भारत का सांस्कृतिक संबंध बहुत गहरा है। भगवान राम ने अपना जीवन सरयू नदी के किनारे बिताया था। गंगा को भगवान शिव की जटाओं से निकलते हुई दर्शाया

गया है और योगी सहस्राब्दियों से इसके तटों पर ध्यान करते रहे हैं। गंगा ज्ञान का प्रतीक है और यमुना भक्ति का प्रतीक है। भगवान कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम और भक्ति, यमुना के तट पर विकसित हुई। हमें अपनी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है। इसमें आस्था मुख्य भूमिका निभा सकती है। आस्था लोगों को समुचित ढंग से कार्य करने और पर्यावरण, नदियों, पहाड़ों, जंगलों और पानी के अन्य स्रोतों की देखभाल करने के लिए प्रेरित कर सकती है। हमारे पास सर्वोत्तम नीतियां हो सकती हैं लेकिन उन नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए लोगों को अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है और यहां आस्था पर आधारित संगठन एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

भारत में जल की प्रचुरता : जमीनी स्तर पर कार्य

विश्व में शांति और स्थिरता के लिए पानी की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है। हमने भारत में इसी दिशा में काम किया है। जमीनी स्तर पर लोगों को साथ लेकर, हमने 70 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया, जो केवल राजस्व रिकॉर्ड पर मौजूद थीं। यहाँ सूखी नदियों के तलों का दोहन और अतिक्रमण किया जा रहा था; बाढ़ या महीनों तक सूखे के कारण या तो अतिरिक्त पानी बर्बाद हो गया, फसलें नहीं उगीं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। हर दिन आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़ती गई। बाहरी परिवर्तन लाने से बहुत पहले, परिवर्तन स्वयं के भीतर लाना होगा। जब आपका ह्रदय संवेदनशील हो जाता है, तो आप सेवा किये बिना नहीं रह सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारे स्वयंसेवकों का समूह इसी तरह बढ़ा है। अपने भीतर अनुभव की गई संतुष्टि से प्रेरित होकर, उन्होंने दूसरों की सेवा करने और दूसरों को भी वही खुशी देने का निर्णय किया। हमारे स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर गांवों में गए। उन्होंने लोगों को प्रेरित किया और भीतरी खुशी पाने और सबल बनने के लिए ध्यान, श्वास, योग और अन्य अभ्यास सिखाए।

स्कूल के समर कैंप में रोचक प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल काठाडीह में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन धूमधाम से किया गया।

जिसमे विभिन्न आयु वर्ग के बच्चो ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। समर कैंप में स्कूल समेत आसपास के करीब 900 बच्चों ने भाग लिया। समर कैम्प में बच्चों को जुंबा, डाँस, म्यूजिक, योगा, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, रोबोटिक्स,पर्सनैलिटी डेवलपमेंट,अबेकस, वैदिक मैथ्स, मेंटल मैथ्स, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी मेकिंग, सिखाया गया । समर कैम्प के समापन के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती दीपाली त्रिपाठी जी ने बच्चो को सर्टिफिक्रेट प्रदान किया तथा उनके द्वारा सीखी गयी कला को जीवन भर संवारने की सलाह दी।

सुविचार

दुनिया में सबसे सस्ती चीज है मशवरा। एक से मांगों तो हजार देने को तैयार हो जाते हैं। महंगी चीज है मदद। हजार से मांगों तो कोई एक करता है। - अज्ञात

संपादकीय

एनडीए सरकार पर कांग्रेस का निशाना

संक्रमण काल से गुजर रही कांग्रेस पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव में संसाधनों का टोटा हो गया है। कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि उसके बैंक अकाउंट फ्रीज हो जाने से वह चुनाव का खर्च नहीं उठा पा रही है। इसके लिए कांग्रेस के नेताओं ने एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में एनडीए सरकार पर आरोप लगाया है कि वो नहीं चाहती कि कांग्रेस चुनाव लड़ पाए। इसीलिए चुनाव की घोषणा होने के एक माह पहले ही आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया। मात्र 14 लाख रुपए के हिसाब का यह पुराना मामला है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी पर दो सौ करोड़ रुपए का जुर्माना लगा दिया है। यह सरकार की ज्यादती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो यहां तक कह दिया की कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने के गंभीर मामले पर चुनाव आयोग सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं ने चुप्पी साध ली है। आज कांग्रेस की स्थिति यह हो गई है कि वह 2 रुपए खर्च नहीं कर पा रही है। कांग्रेसी नेता एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए रेलवे का टिकट भी नहीं खरीद पा रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत में लोकतंत्र नहीं है। वहीं सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को पंगु बनाने की कोशिश की जा रही है। इसकी वजह से निष्पक्ष चुनाव पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी बांड का मुद्दा उठाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बैंक ने चुनाव आयोग को जो जानकारी दी है उसके मुताबिक सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। जबकि कांग्रेस को नाममात्र चंदा मिला है। खड़गे का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों को समान संसाधन उपलब्ध होने चाहिए। किन्तु केन्द्र सरकार कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करके हमारी पार्टी को परेशान कर रही है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने भी इसी तरह के आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर कांग्रेस के बैंक खातों पर निशाना साध रही है। जिसकी वजह से हम चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे है। कांग्रेस नेताओं की यह पीड़ा स्वाभाविक है। यह सभी जानते हैं कि चुनाव चाहे कोई भी हो उसमें खर्च तो करना ही पड़ता है। लोकसभा चुनाव सबसे बड़ा चुनाव होता है। इसके लिए तो राजनीतिक पार्टियों को करोड़ो रुपए प्रचार पर ही खर्च करने होते हैं। प्रत्याशियों को भी पैसे देने पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के सामने वाकई विकट स्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि उनके बैंक खातों पर लगाया गया प्रतिबंध तत्काल हटाया जाए। ताकि कांग्रेस पार्टी चुनावी खर्च वहन कर पाए। रही बात चुनावी बांड को लेकर कांग्रेस नेताओं के आरोप की तो यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में आ चुका है। और इस पर कार्यवाही हो रही अब तक जो जानकारी चुनाव आयोग को भारतीय स्टेट बैंक ने उपलब्ध कराई है। उसके मुताबिक चुनावी बांड के जरिए चंदा जुटाने वाली पार्टियों में लगभग सभी पार्टियां शामिल हैं। रही बात भाजपा को अधिक चंदा मिलने की तो यह रीति है कि चढ़ते सूरज को सभी सलाम करते हैं। इस समय भाजपा केन्द्र में सत्तारूढ़ है । इसलिए स्वाभाविक है कि उसे ज्यादा चंदा मिलना ही है। जब कांग्रेस सत्ता में रहती थी तो उसे भी ज्यादा चंदा मिलता था। यह तो दान दाताओं की इच्छा पर निर्भर है कि वे किस पार्टी को कितना चंदा देते हैं। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की यह मांग की सभी दलों को समान संसाधन मिले यह मुमकिन ही नहीं है।

यात्री ट्रेनें रद्द होने से मुसाफिरों की परेशानी बढ़ी

छत्तीसगढ़ में कोरोना काल के समय से यात्री ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला अभी भी बरकरार है। अब रेल पटरियों के मरम्मतीकरण के नाम पर कई महत्वपूर्ण पैसेंजर और लोकल ट्रेनों को अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया है। जिसकी वजह से मुसाफिरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जो गिनी चुनी यात्री ट्रेनें चल भी रही हैं। उनकी लेट लतीफी से भी मुसाफ़िर हलकान हैं। इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई तो हाई कोर्ट ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह रेल मंत्रालय से जानकारी लेकर स्थिति स्पष्ट करें कि जब इसी रूट पर जब ढ़ेरों माल गाड़ियां चलाई जा रही हैं तो यात्री ट्रेनें क्यों नहीं चलाई जा सकती। हाई कोर्ट के इस निर्णय के बाद अब देखना होगा कि रेलवे बोर्ड यात्री ट्रेनों के रद्द किए जाने पर क्या जवाब देता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में लाखों यात्री प्रतिदिन अपने काम काज के लिए ट्रेनों पर ही निर्भर हैं। जो पिछले तीन सालों से अधिकांश यात्री ट्रेनों के रद्द होने के कारण सड़क मार्ग से आना जाना करने पर बाध्य हो रहे हैं। इसमें पैसा भी ज्यादा लगता है और समय भी बहुत लगता है। कोरोना काल तो खत्म हो गया है। अब रेल पटरियों की मरम्मत और आधुनिकीकरण के नाम पर यात्री ट्रेनों को कैंसल किया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले मुसाफिरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब रेलवे बोर्ड मुसाफिरों की दिक्कतों को दूर करने रद्द ट्रेनों को जल्द से जल्द शुरू करने कारगर कदम उठाएगा।

पानी के बिना संभव नहीं जीवन की कल्पना

योगेश कुमार गोयल

बहरहाल, जल संकट से निजात पाने के लिए बेहद जरूरी है कि पानी के सीमित एवं समुचित उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए लोगों में पानी बचाने की आदतें विकसित करने के प्रयास किए जाएं, साथ ही वर्षा जल का संचय किए जाने के भी हरसंभव प्रयास हों। वर्षा जल संचय के लिए नदियों और जलाशयों की हालत सुधारकर इनकी जल संग्रह क्षमता को बढ़ाना और भूजल के स्तर को बढ़ाने वाली जगहों को ठीक करना बेहद जरूरी है। भारत में पेयजल संकट के समाधान के लिए 'जल शक्ति मंत्रालय' का गठन किया गया था, जिसके तहत सभी घरों में नलों से पानी उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन सवाल यही है कि अगर भूजल इसी तरह गिरता रहा और पानी की कमी का संकट ऐसे ही गहराता रहा तो इन नलों में पानी कहां से आएगा और कैसे घर-घर तक पहुंचेगा? इसलिए बेहद जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व का अहसास कराया जाए और बताया जाए कि पानी के बिना जीवन की कल्पना ही संभव नहीं है।

प्रतिवर्ष 22 मार्च को दुनियाभर में लोगों में जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरू जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' की शुरूआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।'

एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरूकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है।

दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्त्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं।

देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है।

भारत में पानी की कमी का संकट लगातार किस कदर गहरा रहा है, इसका अनुमान सरकार द्वारा संसद में दी गई उस जानकारी से भी लगाया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2001 और 2011 में भारत में जल उपलब्धता प्रति व्यक्ति क्रमशः 1816 और 1545 घन मीटर थी, जो अब 1480 घन मीटर से भी कम रह जाने का अनुमान है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन किए जाने का ही नतीजा है कि कई शहरों में भूजल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। नीति आयोग यह चेतावनी दे चुका है कि देश के 21 बड़े शहरों में भूजल का स्तर आने वाले समय में शून्य तक पहुंच सकता है।

जल संकट गहराने के पीछे नदियों तथा जलाशयों के सही रखरखाव का अभाव और उनका अतिक्रमण भी कुछ अहम कारणों में शामिल हैं। देश की अधिकांश आबादी दूषित पेयजल का सेवन करने पर विवश है। भूजल बोर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 1990 के बाद से भूजल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है और यदि भूजल स्तर इसी रफ्तार से घटता गया तो बहुत अधिक गहराई से जो पानी निकाला जाएगा, वह पीने लायक नहीं होगा क्योंकि उसमें आर्सेनिक तथा फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण बीमारियां बढ़ेंगी। देशभर में कृषि, उद्योग तथा दैनिक क्रियाकलापों की करीबन अस्सी फीसदी जरूरतें जमीन पर तथा उसके भीतर उपलब्ध पानी से ही पूरी की जाती हैं।

बहरहाल, जल संकट से निजात पाने के लिए बेहद जरूरी है कि पानी के सीमित एवं समुचित उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए लोगों में पानी बचाने की आदतें विकसित करने के प्रयास किए जाएं, साथ ही वर्षा जल का संचय किए जाने के भी हरसंभव प्रयास हों। वर्षा जल संचय के लिए नदियों और जलाशयों की हालत सुधारकर इनकी जल संग्रह क्षमता को बढ़ाना और भूजल के स्तर को बढ़ाने वाली जगहों को ठीक करना बेहद जरूरी है। भारत में पेयजल संकट के समाधान के लिए 'जल शक्ति मंत्रालय' का गठन किया गया था, जिसके तहत सभी घरों में नलों से पानी उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन सवाल यही है कि अगर भूजल इसी तरह गिरता रहा और पानी की कमी का संकट ऐसे ही गहराता रहा तो इन नलों में पानी कहां से आएगा और कैसे घर-घर तक पहुंचेगा? इसलिए बेहद जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व का अहसास कराया जाए और बताया जाए कि पानी के बिना जीवन की कल्पना ही संभव नहीं है।

आज का इतिहास

1882 में आज ही के दिन घातक संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई थी। 1888 में 22 मार्च के दिन ही इंग्लिश फुटबॉल लीग की स्थापना हुई थी। 1890 में आज ही के दिन रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने थे। 1917 में 22 मार्च के दिन रूस की नई सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना था। 1923 में आज ही के दिन पहली बार आइस हाकी मैच का रेडियो से प्रसारण हुआ था। 1942 में 22 मार्च के दिन ही सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया था। 1946 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने जॉर्डन को आजाद करने के लिए संधि पर साइन किए थे। 1957 से 22 मार्च के दिन से ही शक पर आधारित राष्ट्रीय कैलेण्डर को स्वीकारा गया था। 1958 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया था। 1964 में 22 मार्च के दिन ही पुरानी कारों की पहली रैली 'विंटेज कार रैली' आयोजित हुई थी। 1969 में आज ही के दिन इंडियन पेट्रोकैमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन हुआ था। 1977 में 22 मार्च के दिन ही इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। 1978 में आज ही के दिन फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया था। 1979 में 22 मार्च के दिन ही इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चिरैया छतों पर अब आती

चिरैया छतों परअब आती नहीं हो हमारे यहां चहचहाती नहीं हो फुदकती नहीं हो चहकती नहीं रे मधुर गीत अब तुम सुनाती नहीं हो कहां हो चिरैया गिलहरी पुकारे उछलना खुशी से दिखाती नहीं हो पड़ा बाजरा छत पे दलिया डला है सखी फिर कदम क्यूं बढ़ाती नहीं हो बनेंगे दयालु बुलाएंगे तुमको कहीं घोसला अब बनाती नहीं हो

-ज्योत्सना सक्सेना

जब हम बड़े हो जाते हैं

जब हम बड़े हो जाते हैं, तब हमारे हाथों से पेंसिल छिनकर उसके जगह कलम पकड़ा दिए जाते हैं तब इंसान को समझ जाना चाहिए कि,अब उसके गलतियां मिटा पाना आसान नही है।

- परेश स्वर्णकार

ख़ास पाती | राख तन होना चिर नींद में..

राख तन होना चिर नींद में.. श्मशान तक ही साथ रिश्तों में फिर किस तरफ- क्या- कौन- क्यों पाले गुमाँ ... हैं कौन जो अहम इतना मालिक नहीं खुद देह तक के जाती अकड़ फिर भी नहीं आती समझ फिर भी नहीं अंजाम एक ही है हर देह का विधान एक ही है संसार का जो आया वो ही गया, भागा न कोई मृत्यु से जीता न कोई जन्म से है कर्म ही खुद का हुनर कर कर्म अच्छे रख सबर बोली बदल, कुछ ढंग बदल क्या हो कभी कुछ क्या खबर जो वक़्त है कर कुछ अभी कुछ शांति दे खुद को कभी

- मधुलिका शुक्ला

जो ख़त लिखेंगे तेरी याद में तो पन्ने

जो ख़त लिखेंगे तेरी याद में तो पन्ने भीग जाएंगे, कहाँ से लाऊँ वो पत्थर दिल; जो तूने भेजे थे अपने शादी के कार्ड में, हूँ!! गुमसुम पर गुमशुदा नहीं है याद मुझको तेरा यूँ मेरे दिल से खेल जाने का!! हर एक रात बैठता हूँ शतरंज की चाल पर, पर मात खाता हूँ तेरी हर चाल पर!!

- मधुबाला मौर्या

देवता या अवतार क्यों आएं?

देवता या अवतार क्यों आएं? क्या जब आप मुसिबत में पड़ते हो अपने पुरखों को याद कर कहते हो वे आएंगे हमें मुसिबत से बचाएंगे? अवतारों ने क्या किसी की प्रतीक्षा की कि कोई आएगा वह सत्य की स्थापना करेगा? देवताओं और अवतारों ने अपनी लीला व कर्म कर हमें मार्ग दिखाया है उसी मार्ग का अनुसरण करो।

- नवीन शंकर शर्मा

दर्द हवाओं का मैं सुनाता रहूं।

दर्द हवाओं का मैं सुनाता रहूं। सांझ को दीप नन्हे जलाता रहूं। थोड़ा आसान हो, राही का सफर गीत के फूल पथ में बिछाता रहूं। जो कड़ी धूप से, राह में थक गए वो दिल हार कर छांव में रुक गए हारे हारे से उन, दिलों को ज़रा हां। मंजिल का सपना दिखाता रहूं गीत के फूल.. जिन्दगी तो कभी है घनी रात सी चांदनी की शबनम की बरसात भी दर्देगम के घनेरे कि पतझर जिधर नव बसंती बहारें, बुलाता रहूं गीत के फूल.... पांव को हर कदम जख्म मिलते रहे आंसुओं से लिखते, जो नगमे नए दीवानों से मिलने को मंजिल खड़ी फलसफा गीत से, ये बताता रहूं गीत के फूल... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

वह सांवला सा साया मेरा पीछा करता

वह सांवला सा साया मेरा पीछा करता है जैसे मेघों के जमघट करते हैं यात्राएं, नयनों की इस तरह कई बार वह साया मुझे चपेट में लेता है फिर उगता है सूरज चित्रकार की कूची से और बिखेर देता है प्रकाश वह सांवला सा साया कई पुरानी स्मृतियों को दोहराता है अंधकार को पाकर घबराता है फिर ओढ़ लेता है सांझ की केसरी ओढ़नी से मंद मंद मुस्काता है वह सांवला सा साया... -

अनुभूति 'अनु'

जी हजूरी से मेरा तो दूर तक नाता नहीं

जी हजूरी से मेरा तो दूर तक नाता नहीं इसलिए यारों किसी को मैं कभी भाता नहीं सचको सच ओ झूठ को ही झूठ मैने है कहा दुम पकड़ के मैं चलूं तो ये मुझे आता नहीं

- संजय कुमार गिरि

प्रेरक प्रसंग

प्रसन्नता का रहस्य

स्वतंत्रता मिलने के बाद देश में सांप्रदायिक दंगों की हवा चल पड़ी थी। एक दिन शाम को किसी कार्यकर्ता ने आकर गाँधी जी को कोई दर्दनाक बात बताई। अब तो उन्हें बहुत दुःख हुआ। वे बोले- इस तरह इन घटनाओं का अंत होने वाला नहीं है। अब मुझे उपवास रखना ही पड़ेगा और दूसरे ही दिन से गाँधी जी ने उपवास-व्रत ले लिया। अगले दिन शाम को कुछ कार्यकर्ता गाँधी जी से भेंट करने गए, तो उन्होंने गाँधी जी को बहुत ही प्रसन्न पाया। वे सोच रहे थे कि जब व्रत शुरू किया है, तब तो इन्हें कुछ उदास होना चाहिए था। आखिर वह पूछ ही बैठे, गाँधी जी! आज आप इतने प्रसन्न क्यों नजर आ रहे हैं? गाँधी जी ने प्रसन्नतापूर्वक उत्तर दिया- कल तक मैं अन्याय की बात सुनता था और चुप हो जाता था। पर आज से अन्याय का विरोध करने की शक्ति भी मुझ में आ गई है और अब मैंने अन्याय का सामना करने का संकल्प भी कर लिया है। मेरे लिए इससे अधिक प्रसन्नता की बात और क्या हो सकती है ?

QUIZ TIME

1) जायद की फसल कौन-कौन सी है?

2) अस्पताल के किस विभाग में कैथ लैब होगी?

3) पारिस्थितिक तंत्र में तत्वों के चक्रण को क्या कहते है?

4) भारत में किसे प्रति व्यक्ति आय की गणना हेतु प्रयुक्त किया जाता है?

5) उग्रम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तरबूजा, ककड़ी और खीरा (2) कार्डियोलॉजी विभाग में (3) जैव भू-रासायनिक चक्र (4) निवल राष्ट्रीय आय (5) एक स्वदेशी राइफल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:33, सूर्यास्त : 06:35, चन्द्रोदयः : 15:04, चन्द्रास्तः :28:55,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : मघा, योग : धृति, प्रथम करण : बव (15:31 तक), द्वितीय करण : बालव (28:44 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : सिंह (25:26 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:00 से 12:48, अमृत काल : 23:40 से 25:27, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त : 18:28 से 18:51, सायाह्न सन्ध्या : 18:29 से 19:40, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:47, राहुकाल : 12:00 से 13:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:19 से 07:50, होमाहुति : शनि, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पाताल (28:45 से पृथ्वी), चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 25:27 से), शिववास : कैलाश पर (28:44 से नन्दी पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपसी व्यवहारों को लेकर अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। । पारिवारिक बहस के कारण मानसिक संताप भी दिन भर बना रहेगा।

वृषः आज का दिन उदासीनता युक्त रहेगा। स्वभाव में भावुकता अधिक रहेगी जिसके कारण किसी की छोटी बातो को दिन से लगा लेंगे।

मिथुनः बीते दिन की तुलना में आज का दिन शान्तिप्रद रहेगा। आज आप अपनी बुद्धि एवं तार्किक बल का सही जगह प्रयोग करेंगे।

कर्कः आज के दिन चंचलता आपके व्यक्तित्त्व पर हावी रहेगी लेकिन इसका परिणाम शुभ ही मिलेगा।

सिंहः आज का दिन विषम फलदायी रहेगा अधिकांश कार्य संभावनाओं के विपरीत होने से दुविधा में रहेंगे।

कन्याः आज दिन भर स्वभाव में लापरवाही रहेगी परन्तु फिर भी लाभ के प्रसंग मिलते रहेंगे। जिस कार्य से दूर रहने का प्रयास करेंगे उसी से फायदा होगा।

तुलाः आज का दिन पिछले दिन की तुलना में बेहतर रहेगा परिश्रम तो आज भी अधिक ही रहेगा लेकिन इसका फल तुरंत मिलने से धर्य बना रहेगा।

वृश्चिकः आज आपके स्वभाव में आडम्बर अधिक रहेगा। सार्वजिक क्षेत्र एवं धार्मिक कार्य भी दिखावे के लिए करेंगे।

धनुः आज के दिन भी आप स्वयं अथवा किसी परिजन की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे इसके कारण अतिरिक्त खर्च के साथ भागदौड़ भी करनी पड़ेगी।

मकरः आज भी दिनभर परिस्थितियां आपके अनुकूल बनी रहेंगी। आज कुछ भ्रामक खबरे सुनने को मिलेंगी इनपर ध्यान ना दें अन्यथा समय नष्ट होगा।

कुंभः आज का दिन शुभ फलदायी है सेहत आज थोड़ी प्रतिकूल रहेगी लेकिन अन्य सभी कार्य पहले से अधिक बेहतर होंगे।

मीनः आज मध्यान तक का समय व्यर्थ की गतिविधियों में खराब करेंगे इसके बाद का समय भी कुछ खास

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -005

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

1	2		3	■	4	5	■	■
6		■	7				8	■
9		10		■		■	11	
12			■	13		14		■
■	15				■		■	16
17	■		■	18			■	
19		■	■	■	■	20	21	
	■	22		23		■	24	
25			■	26				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 004 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

खिलाड़ियों ने जीते पदक

कुम्हारी। राज्य बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम। खिलाड़ी देव कुमार ने 60 किलो वर्ग कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। 65 किलो वर्ग कैटेगरी में एन.साई कार्तिक ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा। साथ ही रनर ऑफ छत्तीसगढ़ भी रहे वही मेन फिजिक में मधुर वैष्णव ने कस्य पदक जीताद्य कुम्हारी में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कुम्हारी के टिंबर मर्चेंट और पावरलिफ्टर विकास शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को 2100 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है साथ ही युवा उद्यमी त्रिलोक साहू ने विजेता खिलाड़ियों को 1100 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस बात की जानकारी पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ और जय हनुमान व्यायाम शाला के मेंटोर प्रदीप झा ने दी।

सुपेला में नशेड़ियों का आतंक

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में बदमाशों के आतंक से लोग परेशान हैं। बुधवार रात कुछ नशेड़ी युवकों ने डेली नीड्स की दुकान चलाने वाली महिला को बुरी तरह मारा। इससे महिला का सिर फट गया और उसे 6 टांके लगे हैं। सुपेला थाना पुलिस महिला को लहूलुहान हालत में अस्पताल ले गई, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल महिला का नाम अमीना बेग है। उसने बताया कि वो गवर्नमेंट स्कूल सिगरीपारा सुपेला के पास डेली नीड्स की दुकान चलाती है। वहीं पर मोहल्ले के लड़के रजत कुमार और राजन अपने दोस्तों के साथ बैठकर गांजा और दारू पीते हैं। वे लोग नशे की हालत में आए दिन झगड़ा करते हैं। महिला अपने भाई और भाभी के साथ सुपेला थाने लहूलुहान हालत में शिकायत करने पहुंची। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने महिला को तुरंत इलाज के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा।

घुघसीडीह में चिकित्सा शिविर

भिलाई। ग्राम घुघसीडीह में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। घुघसीडीह में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 53 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 24 पुरुष, 15 महिला तथा 14 बच्चे शामिल थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ निशि मिंज एवं भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय के स्टाफ उपस्थित थे। संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है।

इलेक्टोरल बांड चुनाव में कालेधन को रोकने का माध्यम : डिप्टी सीएम साव

■ **साय सरकार के 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण होने पर गिनाई उपलब्धियां**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने गुरुवार को 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राज्य सरकार के 100 दिनों के कामकाज का लेखाजोखा पेश किया गया। इसे उपलब्धियों से भरा बताते हुए श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यों से छत्तीसगढ़ वासियों में नई उम्मीदें और विश्वास जगा है। मोदी की सभी बड़ी गारंटी पूरी कर दी गई है। अल्प समय के कार्यकाल में देश के किसी भी राज्य सरकार ने ऐसी उपलब्धि हासिल नहीं की है। जिससे छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी और 14 दिसंबर से ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शुरु कर दिया था। 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास देने पहली केबिनेट में ही मुहर लगाई गई।

जिसके लिए कुल 12,168 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत भी उपलब्ध कराई जाएगी। दो वर्षों के धान खरीदी की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के बैंक खातों में डाले गए। महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 655 करोड़ रूपए सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की गई है। हर वर्ष उन्हें 12 हजार रुपए दिए जाएँगे। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19.257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी गई है। तेन्दूपता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4 हजार प्रति मानक से बढ़ाकर 55 सौ प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोण्डागांव जिले से कर दी गई है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए चरण पादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी। श्री साव ने बताया कि शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जाँच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित कर दिए गए है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना लागू कर लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन करवाया जा रहा है। शासकीय नौकरियों में स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की अवधि को 5 साल के लिए बढ़ाया गया है। लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि एक नवम्बर 24 को प्रदान करने का फैसला लिया गया है।

सड़क पर शव रखकर किया दो घंटे तक प्रदर्शन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सदभावना चौक में बीती देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रात में पुलिस ने शव को मरचुरी में रखवा दिया था। गुरुवार को जब पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले किया गया तो वो लोग उसे लेकर रानी अवंती बाई चौक कोहका पहुंच गए और वहां चक्का जाम कर दिया। बाद में 2 घंटे बाद अधिकारियों की समझाईश पर जाम खोला गया। लाल बहादुर शास्त्री में शव का पीएम होने के बाद उसे परिजनों के हवाले किया गया। परिजनों ने शव को एंबुलेंस में रखा और सीधे कोहका रानी अवंती बाई चौक पहुंच गए। यहां उन्होंने डेढ़ बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक चक्का जाम किया। लगभग 2 घंटे तक चक्का जाम के दौरान परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चक्का जाम के दौरान सड़क पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष

और मृतक की पत्नी और पांचों बच्चे भी बैठे रहे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस, सीएसपी भिलाई नगर और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाईश दी और तात्कालिक रूप से 35 हजार रुपए मुआवजा देने की बात कही।

परिजनों ने अधिकारियों की बात नहीं माना। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी चाहिए। अधिकारी उन्हें उनकी मांग पूरी ना कर पाने की बात कहते रहे। बाद में उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि आचार संहिता खत्म होते ही वो परिवार के सबसे योग्य व्यक्ति को डेली वेजेस में नौकरी पर रखवा देंगे। इसके बाद तहसीलदार ने परिजनों को 25 हजार का चेक दिया और उन्होंने चक्का जाम खोलकर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। चक्का जाम के दौरान रानी अवंती बाई चौक में चारों रास्तों में वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। हालाकि बाद में पुलिस प्रशासन ने छोटे चार पहिया और दोपहिया वाहनो को दूसरे रास्ते से निकाल दिया। बड़े वाहन जाम खुलने के बाद निकल पाए।

कैंप वन निवासी मणिराम साहू पिता धन सिंह (46 साल) और रूपराम साहू पिता ठाकुर राम (48 साल) कैटरिंग का काम करते थे। मणिराम और रूपराम बुधवार रात 10.30 बजे के करीब कुछ सामान छोड़ने स्कूटी सीजी 07 एलएम 0844 से गदाचौक से कोहका की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी तरफ से एक पिकअप सीजी 07 सीजे 9359 तेज रफ्तार में आ रहा था। उन्हें सामने से टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी चला रहे मणिराम के सिर में गहरी चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं रूपराम साहू को बीएम साह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इससे पहले पिकअप चालक ने एक और बाइक सावार को टक्कर मारकर घायल कर दिया था।

होटलों में खाद्य विभाग की दबिश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. जे.पी. मेश्राम के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले के विभिन्न मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं की दुकानों में निरीक्षण कर मिठाईयों की गुणवत्ता जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार मेसर्स अग्रवाल मिष्ठान भण्डार दुर्ग से खाद्य पदार्थों मावा और बारीक बूंदी लड्डू एवं मेसर्स शिवा किराना कुम्हारी से बेसन एवं मैदा, मेसर्स बैकोलॉजी बेकर्स एवं स्वीट्स कोहका भिलाई से बेसन लड्डू, तृप्ति मिष्ठान, हटरी बाजार दुर्ग से मथुरा पेडा व केसर टिक्की एवं मेसर्स तोतामल जेठामल किराना भिलाई-03 से हरेली राईस ब्रान तेल का नमूना संग्रहण कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जिले में संचालित होलसेल किराना इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार में संचालित मेसर्स अशोक ट्रेडिंग कंपनी, किशन लाल एण्ड संस, बाकलीवाल एंटरप्राईजेस, जनता किराना स्टोर्स, शमशुद्दीन जैम मोहम्मद, जे.के. प्रोव्हीजन स्टोर्स सदाणी प्रोव्हीजन स्टोर्स, पंकज ट्रेडर्स, नेमीचंद पंकज कुमार जैन, लालचंद किराना स्टोर्स, पापुलर किराना, ओम किराना एवं जनरल स्ट्रोर्स, पारख सुपर बाजार रिसाली, शिव किराना एवं किर्तन किराना कुम्हारी में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाए गए गाय छाप अखाद्य रंग का मौके पर ही नष्टीकरण कराया गया एवं जलेबी रंग बोल कर अखाद्य रंग को भविष्य में न बेचे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाल दिलाई शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत वाहन रैली निकालकर 7 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो को मतदान अवश्य करने हेतु शपथ दिलाया गया। क्षेत्र के संतोषीपारा बैकुण्ठधाम मैदान में सैकड़ो वाहन को स्वीप अक्षर के आकार में खड़ा कर जिला प्रशासन में स्वीप के नोडल अधिकारी, जिपं सीईओ, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर योगिता

देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली नंदिनी रोड, छावनी, खुर्सीपार, पावर हाउस, सम्पूर्ण सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण कर सेक्टर 7 स्कूल मैदान पहुँचा जहॉ वाहनो को 7 मई लिखे आकार में खड़े कर वहॉ मौजूद निगम, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी, महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के युवाओ को निष्पक्ष निर्भित होकर बिना भेदभाव के मतदान करने का शपथ दिलाया। इसके बाद वाहन रैली को नेहरू नगर मॉल रोड, सुपेला रामनगर, 18 नम्बर सड़क केम्प क्षेत्र के लिए झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 30 कि.मी. परिधि में फेरा लगाकर मतदाता जागरूकता के लिए 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए बेनर पोस्टर से सजे वाहन रैली का समापन जी.ई.रोड साक्षरता चौक में किया गया। रैली में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तम, अमीत घोष, संजय बागड़े, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, सुनील चौधरी, दिप्ती साहू, हिमांशु देशमुख, अजय गौर, विनीता वर्मा, स्वेता वर्मा आदि मौजूद थे।

कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र का धुआंधार प्रचार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। रिसाली निगम के निर्वाचित पार्षद, पूर्व पार्षद सहित वरिष्ठ कॉग्रेस नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक प्रगति नगर में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा कॉग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत बंजारे, महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, विशाल देशमुख, केशव बंटी हरमुख विशेष रूप में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का संचालन सभापति केशव बंछोर व आभार पार्षद सनीर साहू ने किया। बैठक में पूर्व जोन अध्यक्ष राजकुमार देशमुख, ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, पूर्व पार्षद धन्नूनाग, दिनेश पटेल, ममता यादव, पूर्व पार्षद दशरथ भारद्वाज सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संतोष देशमुख, राकेश मिश्रा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत बंजारे, पूर्व पार्षद चुम्मन देशमुख, पार्षद सनीर साहू, सोनिया देवांगन, गोविंद चतुर्वेदी, जमुना ठाकुर, विलास बोरकर, जहीर

अब्बास, ब्लॉक महामंत्री चन्द्रकांत कोरे, अशोक सिन्हा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे। ग्राम नगपुरा में आयोजित बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी शामिल हुए और ग्रामवासियों से भेंट मुलाकात कर बातचीत की। उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेने के साथ ही उन्हें कांग्रेस की न्याय गारंटी की जानकारी दी। बैठक में माताएं-बहनें, वरिष्ठजन व युवा साथी उपस्थित रहे। चुनावी दौरे के दौरान श्री श्याम बाबा के प्रगटोत्सव के अवसर पर कादम्बरी नगर स्थित श्री खाटू श्याम बाबा मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की और सभी के सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं की।

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी 202332443010730000९

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रामानंद पिता/पति परसोत्तम साहू पता सिकोला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 103/1(0.0167) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इंदू सिंह पिता/पति रमेशचंद पता एमआईजी 1-13/4 जवाहर नगर के.एच. मेमोरियल हायर सेकेण्डरी स्कूल के पास भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00035 अटारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430310900001

तहसील पाटन के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम अटारी के वर्तमान भूमिस्वामी देवचरण डाकवर देवप्रत पिता/पति खोरबाहरा पता-अटारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्र. 516/2(0.2600), 519 (1.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता देवचरण डाकवर देवप्रत पिता/पति-खोरबाहरा पता-अटारी के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी 202332443010730000८

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मनोज राजपूत पिता/पति स्व. जवाहर सिंह राजपूत पता शिव मंदिर के पास कर्मचारी नगर तह. व जिला दुर्ग, शुभम सिंह राजपूत पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह राजपूत पता शिव मंदिर के पास कर्मचारी नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 104/1(0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुमिता यादव पिता/पति रिखीराम यादव पता मकान नं. 298/ए-1 एनए टाइप वार्ड नं. 01 पंडर दल्लीराजहरा डौण्डी जिला बालोद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00042 रेंगाकठेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430311900001

तहसील पाटन प.ह.न. 00042, ग्राम रेंगाकठेरा के वर्तमान भूमिस्वामी सुखचैन पिता/पति-जद्दू पता के द्वारा धारित भूमि में खसरा क्रमांक 715(1.0200) में प्रस्तावित भूस्वामी/केता तिहारू पिता/पति-पिता सुखचैन पता निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, संदीप पिता/पति चैतराम पता निवासी ग्राम असोगा तह. पाटन जिला दुर्ग, मोंगरा पिता/पति अघ्घनराम पता-निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, छैरकीन पिता/पति सुखचैन पता-निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, लोकेश पिता/पति अघ्घनराम पता-निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, रुचि पिता/पति जोधन पता निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, उर्वशी पिता/पति अघ्घनराम निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, लता पिता/पति चैतराम निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, राजेश पिता/पति अघ्घनराम पता निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, सुखबती पिता/पति सुखचैन निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, मुक्खन यादव पिता/पति स्व. सुखचैन निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, दुलरवां पिता/पति चैतराम निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग, मुकेश पिता/पति अघ्घनराम निवासी ग्राम असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 12/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जायेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी 2023324430107300007

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी शुभम सिंह राजपूत पिता/पति लक्ष्मीनारायण सिंह राजपूत पता शिव मंदिर के पास कर्मचारी नगर तह. व जिला दुर्ग, मनोज राजपूत पिता/पति स्व. जवाहर सिंह राजपूत पता शिव मंदिर के पास कर्मचारी नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 104/1(0.0278) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अतुल यादव पिता/पति रिखीराम यादव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 20232443010470008९

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी नफीसा बानो पिता/पति अनवर खान पता सुभाष नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 355/3/अ/14(0.0060), 355/3/घ/13 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती रामबती यादव पिता/पति सेवकराम यादव पता 46 ठगड़ानगर पद्मनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411217716

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी मुकेश कुमार गुप्ता पिता/पति स्व. प्रभु दत्त गुप्ता पता सप्ताहिक बाजार के पास वोडाफोन टावर सांकेत कालोनी कातुलबोर्ड दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 55/52(0.0167) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजुला गुप्ता पिता/पति बसंत गुप्ता पता प्लाट नं. 8 सांकेत कालोनी एसएएफ लाइन भिलाई दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 20232443030040004९

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम चरोदा के वर्तमान भूमिस्वामी बी.एन.एस. रत्नम पिता/पति बी.जे. राम पता चरौदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 322/21(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बाय्या नात्रिनाथ कुमार पिता/पति बी. जगदीश्वर राव पता रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202312104300041/
विषयः अ-6अ/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

जामुल प.ह.न. 00001 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- ज्ञानु श्रीवास्तव/ अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ज्ञानु श्रीवास्तव पति ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, निवासी आर.जेड. 2, एरिया समालका दक्षिण पश्चिमी दिल्ली 110037 के द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम जामुल, प0ह0नं0 01, तहसील- भिलाई 03, जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं.1110/3 रकबा 0.020 हे. भूमि को दिनांक 26.12.2006 का पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया था। वर्तमान अभिलेख में खसरा नं. 1110/3 का रकबा 0.021 हे. एवं भूमिस्वामी श्रीमती ज्ञानु श्रीवास्तव के पति का नाम त्रुटिवश ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के स्थान पर ज्ञान प्रसाद श्रीवास्तव हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 10/04/2024 तक स्वंय अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते है उक्त समायावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार्य नहीं कि जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00034 कुथरेल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411317132

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम कुथरेल के वर्तमान भूमिस्वामी चंद्रिका प्रसाद पिता/पति शत्रुहन लाल पता म.न. 202 खदानपारा कुथरेल के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 916/1(0.4000), 908/1 (0.1900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गणेशराम साहू पिता/पति चंद्रिका प्रसाद पता पता म.न. 202 खदानपारा कुथरेल के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00034 कुथरेल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411317136

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम कुथरेल के वर्तमान भूमिस्वामी चंद्रिका प्रसाद पिता/पति शत्रुहन पता म.न. 202 खदानपारा कुथरेल के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 996/2(0.2000), 635/4 (0.3500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दीपक कुमार पिता/पति चंद्रिका प्रसाद पता पता म.न. 202 खदानपारा कुथरेल के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202309103400008 /अ-19(3)/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कृष्णा भगवान मंदीर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट जिला दुर्ग के कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा रितु यादव के द्वारा के द्वारा श्री कृष्णा भगवान मंदीर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर नि मौजा ग्राम उरला स्थित भूमि खसरा नं. 99 का रकबा 7000 वर्गफीट घास खाली भूमि का आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिच किल्ही व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया था।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202311100600006 /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सोरम प.ह.नं. 31 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक श्री बंशीलाल वर्मा पिता स्व. श्री समलिया निवासी ग्राम सोरम तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम सोरम प.ह.न. 31 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 109 रकबा 0.29 हे0 भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में आवेदक के पिता समलिया पिता उक्त त्रुटि को सुधार करने हेतु आवश्यक दस्तावेज पंजीकृत बैनामा की प्रति, बी-1 नक्शा, खसरा एवं ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार कार्ड ऋष्टा पुस्तिका की कापी के साथ अभिलेख सुधार हेतु आवेदन बाबत् आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री बंशीलाल वर्मा पिता स्व. श्री समलिया निवासी ग्राम सोरम तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.04.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2024 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.15/अ-20(1)/ वर्ष 2023-24

आवेदिका श्रीमती नलिनी कुट्टी पति स्व. पी.के. कोहुनारायणन ओर निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी-1/147 क्षेत्रफ्ल 150 वर्गमीटर भूमि आवेदक के पिता स्व. पी.के कोहुनारायणन को भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 05.12.2004 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.04.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे।

आज दिनांक 15.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.74/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदक हैं रोहित आप्टे आ.व्ही.बी. आप्टे निवासी श्रुति आइकन, बोराहटे वस्ती, मोर्शी पुणे इंटरनेशनल एक्सिबिशन कॉनवेशन मोर्शी जिला पुणे महा. एवं अन्य 01 की ओर से अधिवक्ता श्री के.आर. चित्तावार द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एल.आई.जी. 144 क्षेत्रफ्ल 96 वर्गमीटर भूमि धारक व्ही. बी.आप्टे पिता बी.ए. आप्टे नि. हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 03.07.2023 को एवं उनकी पत्नि नीलिमा वसंत आप्टे की मृत्यु दिनांक 16.02.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के द्वारा अपने जीवनकाल में नोटरी के समक्ष एक वसीयतनामा दिनांक 03.07.2020 को अपने दोनों पुत्र आवेदकगण के पक्ष निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा वसीयतनामा एवं वारिसान के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके नाम पर नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.03.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.74/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदक प्रणेश गुप्ता आ. रामकृष्ण गुप्ता निवासी वार्ड क. 31 शनिचरी बाजार दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 30 सी प्लाट नं. 173/4 क्षेत्रफ्ल 74.44 वर्गमीटर भूमि धारकगण विजय कुमार गुप्ता आ. जागेश्वर गुप्ता, गीता गुप्ता पति विजय कुमार गुप्ता निवासी शनिचरी बाजार दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण द्वारा उक्त भूखण्ड का टु0 क्षेत्रफ्ल 108.17 वर्गमीटर भूमि केतागण सरोज कुमार पटेला आ. बउवा राम खुद व वली तरफ से पालक पिता ना.बा.भोजराज पटेला, भुपेश कुमार पटेला पिस. सरोज कुमार पटेला को पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.02.2024 द्वारा विकय किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर उक्त कयशुदा भूखण्ड से धारकगण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर केतागण का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.04.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

गोरेगांव स्कूल में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। माध्यमिक शाला गोरेगांव में बुधवार 20 मार्च को विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सी एच ओ गोरेगांव संगीता देवांगन ने बताया कि जिस तरह पेट, हृदय ,आंख ,कान, नाक संबंधी बीमारियों के प्रति लोग जागरूकता रखते हैं। अब समय है कि लोग मौखिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक हो जाएं। आज भी कई सारे लोग ऐसे हैं जो अपने मुंह की सफाई नहीं करते ।चिकित्सक के पास नहीं जाते हैं और दिन व दिन अपने मौखिक स्वास्थ्य को खराब कर लेते हैं ।मुंह से आने वाली दुर्गंध के प्रति भी लोग जागरुक नहीं है मौखिक सेहत के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ही इस दिन की शुरुआत की गई। हमें दिन में दो बार दांतों की सफाई करने के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के संबंध में बताया कि मुंह से आने वाली दुर्गंध के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए मौखिक सेहत के प्रति जागरूक करने के लिए ही इस दिन की शुरूआत किया गया। उक्त अवसर पर आर एच ओ कीर्ति कंवर, के पी साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव, शिक्षक चंद्रप्रभा साहू राकेश कुमार कोसरिया शाला नायक दिवाकर साहू व छात्र प्रतिनिधि तनुजा नेताम सहित अन्य मौजूद थे। आभार व्यक्त केपी साहू ने किया।

धारदार चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना सरस्वती नगर पुलिस को सूचना मिली की पीपल झाड़ के पास कुकुरबेड़ा मे एक व्यक्ति अपने हाथ में धादार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुयेआरोपी प्रदीप पांडे पिता सत्य नारायण पांडे उम्र 19 पता सुलभ के पास कुकुर बेड़ा थाना सरस्वती नगर रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 नग स्टील का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सरस्वती नगर में अप. क्र.76/ 24 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्राकर मुखबिर से सूचना मिला कि महाराजबंध तालाब के पास आदि साहू नाम का लड़का अपने पास चाकू रखा है तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर आरोपी को पकड़कर आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से चाकु रखा मिला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 117/2024 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश।थाना उरला पुलिस द्वारा राकेश भारती उर्फ भाचा पिता मानसिंह भारती उम्र 24 वर्ष पता सतनामी पारा उरला थाना उरला रायपुर के क़ब्ज़े से अवैध रूप से 33 पाव देशी मदिरा रखे पाये जाने से धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

शांति पूर्ण होली त्यौहार मनाने और आदर्श आचार संहिता का पालन करने लोगों से की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव व होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए पुरानीबस्ती अनुभाग क्षेत्र में आने वाले समस्त थाना टिकरापारा, पुरानी बस्ती, न्यू राजेंद्र नगर, एवं डीडी नगर क्षेत्र में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन के नेतृत्व में थाना प्रभारी टिकरापारा, पुरानीबस्ती, डी. डी.नगर, न्यू राजेंद्र नगर एवं थाना स्टाफ के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर लोगो को शांति पूर्ण ढंग से होली का त्यौहार मनाने एवं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु अपील की गई साथ ही साथ क्षेत्र में किसी प्रकार का अपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने व अपराध कारित घटना न करने साथ ही साथ ऐसे किसी प्रकार का अपराध घटित होने की स्थिति में घटना के पूर्व जानकारी होने पर तत्काल संबंधित थाना एवं पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करने हेतु हिदायत दिया गया।

पायलट की लैंडिंग के बाद भी विदाउट टिकट है कांग्रेसी : कौशिक

- **पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस पर कसा तंज**

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी चयन को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब तक अपना प्रत्याशी नहीं ढूंढ पा रही है। पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में भी एक ऐसा वातावरण बना है कि कांग्रेस पार्टी के हांथ पांव फूल गए हैं। यही वजह है कि आज कांग्रेस यह तय नहीं कर पा रही है कि छत्तीसगढ़ से किस नेता को चुनाव लड़ने की जरूरत है। कांग्रेस के द्वारा प्रत्याशी का नाम अब तक तय नहीं कर पाना पार्टी के अंदर सिर फुट्टव्वल की स्थिति को बता रहा है। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के रायपुर लैंडिंग के बाद भी यह एक हास्यास्पद स्थिति है कि आखिरकार कांग्रेसी विदाउट टिकट कैसे है । आज कांग्रेस पार्टी में शोले फ़िल्म की तरह स्थिति बनी हुई है हर कांग्रेसियों के मन में एक ही सवाल है कि कौन होगा प्रत्याशी है? इससे स्पष्ट हो रहा है कि कांग्रेस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अपने ही कार्यकर्ताओं में भरोसा नहीं कर पा रहे है। कांग्रेस के किसी भी नेता का कोई जनाधर नहीं रह गया है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव की तैयारियां बड़े जोश के साथ चल रही है और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है इस समय प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार जिस तरह मोदी जी की गारंटी को पुरा कर रही है, उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा।

महाराष्ट्र मंडल के होली के व्यंजनों की जबरदस्त मांग

- **दो दिन बढ़ानी पड़ी अंतिम तिथि, अब 22 तक ऑर्डर स्वीकार**
- **दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ उपलब्ध कराया जाता है व्यंजन**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ मेस में बनाए गए होली के व्यंजनों की मांग अब चरम पर है। मंडल के व्यंजनों और भोजन में स्वच्छता, गुणवत्ता और स्वाद पर भरोसा करने वाले लोग होली को लेकर लगातार अपने ऑर्डर बुक कर रहे हैं। बुधवार की शाम को ऑर्डर बुकिंग का समय समाप्त होना था लेकिन आजीवन सभासदों के अलावा गैर मराठी भाषियों के दबाव की वजह से अब होली के व्यंजनों के ऑर्डर की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ाकर 22 मार्च की गई है। मेस प्रभारी दीपक रघुनाथ किरवईवाले के अनुसार शुक्रवार की शाम 7:00 बजे तक होली के व्यंजनों- मराठी चिवड़ा, भुजिया (करंजी), बेसन लड्डू, चकली, शक्करपारा और सलोनी के ऑर्डर बुक किए जा सकते हैं। समस्त ऑर्डर घर पहुंच सेवा के साथ स्वीकार किए जा रहे हैं। ऐसे लोग जो स्वयं चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में आकर अपने आर्डर की डिलीवरी लेना चाहते हैं, उन्हें यह सुविधा पहले की तरह ही उपलब्ध कराई जाएगी।

महाराष्ट्र मंडल आज जल संरक्षण दिवस पर लेगा संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल शुक्रवार को सुबह महादेव घाट पर विश्व जल संरक्षण दिवस मनाने जा रहा है। सुबह 7.45 बजे महादेव घाट स्थित खारून नदी की पूजा- अर्चना कर महाआरती की जाएगी।

पर्यावरण और खेलकूद समिति की मेंटर गीता दलाल ने बताया कि इस अवसर पर मंडल की कार्यकारिणी, समितियों के पदाधिकारी व आजीवन सभासद जल संरक्षण का संकल्प भी लेंगे। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। गीता के मुताबिक मंडल के सदस्य इस मौके पर शत- प्रतिशत मतदान को लेकर स्थानीय लोगों और हटकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को 'पहले मतदान- फिर काम' स्लोगन के साथ शपथ दिलाई जाएगी।

अशोका बिरयानी में अब वेज एवं नॉनवेज पार्टी का आनंद डीजे के साथ...

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राहकों को और बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अशोका बिरयानी में अब वेज एवं नॉनवेज पार्टी का आनंद डीजे के साथ लिया जा सकता है अशोका बिरयानी में आज मटका बिरयानी की भारी मांग बनी हुई है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने के लिए अशोका बिरयानी का नाम आज संपूर्ण छत्तीसगढ़ क्षेत्र में फैला हुआ है। अशोका बिरयानी की छह ब्रांच महोबा बाजार, पचपेड़ी नाका, स्टेशन रोड, रिंग रोड नंबर 1 अग्रोहा कॉलोनी, लाभांडी एवं भिलाई में स्थित है यहां ग्राहक एक साथ परिवार के साथ बैठकर वेज एवं नॉनवेज व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं लाभांडी ब्रांच में पंजाबी बुफे का आनंद लिया जा सकता है।

अशोका बिरयानी के संचालक कृष्ण कांत तिवारी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे यहां वेज पार्टी 299 रू. एवं नॉन वेज पार्टी 399रू. प्रति व्यक्ति बुफे सिस्टम के साथ आनंद ले सकता है पंजाबी बुफे में अनलिमिटेड फूड वेज एवं नॉनवेज शामिल है। हाफ चिकन दम बिरयानी मात्र 120 में बासमती राइस के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

अवैध शराब बिक्री करते गोपी सागर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों,थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में दिनांक 21.03.2024 को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नरैय्या तालाब सुलभ के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग का प्लास्टिक की बोरी में शराब बिक्री करने के लिये ग्राहक की तलाश में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया ,जो पुलिस को देखकर छिपने लगा, जिसे स्टाफ व गवाहों की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया, टीम के सदस्यो के द्वारा पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गोपी सागर पिता विक्रम सागर उम्र 24 साल साकिन नेहरू नगर उत्कल सामुदायिक भवन के पास थाना सिटी कोतवाली रायपुर(छ.ग.) का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें प्लास्टिक के बोरी का तलाशी लेने पर बोरी में 29 पौवा बेस्टो अंग्रेजी शराब लिखा है, रखे मिला।

वीआईपी सिटी में वुमेन आंत्रप्रेन्योर के लिए स्पेशल डिस्काउंट ऑफर, बिजनेस को दे सकेंगी नई ऊंचाई

सिटी में लाए गए कमर्शियल कॉम्प्लेक्स

रायपुर/नवप्रदेश। वुमेन आंत्रप्रेन्योर को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रियल एस्टेट कंपनी आरसीपी इंफ्राटेक द्वारा वीमेन एंट्रेप्रेन्योर्स को विशेष डिस्काउंट प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपने बिजनेस को आसानी से आगे बढ़ा सकें। कंपनी का मिशन ऑफर के माध्यम से वीमेन आंत्रप्रेन्योर को उत्साहित करना है। इस विशेष ऑफर के तहत सड्डू स्थित टाउनशिप वीआईपी सिटी में लाए गए कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में शॉप और ऑफिस की बुकिंग पर महिला उद्यमी को 10-15% की छूट दी जा रही है। सीमित अवधि के लिए लाए गए इस ऑफर को रिस्पांस भी अच्छा मिल रहा है ।

वुमेन आंत्रप्रेन्योर आगे आकर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में शॉप और ऑफिस स्पेस की बुकिंग करा रही हैं। रेडी-टू-मूव इस कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 250-375 वर्गफीट साइज के शॉप और ऑफिसेस हैं। ग्राउंड फ्लोर की शॉप मेज़ानाइन कॉन्सेप्ट पर हैं। बता दें कि लगभग 300 एकड़ की इस मेगा टाउनशिप में 350 से ज्यादा फैमिली रह रही है। प्रोजेक्ट के आस-पास अच्छी खासी बसाहट है। यह पॉश एरिया सड्डू-उरकुरा रोड, सड्डू-बरौंदा रोड और रिंग रोड-3 से कनेक्टेड है। प्राइम लोकेशन, आसान कनेक्टिविटी और बेहतर अवसर के लिए वीमेन आंत्रप्रेन्योर के लिए यहां शॉप और ऑफिसेस लेना अच्छा मौका है, वो भी स्पेशल ऑफर के साथ।

भाजपा सरकार ने 100 दिन में पूरी की मोदी की गारंटी

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर गरियाबंद भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि साय सरकार ने 100 दिनों के कार्यकाल में सफलता और विश्वास के कीर्तिमान रचे हैं। जितना पूरे 5 वर्ष में कांग्रेस की सरकार नहीं कर पाई। छत्तीसगढ़ में सुशासन लौट आया है।

कांग्रेस ने अपने कृत्यों से, जनता के साथ की गई वादाखिलाफी से भरोसे का जो संकट पैदा किया था, भाजपा सरकार ने उस संकट को दूर किया है। जनता में फिर से सरकार के प्रति भरोसा बहाल हुआ है। पीएम मोदी की गारंटियों को केवल 12 सप्ताह में पूरा किया गया। भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, महिलाओं व युवाओं के हित में बड़े फैसले लिए हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट में ही छत्तीसगढ़ के 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व निर्णय लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने आधिकारिक निवास में वादे के अनुरूप बाद में गये,पहले उन्होंने वादों को वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3,799 करोड़ रुपये और वर्ष 2024-25 के बजट में 8,369 करोड़ रुपये, इस प्रकार कुल 12,168 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिये निःशुल्क रेत उपलब्ध कराने निर्णय लिया गया।

ओरल हेल्थ के संबंध में लोगों को किया जागरूक

- **449 बच्चों के मुँह की गई जांच**

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। मुँह की गंदगी और सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी बीमारी को आमंत्रित कर सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में करोड़ों लोग मुँह से जुड़ी बीमारियों से प्रभावित हुआ करते हैं। ऐसे में मुँह की सेहत को महत्व देते हुए हर वर्ष 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मुख दिवस का थीम है ए हैप्पी माउथ,इज़ ए हैप्पी बॉडी। इस अवसर पर जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लोगों के मुख का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ,साथ ही मुख से संबंधित समस्याओं के लिए आवश्यक उपचार भी किये गए। लोगों को दाँतों और मसूड़ों की देखभाल के सम्बंध में भी बताया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांग्रेस का दिवालियापन ...

भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उनके खाते फ्रीज कर दिए गए।

गलतियों को सुधारने की बजाय अधिकारियों को दोषी ठहरा रहीं

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी गलतियों को सुधारने की बजाय, कांग्रेस अपनी परेशानियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह आयकर अपीलय न्यायाधिकरण हो या दिल्ली उच्च न्यायालय दोनों ने कांग्रेस से नियमों का पालन करने और बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा है लेकिन पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया।

घोटाले से लेकर बोफोर्स तक के पैसे चुनाव में

उन्होंने कहा, जिस पार्टी ने हर क्षेत्र, हर राज्य और इतिहास के हर पल में लूट की हो, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। जीप से लेकर हेलिकॉप्टर घोटाले से लेकर बोफोर्स तक सभी घोटालों से जमा हुए पैसे का इस्तेमाल कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में कर सकती है।

नड्डा ने कहा, कांग्रेस के पार्ट टाइम नेता कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र होना झूठ है- क्या मैं उन्हें विनम्रतापूर्वक याद दिला सकता हूं कि 1975 और 1977 के बीच केवल कुछ महीनों के लिए भारत एक लोकतंत्र नहीं था और उस समय भारत की प्रधान मंत्री कोई और नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गांधी थीं।

कांग्रेस को आर्थिक रूप से ...

रहा है। यह सभी राजनीतिक दल के लिए समान अवसरों को सील करने की कार्रवाई है। भाजपा ने किस तरीक़े से कंपनियों से ये पैसे लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट तथ्यों की जांच कर रहा है। हमें उम्मीद है कि सच्चाई बहुत जल्द हम सब के सामने आयेगी।

नक्सली बातचीत के लिए...

जरिए बयान जारी करने के बाद नव प्रदेश ने आईजी बस्तर पी सुंदरराज से बातचीत की। आईजी ने कहा, वार्ता पर निर्णय राज्य शासन को लेना है, फोर्स नक्सली खात्मे के लिए अपना काम करते रहेगी। एक्शन मोड पर सर्चिंग अभियान से लेकर वांटेड नक्सलियों की खोजबीन जारी रखेंगे।

जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने अपने बयान में कहा है कि उप मुख्यमंत्री लगातार वार्ता की बात कह रहे हैं लेकिन हमारे बयान का सीधा जवाब नहीं दे रहे हैं। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (माओवदी) की ओर से पत्र जारी कर कहा गया है, किसानों, मजदूरों, मध्य वर्गीय लोगों, छोटे व मध्यम पूंजीपतियों एवं आदिवासियों, दलितों, धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों, इसाइयों एवं महिलाओं के हितों को छोडक़र हमारा कोई अलग हित नहीं है। छह माह तक सरकारी सशस्त्र बलों को बैरकों तक सीमित करने और नए कैंप स्थापित नहीं करने की मांग करते हुए बयान जारी किए हैं। अपने पत्र में कमेटी ने कहा है, हमारी पार्टी हमेशा कहती आ रही है कि वह उत्पीड़ित व शोषित जनता के व्यापक हित और स्थायी शांति कायम करने की दिशा में वार्ता के लिए तैयार है। हाल में गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान का जवाब देते हुए भी हमने यह स्पष्ट किया था कि अनुकूल वातावरण निर्मित होने की स्थिति में हम वार्ता के लिए आगे आएंगे। जोनल कमेटी की ओर से बयान जारी होने के बाद पुलिस ने साफ कर दिया है कि वार्ता शासन स्तर पर तय किया जाएगा लेकिन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में फोर्स का मूवमेंट बरकरार रहेगा। कहीं भी किसी तरह से रियायत नहीं बरती जाएगी।

75 से ज्यादा नए कैंप स्थापित

बस्तर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के लिए अभी तक 75 से ज्यादा पुलिस कैंप स्थापित किए जा चुके हैं। लोक सभा चुनाव में सुरक्षा की कमान संभालने के लिए पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी व सशस्त्र बलों से लगभग 80 हजार जवान तैनात करने की तैयारी है। चुनाव की तारीखों का एलान होते ही फोर्स का मूवमेंट भी इलाके में बढ़ गया है। नए कैंप खुलने से नक्सल क्षेत्र का बड़ा हिस्सा अब पुलिस फोर्स के कब्जे में है। गांवों के अंदरूनी हिस्सों तक सडक़ बनाने और फिर बिजली-पानी की समस्या खत्म हुई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403213100043/ अ/74 वर्ष 2024

पक्षकार चन्द्रशेखर पिता मनीराम जाति सतनामी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रशेखर पिता मनीराम जाति सतनामी ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 40 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने पिता मनीराम की मृत्यु दिनांक 08.06.2006 को ग्राम जुनवानी में हुआ था। जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 04/04/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार पलारी**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23

पक्षकार - जीवनलाल ग्राम धमनी रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि जीवनलाल पिता भगेलू जाति कंवर निवासी ग्राम धमनी प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग के द्वारा 13(3) के तहत अपने नाना बरातू पिता बुदेलिया की मृत्यु दिनांक 15.01.1950 को ग्राम धमनी में हुआ था। जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 28/03/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार पलारी**

न्यायालय ना. तहसीलदार भंवरपुर
जिला महासमुंद (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक 7971/क/वा-1/तह./2023
दिनांक 21/02/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक तेजकुमार साहू पिता खुशराम साहू निवासी ग्राम सलखण्ड उप तहसील भंवरपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने बहन जितेन्द्री का दिनांक 08/05/15 को स्थान सलखण्ड में मृत्यु हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं होने के कारण उक्त तिथि में स्वयं बहन जितेन्द्री साहू के मृत्यु की घटना पंजीकृत किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/04/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नायब तहसीलदार बसना**

न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ :- जिला बलौदाबाजार-भाटापारा तहसील पलारी प.ह.नं. 00040 मोहगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी202324500505900002

ईश्तहार

तहसील पलारी के प.ह.नं. 00040 के अंतर्गत ग्राम मोहगांव के वर्तमान भूमिस्वामी फुलदास व झुगु साधाबाई जो. फुलदास पिता/पति पता सा हेद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 529 (0.1210), 507 (0.2020), 519 (0.2020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता धनसाय पुन्नी बाई पिता/पति फुलदास पता मोहगांव, प्रकाश राजकुमार, गोपाल, सुमित्रा, पार्वती, रूखमणि, सुनीता पिता/पति बुधु राम पता- मोहगांव संतरा पिता/पति चुनु पता मोहगांव, तारन पिता/पति बुधुराम पता मोहगांव, देववनर्ती बुगाला संगीता पिता/पति चुनु पता मोहगांव के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2024 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार पलारी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 11.03.2024 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार पलारी**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)

सीआईएन-U40108CT2003SGC015820 जीएसटीएन-22AADCC5773E1ZX
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, (अति उच्च दाब निर्माण) संभाग, सीएसपीटीसीएल, रायपुर पता- गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) 492009
वेबसाइट www.cspc.co.in ईमेल cechtconst.raipur@cspc.co.in टेलीफोन/फैक्स नं. 0771-2574725

क्र./कार्य.अभि./अ.उ.दा (नि)/1048 — रायपुर, दिनांक 21/03/2024

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विद्यमान 132 के.व्ही. उपकेन्द्र माठखरोरा (बेलदार सिवनी) जिला-रायपुर से निर्माणाधीन 132 के.व्ही. उपकेन्द्र गुल्लु (आरंग) जिला-रायपुर तक 18.706 कि.मी. 132 के.व्ही. अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाईन का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह विद्युत लाईन जिला-रायपुर तहसील-खरोरा के ग्राम- बेलदार सिवनी, बुरेनी, बुलटेकरी, भरहा एवं जिला- रायपुर तहसील-आरंग के ग्राम- खौली, मालीडीह, बोहारडीह, बुडगहन, परसठी, बरछा, अकोलीखुर्द, घोट, गुखेरा, अकोलीकला, फरहदा, परसकोल, भोथली, देवरी, खपरी एवं गुल्लु से होकर गुजरती है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 22/03/2024 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें, टावर पर न चढ़ें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना विद्युत अधिनियम-2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

(इंजी. यू.के. यादव)
कार्यपालन यंत्री
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
सीएसपीटीसीएल, रायपुर

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिये"

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

बेमौसम बारिश की मार झेलने वालों को राहत

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश से किसानों के साथ आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक मदद प्रदान करने कलेक्टरों को पत्र लिखा है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर सचिव की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि मार्च महीने में असमायिक वर्षा, आंधी-तूफान, ओलावृष्टि तथा आकाशीय बिजली के कारण जन-धन के साथ खड़ी फसलों को भी क्षति हुई होगी. प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि, मकान क्षति, पशुहानि तथा फसल क्षति की भरपाई के लिए प्रभावित व्यक्तियों को नियमानुसार सहायता राशि की भुगतान करने की कार्यवाही करें।

कर्मचारी फेडरेशन ने नए एसडीएम का किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई नगरी के पदाधिकारियों ने बुधवार 20 मार्च को नगरी अनुभाग में नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवन कुमार प्रेमी संयुक्त कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। एसडीएम ने समस्त कर्मचारी अधिकारियों को निष्ठा पूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कर्मचारियों के विभिन्न मसलों पर सौहाद्रपूर्ण चर्चा की। इस अवसर पर तहसीलदार केतन भोयर,ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, सचिव गिरीश जायसवाल, महासचिव किशोर कश्यप,प्रवक्ता के पी साहू,आई टी सेल प्रभारी डी पी ताम्रकार,महेंद्र कुमार बोरझा ,दिनेश साहू,विजय गेंद्रे,शरीफ बेग मिर्जा,श्रवण कुमार साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण, गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। इंस्टाग्राम के माध्यम से महिला से जान पहचान कर उसे शादी का प्रलोभन

देकर उसके साथ अवैध संबंध स्थापित करने वाले एक युवक को पीड़िता की शिकायत पर शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि प्रार्थिया द्वारा थाना भाटापारा शहर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि भाटापारा नया गंज वार्ड निवासी आरोपी राहुल साहू से इंस्टाग्राम मैसेज के माध्यम से जान पहचान हुई थी। इसमें इंस्टाग्राम मैसेज के माध्यम से लगातार बातचीत होती थी फिर आरोपी द्वारा प्रार्थिया को भाटापारा बुलाकर, शादी का प्रलोभन देकर प्रार्थिया से कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। उक्त रिपोर्ट पर धारा 376 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में आरोपी राहुल साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

घर घुस कर महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। घर में बच्चों के साथ सोई महिला के घर घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने के

मामले में ग्रामीण पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पटले ने बताया कि प्रार्थीया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 7 फरवरी के रात में अपने बच्चों के साथ कमरे मे सोयी थी, उसी समय रात 11/30 बजे करीबन आरोपी टेकनारायण निषाद घर के अंदर घुसकर प्रार्थिया की बेईज्जती करने की नीयत से हाथ बाह को जोर जबरदस्ती से पकड़ कर बल प्रयोग करते हुए छेड़खानी की। इस पर धारा 354,457 भादंवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से फरार आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाया गया था। मुखबीर की सूचना पर अपने परिवार से मिलने आये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल भेज दिया है।

दो समूह में बंटा सिकासेर हाथियों का दल नगरी क्षेत्र पहुंचा

■ दक्षिण जबर्रा परिसर में कुछ दिनों से कर रहा विचरण

नगरी/नवप्रदेश। सिकासेर हाथियों का दल धमतरी जिले के अंतिम छोर के गांव में आ धमके हैं। इसके चलते लोग रात में दहशत में रहते हैं। सिकासेर हाथी दल किसानों और आम ग्रामीणों के लिये मुसीबत बन चुका है।

इस बार यह दल दो अलग अलग समूह में बंट गया है। नगरी और दुगली रेंज में विचरण कर रहे हाथियों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाये

जाने की आशंका से किसान काफी चिंतित हैं। गौरतलब है कि पिछले करीब दो से तीन वर्षों से धमतरी जिले के जंगलों में हाथियों के दल का आना जाना लगा हुआ है। पिछले तीन-चार माह से हाथियों का दल जिले से बाहर चला गया था, लेकिन एक बार फिर से गरियाबंद जिले का सिकासेर हाथी दल फिर से जिले में आ धमका है। इस बार यह दल करीब 40 की संख्या में यहां आया हुआ है। और दो अलग अलग समूह में बंटकर विचरण कर रहा है। वर्तमान में रबी फसल खेतों में लगी हुई है। जिसे नुकसान पहुंचाये जाने की आशंका से किसान चिंतत हैं। बताया जा रहा है कि 30 से 35 हाथियों का एक दल नगरी रेंज के गजकन्हार इलाके में कक्ष क्रमांक 334 विचरण कर रहा है। गुरुवार को इस दल को दक्षिण जबर्रा परिक्षेत्र सहायक - जबर्रा के ग्राम गजकन्हार, बांधा, गुहाननाला, कोटाभरी,

बिरनपारा, बिलभदर, डोंगरडुला, कल्लेमेटा, चारगांव, तुमबाहरा, जबर्रा, खरका, दुगली आदि शामिल है। इनमें से ग्राम जबरी, चारगांव, तुमबाहरा, गजकन्हार, बिलभदर व कल्लेमेटा को हाई अलर्ट में रखा गया है। यहां इसकी निगरानी ओमप्रकाश चंदनिया राजाराम साहू त्रिलोचन कश्यप हेमंत निषाद BFO कुमारी मनीषा नेताम क्क्रश आसकरण साहू परमानंद साहू, सुरक्षा श्रमिक, पैदल ट्रैक नजर रख रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि कोई भी जंगल न जाएं, सतर्क रहें,सुरक्षित रहें अपने अपने गांवों में मुनादी के माध्यम से एक दूसरे को सचेत करें। हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना दें।

बिन्द्रानवागढ़ से 50 हजार से अधिक मतों की लीड का लक्ष्य : मंत्री टंकराम

■ गोहरापदर में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

गरियाबंद/नवप्रदेश। गोहरापदर में भाजपा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किय गया। इसके मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा थे। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं से इस बार लोकसभा चुनाव में बिन्द्रानवागढ़ से 50 हजार से अधिक मतों से बढ़त दिलाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, डमरूधर पुजारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बिन्द्रानवागढ़ से हमेशा भाजपा को बढ़त मिलता रहा है। यहां के कार्यकर्ताओं की सक्रियता और अथक परिश्रम क्से भाजपा महासमुंद लोकसभा में तीन बार कमल खिलाने में सफल रही है। यह विधानसभा हमेशा भाजपा के जीत का आधार रही है। इस विधानसभा से हमे ऐतिहासिक जीत दिलानी है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 400 पार का संकल्प पूरा करने हमें महिला प्रत्याशी दी है। भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में ऐतिहासिक और उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बढ़ी अर्थव्यस्था है। यह चुनाव देश के भविष्य और विकसित भारत की कल्पना को पूरा करने के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। मोदी जी के हाथों को मजबूत करने महासमुंद लोकसभा से भी कमल खिलाना है।

सम्मलेन में लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, विधानसभा प्रभारी महेंद्र पंडित, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पुनीत सिन्हा, जनपद अध्यक्ष मैनपुर श्रीमति नूरमति मांझी, देवभोग नेहा सिंघल, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, कुंज बिहारी बेहरा, मंडल अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी, देवभोग लुदाक्ष साहू, झाखरपारा सीताराम यादव, मैनपुर दुलार सिन्हा, गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके, योगीमाखन कश्यप केनुराम यादव, पारस ठाकुर, निर्भय ठाकुर, जोरावर सिंह, खीरलाल नागेश, किशोर यादव, तानसिंह मांझी, देशबंधु नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

■ लाखों का माल बरामद, तीन गिरफ्तार, तीन फरार

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों का माल बरामद किया है। तीन आरोपी अब भी फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है । 19 फरवरी की रात धमतरी शहर के हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक सूने मकान में अज्ञात चोर दरवाजा का ताला तोड़कर, अंदर प्रवेश कर आलमारी का लॉकर तोड़कर, लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर फरार हो गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को बारिकी से अध्ययन किया गया। सीसी टी वी पर घटना स्थल के आसपास तीन व्यक्तियों को संदिग्ध हॉलत में कॉलोनी में घुमते हुए देखा गया।

संदेही आरोपियों का फोटो सोशल मीडिया व्हाट्सएप, टेलीग्राम के माध्यम से भेजकर पतासाजी की जा रही थी। ग्रुप के माध्यम से सूचना मिली कि भेजी गई फोटो गणपत मोहनिया की है जो कि टांडा जिला धार मध्यप्रदेश का रहने वाला है। संदेही आरोपी को पकड़ने हेतु टीम गठित कर जिला धार मध्यप्रदेश रवाना किया गया।मुखबीर की सूचना के आधार पर संदेही आरोपी गणपत मोहनिया को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उससे चोरी एवं साथी के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने अपना अपराध कबूल करते हुए अपने साथी कलम सिंह,नूरसिंह मोहनिया, कैलाश कटारे, सरदु कटारे के साथ मिलकर चोरी करना बताया।

गिरोह ने धमतरी के अलावा अनेक शहरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था । जिन्हें थाना सिटी कोतवाली के अपराध धारा 380, 457 भादवि. के तहत् गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से सोने-चांदी के जेवरात कीमत 432000 रुपए बरामद किए हैं। आरोपी गणपत मोहनिया पिता रंजित मोहनिया उम्र 42 वर्ष निवासी कोसमिया घाटी पूरा खाकरिया कलम सिंह मंडले पिता नवल सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम पिपलदा थाना गंधवानी मध्यप्रदेश,खुदरा थाना टाण्डा जिला, धार, मध्यप्रदेश दीपक सोनी पिता नारायण सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी बाग थाना बाग तहसील कुक्षी जिला धार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।

पालकों की शिकायत, कलेक्टर ने सेक्रेट हार्ट स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जांच कमेटी गठित की

■ सुनील बुक डिपो और दो प्रकाशकों को थमाया नोटिस

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के.एल. चौहान ने पालकों की पुस्तक सहित अन्य सामग्री की अनिवार्यता संबंधित गंभीर शिकायत पर सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठन कर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही आज नापतौल विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई कर सुनील बुक डिपो बलौदाबाजार एवं हरपर कोलियन्स पब्लिसर गुरूग्राम हरियाणा के खिलाफ विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 के तहत कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस का जवाब 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में पहुंचे नापतौल विभाग के अधिकारी दामोदर वर्मा ने बताया कि जांच में कोलिन्स रिवाइज्ड इंग्लिश ग्रामर एण्ड कम्पोजिशन क्लास 6 में अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य 474.00 रुपए पाया गया है। जो पहले से मुद्रित अथवा प्रयुक्त अवेष्ठन अधिकतम खुदरा मूल्य 439.00 रुपए को परिवर्तित कर अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित किया गया हैं जो प्रथम दृष्टया विधिक मापविज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुए) नियम 2011 के नियम 18 का उल्लंघन है। इसी तरह एरो पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद को भी नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कलेक्टर के.एल चौहान ने नापतौल विभाग के अधिकारी को सभी बुक डिपो में व्यापक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है।

भाजपा डरा धमकाकर वसूल करती है चंदा: विजय जांगिड़

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तारीख घोषित होते ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरु हो चुका है। कांग्रेस संगठन के सह प्रभारी विजय जांगिड ने भाजपा पर इलेक्ट्रोरल बांड माध्यम से चुनावी चंदा एकत्रित करने जैसे अनेक आरोपों की झड़ी लगा दी। धमतरी आगमन पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए न्होंने

मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा पार्टी के द्वारा डरा धमकाकर चुनावी चंदा वसूल की जा रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ईओडब्ल्यू द्वारा किये गये एफआईआर पर उन्होंने भाजपा पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इलेक्ट्रोरल बांड मोदी सरकार द्वारा भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया था।

भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान जारी

धमतरी/नवप्रदेश। भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपाई बूथ क्रमांक 129 महंत घासीदास वार्ड पहुंचे । जहाँ वार्डवसियों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही फिर एक बार भाजपा की मोदी सरकार बनाने जागरूकता अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान में माँ कालिका शक्ति केंद्र के संयोजन दिलीप पटेल, कार्यक्रम संयोजक प्रहलाद पटेल, विजय शर्मा, गजानंद मीनपाल, छोटू ढीमर और वार्डवासी शामिल हुए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 20240310040 0023/अ-2/ वर्ष 23-24 | पक्षकार का नाम श्रीमती मंजुलता पवार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मंजुलता पवार पति श्री दुलार सिंह पवार निवासी ग्राम सोरर गुरुर बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उतई प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	1096/25	0.010 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

आम-सूचना

मैं एलन संतोष जोसफ पिता श्री संतोष राज उम्र 19 वर्ष निवासी एम.आई.जी. 1 / 595 आमदी नगर हुडको भिलाई तह0 व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक पेश करता हूं। यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में एवं मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7528 1300 4017 में मेरा नाम एलन संतोष जोसफ(ALLAN SANTOSH JOSEPH) लिखा हुआ है जो की सही है। मेरे पिता संतोष राज भिलाई इस्पात संयंत्र में कोक ओवन एवं सी.सी.डी. में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत है जिसका पर्सनल नं. 896734 है जिसके सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एलन एस. जोसफ(ALLAN S. JOSEPH) लिखा हुआ है जिसे की सुधार कराना चाहता हूं। यह शपथपत्र अपना नाम (ALLAN SANTOSH JOSEPH & ALLAN S. JOSEPH) दोनो नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। यह शपथपत्र अपने नाम अपने पिता संतोष राज के सर्विस रिकार्ड में पूरा एवं सही नाम एलन संतोष जोसफ(ALLAN SANTOSH JOSEPH) सुधार कराने हेतु छ0ग0 राजपत्र में प्रकाशन कराने के लिये सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — एलन संतोष जोसफ

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लोकेश्वरी पाण्डेय धर्मपत्नि हेमन्त पाण्डेय, उम्र 35 वर्ष, निवासी मकान नंबर-362/3, वार्ड नंबर-39, बैजनाथपारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरी पुत्री दिपशिखा पाण्डेय की जन्मतिथि 10.10.2012 है जो कि वर्तमान में नाबालिग है। मेरी पुत्री दिपशिखा पाण्डेय के के जन्म पश्चात जारी जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम श्रीमती लोकेश्वरी पाण्डेय है जो कि सत्य व सहीं है। मेरी पुत्री दिपशिखा पाण्डेय के शैक्षणिक दस्तावेजों प्रथम से 5 वीं तक के अंकसूची में त्रुटिवश पुत्री के माता का नाम श्रीमती राधिका पाण्डेय अंकित है के स्थान पर परिवर्तित/संशोधित नाम दिपशिखा पाण्डेय माता का नाम श्रीमती लोकेश्वरी पाण्डेय रख ली हूं अब मेरी पुत्री अपने माता के परिवर्तित नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती है।

अत: शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश पुत्री के माता का नाम श्रीमती राधिका पाण्डेय अंकित है जिसे आगे भविष्य में मैं अपने पुत्री के संपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज प्रथम से 5 वीं तक के अंकसूची, शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में परिवर्तित/संशोधित दिपशिखा पाण्डेय माता का नाम श्रीमती लोकेश्वरी पाण्डेय लिखना चाहती हूं।

शपथकर्ती — लोकेश्वरी पाण्डेय, पति हेमंत पाण्डेय, मो. 9179221820

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202403104600010 /अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र आ. स्व. अलखराम निवासी पुरई अनावेदकगण परमांनद साहू, पितेश्वर कुमार साहू दोनो पिता स्व. अलखराम साहू निवासी पुरई दुर्ग के द्वारा मौजा पुरई प.ह.न. 54 रा.नि.म उतई तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा न. 593/ 593/4, 1232/3, 1256/12 रकबा 0.250, 0.100, 0.0850, 0.080 हे भूमि संयुक्त रूप से दर्ज है उक्त भूमि को पारिवारीक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन के बी-1 की छायाप्रति पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05/04/2024 अथवा प्रकाशन तिथि अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/03/2024 को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402104300071 /अ-02/ सन्- 2023-24 ग्राम जामुल, प.ह.न.01 तह. भिलाई-3

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक निकेत शुक्ला पिता कृष्णदत्त शुक्ला निवासी हथखोज पारा जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.न. 01 रा.नि.मं. जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 1017/38 रकबा 0.01 हे. भू. रा. 0.02 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 04.04.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण दिनांक 04.04.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

आम-सूचना

मै, शपथकर्ती मनीषा शुक्ला पिता श्री रामायण प्रसाद द्विवेदी, (पति श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला), उम्र 62 वर्ष, निवासी मकान न. एल-3, आदर्श नगर, कसारीडीह, दुर्ग, तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं। मेरा नाम व पता उपरोक्त बताये अनुसार सही व सत्य हैं। मेरी जन्म तिथि 08/08/1962 है जो की सही व सत्य हैं। मेरे पेन कार्ड नम्बर- (AJQPS7218H) में मेरे पिता का नाम (RAMAYAN PRASAD SHUKLA) (रामायण प्रसाद शुक्ला) दर्ज हैं। मेरे पिताजी का सही व वास्तविक नाम (RAMAYAN PRASAD DWIVEDI) (रामायण प्रसाद द्विवेदी) है जो की मेरे शैक्षणिक प्रमाण प्रत्रों में दर्ज है। मैं अपने पेन कार्ड एवं अन्य शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपने पिता का सही व वास्तविक नाम (RAMAYAN PRASAD DWIVEDI) (रामायण प्रसाद द्विवेदी) दर्ज करवाना चाहती हूं। यह शपथपत्र छ.ग. राजपत्र मे प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करना हैं। अत: यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती — मनीषा शुक्ला

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु उर्फहेमंत ठाकुर पिता/पति स्व. महेन्द्र कुमार निवासी सिकोला भाठा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम करहीडीह प.ह.न. 41 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 200 रकबा 1.2300 हे. भूमि का डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202310100700162 /अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक नरेन्द्र राठी पिता लालचंद राठी निवासी ग्राम मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 272 रकबा 0.198 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202403100400141 /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद मतीम शेख पिता मजीद शेख निवासी मकान नं. 385, केलाबाड़ी वार्ड नं. 41 दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली, प.ह.नं. 49 स्थित भूमि खसरा नं. 253/9 रकबा 0.009 हे. जो कि आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है किंतु ऑनलाईन में अपना नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज होकर प्रदर्शित होने से मूल बैनामा दस्तावेज वह ऋणपुस्तिका मे सही नाम मोहम्मद मतिम शेख का लेख करते हुए नाम सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदित भूमि के संबंध में वांछित जांच कर त्रुटि कब हुई, किस प्रकार हुई, किस प्रकार सुधार किया जा सकता है लेख करते हुए स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन तैयार कर वापस मूलतः न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/03/2024 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-3/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र राठी आ. लालचंद जी राठी निवासी-महेश नगर, पुलगांव, दुर्ग (छ.) के द्वारा ग्राम बोरसी, रा.नि.मं.-कसारीडीह, प.ह.नं.-39 स्थित भूमि खसरा नंबर 39/1, 39/5 रकबा क्रमशः 0.6320, 0.0408 हे. भूमि जो भूमिस्वामी हक में श्री लालचंद जी राठी 2. गोदावरी देवी राठी पति लालचंद जी राठी, 3. चतुर्भुज जी राठी आ. लालचंद जी राठी, 4. नरेन्द्र राठी आ. लालचंद जी राठी, 5. महेन्द्र राठी आ. मानकलाल जी राठी 6. सुरेन्द्र राठी आ. लालचंद जी राठी के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर, अटल नगर का आदेश क्रमांक 2430/एफ 4/सात/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.2020 के अनुसार संविलियन करने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 26.03.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति-आक्षेप पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से यह उदघोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी 202332443010 7300010

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी प्रविन्दर सिंह चाने पिता/पति स्व. रणवीर सिंह चाने पता दीपक नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 183/1(0.0278) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता योगेन्द्र श्रीवास पिता/पति राधेश्याम श्रीवास्तव निवासी मकान नं. 156 स्ट्रीट नं. 18 निशा ब्यूटी पार्लर के पास जवाहर नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

पुलिस ने एक सटोरिए से 1670 रु और सट्टा-पट्टी किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवकर स्टाफ को 20 मार्च को मुखबिर से सुचना मिला कि चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत गंगा प्रसाद कुर्रे पिता जुगनंदन कुर्रे उम्र 48 साल साकिन नवकेशा पुलिस चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा के द्वारा जामगांव चौक हॉटल के पीछे देवकर में आमजगह पर विभिन्न नम्बरों पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा हैं की सुचना पर पुलिस चौकी देवकर स्टाफ पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान एक आरोपी को विभिन्न नम्बरों पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया। पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में जुआ सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी के पास से कुल जुमला नगदी रकम 1670 रूपये एवं सट्टा-पट्टी, पेन जप्त किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सउनि द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक रतन श्रीवास, विकाश सिंह, दीपक सिंह एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

कोतवाली पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 9457/2021, धारा 138 ह्न्ढ्ढ एक्ट के मामले में फरार चल रहें स्थायी वारंटी यशस्वी यादव पिता घासीराम यादव उम्र 39 साल साकिन सुंदर नगर बेमेतरा को मुखबिर की सूचना पर पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, आरक्षक लवकुमार यादव एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

लोकसभा चुनाव, पीठासीन और मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में मतदान दलों पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-01 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण स्थानीय केन्द्रिय विद्यालय प्रांगण में प्रारंभ हुआ। इस दौरान 27 मास्टर ट्रेनर्स एवं 650 मतदान अधिकारियों ने विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेक्टर प्रभारियों को भी प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न कर्तव्यों को पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में मतदान से पूर्व, मतदान कक्ष, मतदान केंद्र की व्यवस्था, मॉक पोल मशीन के सीलिंग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी समस्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान अधिकारियों को दी गई। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में सभी प्रशिक्षार्थियों को पीटरसन डायरी एवं मतपत्र लेखा को विधिवत पूर्ण करना बताया गया। इसके अलावा निविदत्त मतपत्र, अभ्याक्षेपित मतों एवं प्रॉक्सी वोट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद निर्वाचन कार्यालय द्वारा समस्त कक्षा में बीयू, सीयू, वीवीपीएटी एवं कंट्रोल यूनिट को सील करने संबंधित समस्त पेपर सील, स्पेशल टैग उपलब्ध कराया गया था।

धमतरी में गिरे एक-एक किलो के ओले, किसानों की बर्बाद हुई पूरी फसल

■ खपरैल के घर पूरी तरह से बर्बाद हो गए, कई मवेशी और पशुपक्षी भी इस ओलावृष्टि की चपेट में आए.

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी में बेमौसम बारिश से किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है. किसानों का कहना है कि पहले कभी इतने बड़े ओले नहीं देखे. कर्ज लेकर फसल लगाई जो पूरी तरह बर्बाद हो गई.

छत्तीसगढ़ में बेमौसम बारिश से एक तरफ मौसम सुहाना हो गया तो दूसरी किसान की चिंता बढ़ गई. मंगलवार को डुबान इलाके के अलग अलग गांवों में रहने वाले किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और मदद की गुहार लगाई.

बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का कहर छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलों के साथ धमतरी में भी दिखाई दिया. धमतरी के माडमसिल्ली इलाके के 6 गांवों में अति ओला वृष्टि हुई है. इतनी ज्यादा बर्फबारी के बाद नजारा कश्मीर या शिमला जैसा दिखाई देने लगा. इस बर्फबारी का बच्चों ने खूब आनंद लिया. लेकिन इस खूबसूरत लगने वाले दृश्य का दर्दनाक पहलू भी सामने आया.1 किलो की साइज

के गिरे ओले- इस इलाके में लगाई गई धान, गेहूं, चान और सब्जी की पूरी फसल बर्बाद हो गई. समय से पहले ही पूरा महुआ पेड़ से झड़ गया. आम के पेड़ों में लगे बौर और अमिया भी झड़ गई. खपरैल के घरों में रहने वाले के घर पूरी तरह से बर्बाद हो गई. कई मवेशी और पशुपक्षी भी इस ओलावृष्टि की चपेट में आ गए. किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर फसल लगाई थी. जो बर्बाद हो गई. अपनी इसी परेशानी को बताने ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे. एक एक किलो के ओले गिरे हैं. पहले कभी नहीं देखा था. खपरैल के घर पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं. धान और सब्जी की पूरी फसल बर्बाद हो गई है. -पिंगल गोटा, प्रभावित ग्रामीण धान, महुआ, तेंदू, चार हमारी जीविका का साधन है जो पूरी तरह बर्बाद हो गई है. कलेक्टर ने जांच के बाद मुआवजा की बात कही है. -बृजलाल मंडावी, प्रभावित ग्रामीण सिहावा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने सरकार से जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देने की मांग की. उन्होंने कहा कि किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने की कोशिश करेंगे. धमतरी कलेक्टर ने बताया कि राजस्व की टीम को नुकसान का आंकलन करने भेजा गया है. जैसे ही रिपोर्ट आएगी. जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

होली में हुड़दंगियों पर गिरेगी गाज, नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई

■ शांति समिति की बैठक में फैसला, चौक चौराहों पर तैनात होंगे जवान, आचार संहिता का पालन करने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। शांति समिति की आयोजित बैठक मे होली पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने सहित हुड़दंगियों पर कार्यवाही की तैयारी की गई । थाना परिसर मे आयोजित शांति समिति की बैठक मे एसडीएम टंकेश्वर साहू, एसडीओपी लालचंद मोहले, थाना प्रभारी प्रतिभा लहरे,नपासीएमओ प्रमोद शुक्ला, बीएमओ डा अशोक बिसेन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रगााक खान जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शांति समिति की बैठक मे होली पर्व के दौरान दहन और रंगपर्व पर नियमों का पालन करने, बिजली सहित अन्य तारो के नीचे होली नही जलाने, पेड़ों के पास, डामरीकृत सड़को पर होलिका दहन नही करने के निर्देश दिए गए । होलिका दहन मे निर्धारित नियमों का पालन करने, गालीगलौच नही करने, तीन सवारी वाहन नही चलाने, नशे का सेवन नही करने कहा गया । रंगपर्व पर आपसी सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने, कीचड़, कैमिकलयुक्त रंगो का प्रयोग नही करने, मुखौटा नही लगाने निर्देश जारी किए गए । होली पर्व पर शहर के सड़के किनारे लगने वाले दुकानों मे यातायात नियमों का पालन करने हिदायत दी गई । किसी भी प्रकार की घटना पर पुलिस को त्वरित जानकारी देने कहा गया । एसडीएम टंकेश्वर साहू ने होली पर्व पर आचार संहिता का पालन करने, शहर मे लागू 144 धारा का ध्यान रखने निर्देश देते कहा कि किसी भी प्रकार के हुड़दंग पर हुड़दंगियों पर त्वरित कार्यवाही करने पुलिस अधिकारियो को निर्देश दिए । चौक चौराहो पर तैनात होगें जवान, अस्पताल मे पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश होली पर्व पर शहर सहित ग्रामीण इलाको मे शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बल की तैनाती होगी । एसडीओपी लालचंद मोहले ने बताया कि होली पर्व के दौरान पूर्व की भांति शहर के विभिन्न चौक चौराहो पर जवानो की तैनाती की जाएगी । शहर सहित ग्रामीण इलाको मे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टियों लगातार गश्त कर नजर रखेगी । माहौल बिगाड़ने, नशे मे वाहन चलाने, तीन सवारी वाहन चालको पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी । सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी किसी प्रकार के विवादित पोस्ट पर पुलिस की नजर रहेगी और त्वरित जानकारी के साथ कार्यवाही के निर्देश दिए गए है । एसडीएम साहू ने स्थानीय सिविल अस्पताल मे इलाज की पर्याप्त व्यवस्था रखने, अतिरिक्त चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात करने, अप्रिय दुर्घटना सामने आने पर त्वरित चिकित्सकीय व्यवस्था बनाने निर्देश दिए । नगरपालिका सीएमओ को होलिका दहन से होली पर्व के दौरान पानी टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था बनाने, कर्मियों की तैनाती, शहर मे परंपरानुसार होलीपर्व पर दोपहर मे अतिरिक्त नल चालू करने के निर्देश दिए।

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश वनांचल क्षेत्र सालेवारा रेंगाखार दौरे पर, मिल रहा जनसमर्थन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा के 15 वर्षीय निष्क्रिय भाजपा सांसदीय नेतृत्व में जिस प्रकार से वनांचल क्षेत्र सालेवारा, रेंगाखार की अनदेखी की गई थी, जो 5 वर्षीय भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने जो मूलभूत सुविधायें वनांचल क्षेत्र में दी है, इसका बेहतर प्रतिसाद लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के वनांचल दौरे पर देखने को मिला।

भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में जनता के प्रति जनता के इस अपार्ट्स ने के लिए आभार जताते हुए कांग्रेस की पांच गारंटियों के बारे में भी जन समूह को अवगत कराया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी घोषित होते ही भूपेश बघेल लगातार लोकसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉकों में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं जन समूह से भेंट-मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में जन समर्थन के जुटा रहे हैं। इसी क्रम में उनका वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा-रेंगाखार क्षेत्र में प्रवास के दौरान ओलावृष्टि और बेमौसम भारी बारिश के बाद भी भूपेश बघेल के आगमन को देखते हुए विशालजन

समूह ने जो आतिशी स्वागत किया, इससे यह साफ हो गया कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की जीत में प्राकृतिक आपदा भी बाधा नहीं बन सकती। क्षेत्र की जनता 15 वर्षीय भाजपा सांसदों के निष्क्रिय नेतृत्व का दंश झेलते हुए मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। छग में कांग्रेस सरकार आने के बाद भूपेश बघेल की नेतृत्व में साल्हेवारा में तहसील कार्यालय, शिक्षा के लिए आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 50 बिस्तर अस्पताल, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक बालक कन्या छात्रावास के लिए भवन, नर्मदा से खादी एवं साल्हेवारा से चिल्फी सड़क निर्माण साथ ही साथ रोजगार के साधन उपलब्ध कराने के लिए लघु अनुपात प्रोसेसिंग इकाई की सौगात देकर वनांचल क्षेत्र में अर्थव्यवस्था मजबूत करने भूपेश बघेल ने योगदान दिया।

शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखें और लगातार कार्रवाई करें : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन और होली के त्यौहार को देखते हुए सुरक्षा आदि की दृष्टि से कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आज गुरुवार को ज़िला मुख्यालय कोबिया स्थित देशी मदिरा वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संधारित पंजियों की जांच की। वेयर हाउस में संग्रहित मदिरा स्कंध का सत्यापन किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने उपलब्ध देशी मदिरा के मूल्य, देशी मदिरा भंडारण क्षमता आदि की जानकारी ली। दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की बात कही।

वेयर हाउस में लगे समस्त सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में पाए गए, जिसके माध्यम से देशी मदिरा स्कंध पर सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने आबकारी अधिकारियों को निर्वाचन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखें और लगातार कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान अपर डॉ अनिल बाजपेयी, सीएसपी श्रीमती ज्योति सिंह, ज़िला आबकारी अधिकारी नितिन खण्डूजा, आबकारी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने साफ सफाई बनाए रखने एवं दीवारों में पेंट करवाने को कहा, साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री साहू द्वारा निर्देशित किया गया कि लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

धान अंतर की राशि निकालने बैंक में लगी किसानों की लंबी लाइन

■ होली त्यौहार का असर, 20 हजार से अधिक किसानों ने बेचा था धान

खैरागढ़/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद सरकार द्वारा किसानो के खातों मे भुगतान की गई अंतर की राशि निकालने बड़ी संख्या मे रोजाना किसान बैंकों मे पहुँच रहे है । शहर के मुख्य मार्ग स्थित जिला सहकारी बैंक मे सबसे ज्यादा किसानो की भीड़ उमड़ रही है । रोजाना समितिवार किसानो को किए जा रहे भुगतान के बाद भी रोजाना एक हजार से अधिक किसानो को अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है । बैंको मे होली त्योहार के पहले राशि निकालने बड़ी संख्या मे किसान सुबह से बैंक मे लाइन लगा रहे है । भारी भीड़ का असर अन्य खातेदारो को भी पड़ रहा है । किसानो को अंतर की राशि भुगतान के लिए लग रही भीड़ के चलते रोजाना के अन्य खातेदारो को भी भीड़ के चलते राशि जमा करने और निकालने मे मशक्कत करनी पड़ रही है । खैरागढ़ जिला सहकारी बैंक के तहत आने वाले 11 धान खरीदी समितियों मे इस साल 20 हजार से अधिक किसानो ने समर्थन मूल्य मे अपना धान बेचा है । 11 समितियों मे इस बार रिकार्ड 11 लाख 95 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है । इसके अंतर की राशि मे लगभग 1 अरब 9 करोड़ 64 लाख रू से अधिक की राशि का भुगतान किसानो के खातों मे किया गया है । जिला मुख्यालय मे किसानो की बैंको मे उमड़ रही भीड़ के चलते कई बार सड़क जाम की स्थिति बन रही है । किसानो को भुगतान के चलते जिला सहकारीबैंक की स्थानीय शाखा मे अधिकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त समय तक भुगतान के लिए काम करना पड़ रहा है । किसानो के अंतर राशि के भुगतान का असर सहकारी बैंक के अलावा अन्य बैंको मे भी दिखाई दे रहा है । सहकारी बैक के अलावा शहर के अन्य बैंको मे भी होली पर्व पर नगद राशि निकालने बड़ी संख्या मे किसान और अन्य लोग पहुँच रहे है । ऐन त्योहार के पहले खातो मे धान समर्थन मूल्य के अंतर की राशि आने का व्यापक असर भी दिख रहा है । बैको मे रोजाना भुगतान के लिए राजनांदगांव से नगदी राशि मंगवाई पड़ रही है । किसानो के पास अंतर राशि पहुँचने का असर होली के बाजार मे भी दिखने लगा है । बैंको मे उमड़ रही किसानो की भीड़ के साथ साथ मुख्य मार्ग मे यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है ।

निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा के आदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत जिले में गठित मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण गत दिवस 17 मार्च 2024 दिन रविवार को जिलें के सभी विकासखंड मुख्यालय में आयोजित किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन इस दिन जिले के चारों विकासखंड में प्रशिक्षण ले रहे स्कूल शिक्षा विभाग अधिकारी व कर्मचारियों के निरिक्षण में गए थे।

इस दौरान कई शिक्षक बिना सुचना के नदारत पाए गए, जिसके लिए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में कुल 44 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे। जिला निर्वाचन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं और तय समय सीमा 3 दिवस के भीतर में उसका जवाब माँगा हैं। कलेक्टर ने शख्त निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन के दौरान ऐसी अनियमितता बिलकुल भी बर्दास्त नहीं की जाएगी। तत्सबंध में अपना स्पष्टीकरण कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बेमेतरा के निर्वाचन शाखा (कक्ष कमांक 47 प्रथम तल) में तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किये जाने/संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

बीस हजार किसानों ने फसल क्षति की सूचना दर्ज कराई

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में बीते चार दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश से रबी फसल चना, गेहू और उद्यानिकी फसल पपीता और केला के फसल को ज्यादा नुकसान पहुंचा है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर फसल क्षति का सर्वे करने राजस्व, कृषि, उद्यानिकीय और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम पहुंच कर काम शुरू कर दिया है। संयुक्त सर्वे टीम को रबी फसलो में चना, गेहू और उद्यानिकीय फसलों में पपिता और केली की फसलों में क्षति पहुंचने की जानकारी समाने आ रही है। कलेक्टर ने तहसीलवार ओलावृष्टि और बारिश वालें क्षेत्रों सहित सभी फसलों की क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने बीमा और बिना बीमा दोनों प्रकार के फसलों को सर्वे करने के निर्देश दिए है,ताकि दोनों प्रकार के किसानों राहत मिल सके। कवर्धा तहसील के दशरंगपुर, भागुटोला, बोड़ला तहसील के ग्राम महराजपुर सहित आसपास के गांवों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का नजरी आंकलन करने कलेक्टर स्वयं खेतों तक पहुंचे। इसी प्रकार कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहरा और पंडरिया तहसील के अंतर्गत राजस्व, कृषि, उद्यानिकीय और बीमा कंपनी की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे का काम किया जा रहा है।

सर्वे टीम द्वारा किसानों को यह भी जानकारी दी जा रही है कि जिन-जिन किसानों ने अपने फसलों का बीमा नहीं कराया है, ऐसे फसलों की क्षति पूर्ति राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के तहत सहायता राशि दी जाएगी। इसी प्रकार बीमा कंपनी द्वारा भी प्रकरण तैयार किया जा रहा है। कृषि उपसंचालक ने बताया कि जिले में अब तक 20 हजार से अधिक किसानों ने अपने ओला वृष्टि और बेमौसम बारिश से फसलों को क्षति पहुंचने का बीमा की पोर्टल में शिकायत दर्ज कराया है ।

सुरेन्द्र दास वैष्णव को पीसीसी अध्यक्ष बैज पार्टी से निष्कासित करें : रोशनी सिन्हा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कॉग्रेस की सचिव और प्रदेश प्रतिनिधि श्रीमती रोशनी सिन्हा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज से अनुशासन हीनता करने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र दास वैष्णव को तत्काल पार्टी से बाहर करने की मांग की है विगत दिनों कार्यकर्ता सम्मेलन सोमनी में आहूत किया गया था जिसमें कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में कार्यकर्ताओं को चार्ज करने के दृष्टिकोण से बैठक में रखी गई थीए बारी.बारी से कार्यकर्ताओं को बोलने का मौका दिया गया जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी भी मौजूद थे उस बीच पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र दास वैष्णव के द्वारा अपनी बात रखी गई किंतु उसकी बात पार्टी हित में न रहकर विरोधाभास रहा जो

अनुशासनहीनता के दायरे में आता है ए जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है जो स्पष्ट नजर आ रहा है मैं पूछना चाहती हूं कि कांग्रेस पार्टी एक परिवार है और यह मामला पार्टी फोरम में रखना चाहिए था ना कि कार्यकर्ता सम्मेलन में एअपनी पीड़ा को जिला अध्यक्ष या प्रदेश स्तर के नेताओं के पास रखना चाहिए सार्वजनिक रूप से सम्मेलन में रखी गई जो पार्टी विरोधी गति को हवा दे रही है जब आप इतना निष्ठावान कांग्रेस के एक कट्टर सिपाही है और आपको इतनी पीड़ा है तो पार्टी के गरिमा को ध्यान में रखते हुए बड़ों का कैसे सम्मान किया जाता है।

खण्डसरा-मारो में शांति समिति की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। होली पर्व को लेकर बेमेतरा पुलिस द्वारा पुलिस चौकी खण्डसरा परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत किया गया, आर्दश आचार सहिंता के नियमों का पालन करते हुए, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, सउनि शंकर लाल सोनवानी के द्वारा आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुये पुलिस चौकी खण्डसरा एवं मारो क्षेत्रांतर्गत के रहने वाले वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण, कोटवारो की उपस्थिति में शांति समिति की मीटिंग ली गई। जिसमें अपने अपने गांव/शहर में होलिका दहन सुरक्षित एवं खुले स्थान पर हो, आसपास बिजली के तार, पैरावट, भूसा, सकरी गलियों में न किया जाय।

राजनीति | भाजपा कार्यकर्ता, संस्कार और समर्पण में विश्वास करते हैं : पांडे, कार्यकर्ताओं के समर्पण-कर्तव्यनिष्ठा से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : भावना

कांग्रेस सरकार के कुशासन,अराजकता से परेशान मतदाताओं ने मतदान से दिया जवाब : शर्मा

पंडरिया/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। एक ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस अभी भी 5 सीटों पर प्रत्याशी के लिए मंथन कर रही है। आज इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प किया तो वहीं पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री

विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित वरिष्ठ नेता और पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन,अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किये हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राजनांदगांव के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है।भावना बोहरा ने आगे कहा की महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए उनके खातों में ट्रांसफर किया गया और प्रतिमाह 12 हजार की आर्थिक सहयता देने की घोषणा महिला सशक्तिकरण के पथ में ऐतिहासिक निर्णय है। महज 100 दिनों के भीतर किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस, 3100 रुपए में धान खरीदी, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा देने की बात हो या पांच वर्ष तक आवास के लिए तरसने वाले 18 लाख परिवारों के जीवन में खुशहाली लाने की बात हो भाजपा सरकार ने अपने वादों को पूरा किया है।

न्यूज गैलरी

शुष्क दिवस 25 को

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने होली पर्व पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। होली (जिस दिन रंग खेला जाये) के अवसर पर जांजगीर-चाम्पा जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2 (घघ), देशी मदिरा सी.एस.-2 (घघ-कंपोजिट), विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ) एवं भण्डारण भाण्डागार जांजगीर को 24 मार्च 2024 को समयावधि पश्चात् बन्द करने एवं 25 मार्च 2024 दिन सोमवार को पूर्णतः बन्द रखने का आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर ने संबंधित वृत्त प्रभारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, उक्त दिवस को अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर सुनिश्चित करें, कि उनके प्रभार क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं भण्डारण भाण्डागार निर्धारित समयावधि पर बन्द हो जाए, उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही किसी रूप में न बरतें-कलेक्टर

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 03 जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सभी 8 विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान आपसी समन्वय और संचार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें एवं निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने सभी सहायक रिटर्निंग आफिसरों को विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मूलभूत जानकारी, विभिन्न प्रकार की अनुमति हेतु प्राधिकारी, ईव्हीएम-वीवीपैट, मतपत्र मुद्रण, प्रेक्षको से समन्वय तथा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के तहत गठित उडनदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, लेखा दल, वीडियो अवलोकन दल की नियुक्ति, प्रशिक्षण एवं निर्वाचन घोषणा के साथ कियाशीलता की जानकारी भेजने तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मडावी, संयुक्त कलेक्टर आराध्या राहुल कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मतदाताओं को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान कराने हेतु स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत सरगुजा जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज अंबिकापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आकाशवाणी चौक अंबिकापुर में नुक्कड़ नाटक एवं फ्लैश मोब का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार सरगुजा जिले की स्वीप जिला आईकॉन सीनियर सिटीजन सुश्री वंदना दत्ता के द्वारा अग्रसेन भवन अंबिकापुर में आयोजित सम्भाव महिला मंच सेवा किटी समूह, वसुधा महिला मंच के सदस्यों के कार्यक्रम में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक किया गया, स्वीप की जिला आइकॉन के द्वारा उपस्थित महिला प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाया गया।

सहायक आयुक्त की कार्रवाई पर सवालिया निशान

पहाड़ी कोरवा भृत्य की हड़पी गई राशि दिलवाई, हड़पने वाले को माफी

नौकरी पर खतरा बताकर शिक्षक ने हड़प लिए थे लाखों रुपए

कोरबा/नवप्रदेश। बीते दिनों सरकारी स्कूल में भृत्य के पद पर कार्य कर रहे एक पहाड़ी कोरवा कर्मी से उसकी नौकरी पर खतरा बताकर उसी स्कूल के टीचर ने लाखों रुपये हड़प लिए। इसके लिए टीचर लगातार भयादोहन करता रहा और कोरवा पास रकम नहीं होने पर दो बार उसके नाम पर बैंक से लोन तक निकलवाकर वसूली की। मामला उजागर होने पर कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर आदिवासी विकास विभाग को जांच के आदेश दिए। सहायक आयुक्त आदिवासी ने 20 मार्च को एक चुटका जारी कर बताया है कि पहाड़ी कोरवा से हड़पी गई राशि उसे संबंधित टीचर से वापस दिलवाते हुए न्याय दिलाया गया है। पर सवाल यह उठता है कि ये कैसा इंसाफ है, जिसमें कोरवा की आर्थिक और मानसिक रुप से क्षति पहुंचाते हुए लगातार ब्लैक मेल कर उगाही करते रहे उस टीचर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। कोरवा की लिखित शिकायत में कहा गया था कि टीचर ने बड़े अधिकारियों को खुश करने की बात कहते हुए रकम मांगी थी। ऐसे में इस आधी-अधूरी कार्यवाही को न्याय बताकर खुद विभागीय अधिकारी सवालों के कटघरे में नजर आ रहे हैं।

उल्लेखनीय होगा कि संरक्षित आदिवासियों में शामिल पहाड़ी कोरवा के भयादोहन कर लाखों रुपए ठगने का यह मामला शासकीय माध्यमिक शाला देवपहरी से सामने आया था। यहां रहने वाले सुंदर साय पहाडी कोरवा पिता जग्गू राम कोरवा मिडिल स्कूल देवपहरी मे भृत्य है। उसने कलेक्टर के समक्ष लिखित में शिकायत की थी कि बीच-बीच में स्कूल नहीं जाने के कारण स्कूल में पदस्थ करम गुरुजी ने उसके खिलाफ अधिकारियों से बड़ी शिकायत होने का डर दिखाया। शिक्षक ने कोरवा की नौकरी जाने का डर दिखाककर उसकी शिकायत को दबवा देने के बदले पैसे की मांग की। आर्थिक दशा ठीक न होने की बात कहने पर शिक्षक उसे बैंक ले गया और 4 लाख 50000 लोन निकलवाया। इस पैसे से भृत्य को 2 लाख 10000 दे कर बाकी रकम यानी 2 लाख 40000 लोन वाले साहेब को देने में खर्च हो गया कहकर खुद रख लिया। इसके 2-4 माह बाद शिक्षक ने कहा कि मामला रफा दफा करने बड़े अधिकारी और पैसा मांग रहे है। यह कहकर फिर पैसे मांगे। कोरवा ने पैसा नही होने की बात कही तो शिक्षक ने अपनी जेब से साहब के लिए दे देने और बाद में पूरी रकम ब्याज सहित वापस करने का प्रस्ताव दिया। नौकरी बच जाने की उम्मीद पर भृत्य मान गया। इसके कुछ दिन बाद से शिक्षक सुंदर साय से बार-बार रुपये मांगने लगा और उस पर यह कहकर दबाव डालने लगा कि मेरा पैसा दे नही तो तुझे नौकरी से निकलवा दूंगा। शिक्षक ने फिर से बैंक से लोन की बात कही और 25 मार्च 2021 को 6 लाख 50000 लोन निकलवाया गया। इस पैसे में सुंदर साय को 1 लाख 60000 रूपए देकर शिक्षक ने उस से 4 कोरा चेक में दस्तखत कराकर रख लिए। सुंदर साय का कहना है कि बाद में जब वह रकम निकालने बैंक गया तो पता चला कि उसका खाता खाली है। जानकारी लेने बैंक प्रबंधन ने बताया कि चेक से एक बार 140000 फिर 83500 फिर 100000 कुल तीन बार में पूरी रकम उन्हीं कोरे चेक से पहले ही निकाली जा चुकी थी, जिसके लिए उन्हीं दस्तखत वाले कोरे चेक का इस्तेमाल किया गया था। मामले की शिकायत के बाद कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए आदिवासी विकास विभाग को मामले के निपटारे का जिम्मा सौंपा था। इस पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने शिक्षक करम गुरुजी से और बैंक चेक के माध्यम से पहाड़ी कोरवा को रकम लौटाने की जानकारी जारी की है।

दोनों पक्षों के मध्य गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर में कलमबद्ध कार्रवाई

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि 19 मार्च को मीडिया में प्रकाशित शीर्षक पहाड़ी कोरवा को नौकरी जाने का भय दिखाकर 7.30 लाख हड़प गए गुरूजी, को कोरबा कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेते हुये पीड़ित सुंदरसाय कोरवा को न्याय दिलाते हुए हड़प किए गए राशि को वापस कराया गया। गुरूजी करमलाल चौहान से चेक के माध्यम से राशि 3 लाख 61760 रूपये एवं फायनेंस कम्पनी के कर्मचारी सुरभवन सिंह और संतोष पाण्डेय से चेक के माध्यम से राशि 3 लाख 72000 रूपये दिलवाया गया है। यह पूरी कार्यवाही 20 मार्च को दोनो पक्षों के मध्य गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर में कलमबद्ध करते हुए की गई है।

चिरमिरी के लोगों ने एक स्वर में कहा- हम सब महंत के साथ

कार्यकर्ताओं के दम पर लड़ेंगे चुनाव- ज्योत्सना

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्रांतर्गत पहुँच कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में एकजुटता से काम करने का आह्वान किया। मितानिन मिलन समारोह में शामिल होकर उनके द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में मैदानी स्तर पर किये जा रहे कार्यों को सराहा।

इस दौरान ज्योत्सना महंत ने चिरमिरी में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बैकुंठपुर-कोरिया-चिरमिरी व एमसीबी जिला सहित कोरबा संसदीय क्षेत्र में आने वाले सभी गांव व शहरी क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। कोरबा-जीपीएम व बैकुंठपुर-कोरिया-चिरमिरी व एमसीबी जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में लगातार प्रयास किया गया है, जिसका परिणाम सामने आया है कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुआ है और आज 250 छात्र-छात्राएं डॉक्टर बनने की पढ़ाई कर रहे हैं। आने वाले समय में संसदीय क्षेत्र के अन्य जिलों में भी बेहतर स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा और मूलभूत सेवाओं व सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगी। संसदीय क्षेत्रवासियों का मुझे व महंत परिवार को हमेशा से स्नेह व आशीर्वाद मिलता रहा है और पूरा विश्वास है कि आगे भी यह स्नेह बना रहेगा। भाजपा प्रत्याशी को लेकर सवाल पर ज्योत्सना महंत ने कहा कि मेरी तरह वह भी महिला हैं। ये अलग बात है कि वह हमारे विपक्ष में चुनाव लड़ रही हैं, मगर मैं उनके खिलाफ कुछ नहीं कहूँगी। मैं और डॉ. चरणदास महंत कबीर पंथ के हैं। हम कबीर पंथी सादगी से रहते हैं और सादगी से चुनाव लड़ते हैं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण होते हैं और कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव लड़ते और जीतते हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में कहा कि यह ऊपर की बात है और भाजपा को इसका जवाब देना चाहिये। सांसद ने अपने भेंट-मुलाकात के दौरान चिरमिरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर उत्कल समाज के लोगों से मुलाकात की व डोमनहील बाजार में नुक्कड़ सभा कर अपनी बात रखी। वहीं छोटा बाजार में कपूर सिंह व डफई निवासी विकास कुमार के निवास में भेंट-मुलाकात की। वार्ड क्रमांक 20 छोटा बाजार में भेंट-मुलाकात के दौरान आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना व कांग्रेस के पक्ष में समर्थन व आशीर्वाद मांगा।

कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त सचिव पाण्डेय ने पार्टी से दिया इस्तीफा

जांजगीर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव इंजी. रवि पाण्डेय ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संयुक्त महासचिव के पद पर कार्यरत हैं।

विगत 30 वर्षों से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, युवक कांग्रेस और मुख्य संगठन के माध्यम से हर परिस्थिति में पार्टी को अपनी सेवा दिया । विशेषकर पार्टी के डिजिटल सदस्यता अभियान में जाँजगीर- चाँपा ज़िले में 43 हज़ार सदस्य बनाकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर एवं 2018 के शक्ति प्रोजेक्ट सदस्यता अभियान में जाँजगीर-चाँपा विधानसभा क्षेत्र में 10 हज़ार सदस्य जोड़कर प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा, परंतु विगत कुछ महीनों से ख़ासकर विधानसभा चुनाव के समय और उसके बाद पार्टी के कई निर्णयों से वे असहमत हैं। अंतर्मन की असहमति के कारण वे कांग्रेस पार्टी में कार्य करने में असमर्थ हैं इसलिए अपने वर्तमान पद के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से आज इस्तीफ़ा दे रहे हैं। ज्ञात हो कि कुछ महीनों से चर्चा थी कि इंजी. रवि पाण्डेय कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़ सकते हैं और आज उस चर्चा को विराम लग गया। इंजी. पाण्डेय कांग्रेस के क़द्दावर नेता रहे हैं और विधानसभा के विगत तीन चुनावों से मज़बूत दावेदार भी रहे। विशेषकर विगत विधान सभा के चुनाव के पहले सदस्यता अभियान में प्रदेश में टॉप रहने के साथ साथ उनकी सक्रियता के चलते इंजी. पाण्डेय टिकट के प्रबल दावेदारों में थे, मगर उन्हें टिकट नहीं मिला। निकट भविष्य में इंजी. पाण्डेय का अगला कदम क्या होगा यह तो वक्त ही बताएगा।

शरद बालको कर्मचारी संघ के बने अध्यक्ष

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त बालको कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से संघ की कमान शरद नायर को सौंपते हुए उन्हें अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अनिल दुबे व ओपी राजपुरोहित कार्यकारी अध्यक्ष और परेश बैरागी को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है। बालको कर्मचारी संघ सम्बद्ध (बीएमएस) का द्विवार्षिक अधिवेशन मंगलवार को आयोजित किया गया। यह अधिवेशन भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष शोभा सिंहदेव, विभाग प्रमुख डी वेंकट राव, जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा एवं जिलामंत्री नवरत्न बरेठ उपस्थित थे। अधिवेशन में कुल 10 प्रतिवेदन दिए गए। इनमें मुख्य रूप से श्रमिकों का स्लैब्स एवं कर्मचारियों का आगामी स्लैब्स समयबद्ध व सुनियोजित ढंग से पूर्ण कराने, बालको हॉस्पिटल में श्रमिकों को भी मेडिकल सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराने और जो साथी निलंबित हैं, उनकी निःशर्त काम में वापसी समेत अन्य प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसके तहत शरद नायर बालको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे व ओ.पी. राजपुरोहित, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, प्रशांत शेण्डे, वरुण पांडे, मुकेश ठाकुर, महामंत्री माखन लाल वर्मा, संयुक्त महामंत्री देवेन्द्र द्विवेदी, कोषाध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी, उपकोषाध्यक्ष संजय सहानी, संगठन मंत्री अमित पटेल व हरीश सोनवानी, कार्यालय सचिव परेश बैरागी, सचिव लेखराज मरावी, देवेन्द्र पाठक, लखीराज, आशीष कुंभकार, जितेन्द्र वर्मा नियुक्त हुए हैं। चुने गए सहसचिवों में अजय बराल, रेवाशंकर साहू, अजय निराला, सुंदर चौधरी, योगेश यादव, वीएस त्रिपाठी शामिल हैं। विधिक सलाहकार नरेंद्र तिवारी को बनाया गया है।

आपसी भाईचारे से होली मनाने शांति समिति की अपील

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने 24 मार्च को होलिका दहन, 25 मार्च को होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं जाने के लिए शांति समिति की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों और पुलिस की टीम को संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। होलिका दहन के नाम पर हरे भरे वृक्षों को काटने वालों के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

अंधेरगर्दी | शिकायत के बाद भी जलसंसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बेखबर

झड़ियों में गुम हो गई नहर!

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा के मध्यम सिंचाई परियोजना के रूप में जाने जाना वाला कुंवरपुर जलाशय से संबंध मुख्य नहर एवं लखनपुर छोटी माइनर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के उपेक्षा का दंश झेल रहा है। सूरतेहाल ऐसा है कि देखरेख साफ-सफाई के अभाव में नहरों में झाड़ झाड़ियों ने अपना बसेरा बना लिया है। दरअसल हर साल बांध, नहर मेड मरम्मत, साफ-सफाई कराने के नाम पर अधिकारियों द्वारा शासकीय राशि निकाल तो लिया जाता है लेकिन कराया गया। कार्य कहीं नजर नहीं आता। साफ-सफाई मरम्मत के नाम पर महज़ खाना पूर्ति कर शासकीय राशि का बंदरबांट कर लिया जाता है। व्यय राशि का धरातल में कोई सार्थक नतीजा नजर नहीं आता। यदि कुंवरपुर जलाशय से जुड़े मुख्य नहर की बात की जाये तो ग्राम कंचनपुर ,तराजू, लटोरी, कोरजा, बगदर्री बिनकरा, गुमगराकला से आगे कदरई विश्रामपुर सीमा तक मुख्य नहर विभागीय उच्च अधिकारियों के अनदेखी, गैरहिफाजती करतूत का मूक साक्षी बना हुआअपने बदहाली की दास्तां बयां कर रही है। विभाग के हेड से टेल तक पानी पहुंचाने के सभी दावे खोखले झूठे साबित हो रहें हैं। हर साल नहर मेड की सुधारीकरण तथा साफ-सफाई बताकर जलसंसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने जेब गरम कर रहे हैं। सच्चाई तो ये है कुंवरपुर बांध नहर मेड की साफ-सफाई मरम्मत कार्य फकत कागजों में ही हों रहा है। खर्च दिखा कर शासकीय राशि का बंदरबांट कर कर लिया जाता है । लखनपुर छोटी माइनर की मरम्मत बेहद जरूरी है लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। नहर मेड कई स्थानों से टुटे फूटे अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कुछ साल पहले लखनपुर छोटी नहर में लाइनिंग, क्रासिंग पुल कार्य कराये जाने की चर्चा चली थी। परन्तु सिर्फ चर्चा ही था। जलसंसाधन विभाग इस पर अमल नहीं किया। लिहाजा छोटी माइनर की हालत बद से बदतर है। किसानों को खेत तक पानी ले जाने में काफी मशक्कत करनें पड़ रहें हैं। कुंवरपुर जलाशय से जुड़े नहर रूपी धमनी शिराओं का रखरखाव सही तरीके से जब-तक नहीं होगा तो यह तय है कि खेतों के सिंचाई के लिए पानी ले जाने में क्षेत्र के किसानों को दिक्कतो का सामना हमेशा करते रहना पड़ेगा। कुंवरपुर लखनपुर सहित आसपास सिंचित एरिया के किसानों ने नहर मेड़ों की सुधारीकरण तथा साफ-सफाई प्रमुखता से कराने शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है। किसानों ने यह भी कहा है कि कुंवरपुर जलाशय में पदस्थ एसडीओ, उपअभियंता नहर के हालात का जायजा लेने कभी नहीं आते जलसंसाधन विभाग ताकीद करें कि अपने फर्ज को बखूबी अंजाम दे।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना जरुरी

स्वीप कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

जाजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में लोक सभा निर्वाचन 2024 प्रयोजनार्थ सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन में सहभागिता लाने हेतु स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता हेतु क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों का समूह बनाकर कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त समूह में डाइट के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल 12 शिक्षार्थियों ने भाग लिया। संस्था के प्राचार्य बी. पी. साई ने लोकतंत्र में वोट की कीमत बताते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने का आहवान किया। कार्यक्रम में डाइट के सदस्य एवं छात्र-अध्यापक उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सुकमा में 8 लाख के इनामी नक्सली समैया सोढ़ी ने किया सरेंडर

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में चुनाव है. चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गई है. सभी जिलों में स्थानीय पुलिस के साथ साथ सीआरपीएफ और डीआरजी जवानों की तैनाती की गई है. इस दौरान लगातार बस्तर में नक्सल एनकाउंटर और कई नक्सलियों का सरेंडर भी जारी है. बुधवार को सुकमा में एक बड़े इनामी नक्सली ने सरेंडर किया. 8 लाख के इनामी नक्सली का सरेंडर~ सरेंडर करने वाले नक्सली का नाम समैया सोढ़ी है, जिसकी उम्र 30 साल है. सोढ़ी प्रतिबंधित नक्सली संगठन की सेंट्रल रीजनल कमांड (सीआरसी) कंपनी नंबर 2 की पीपुल्स पार्टी कमेटी का सदस्य था. छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था और कई नक्सली घटनाओं में सुरक्षाकर्मियों पर हमलों में शामिल रह चुका है. बस्तर में साल 2015 से साल 2021 तक बीजापुर, कांकेर और सुकमा में जवानों पर हमले की कई घटनाओं में शामिल रह चुका है. पुना नारकोम पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर किया सरेंडर~ जिला पुलिस के नक्सलियों के पुनर्वास अभियान %पुना नारकोम% (स्थानीय गोंडी बोली में गढ़ा गया एक शब्द, जिसका अर्थ है %नया सवेरा, नई शुरुआत%) से प्रभावित होकर नक्सली ने सरेंडर किया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के प्रावधानों के अनुसार सुविधाएं दी जाएगी.

प्रभावित किसान फसल नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर दें

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में पिछले 02 दिनों से असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। 17 और 18 मार्च को हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं व चना सहित रबी फसलों को भारी क्षति पहुंची है। कृषि विभाग के उप संचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि जिले के गंडई और खैरागढ़ तहसील में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इन क्षेत्रों में 4.7 मिमी और 0.5 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। बताया कि बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने का प्रावधान है। योजना के तहत, यदि अधिसूचित इकाई में 25 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल में फसलों का नुकसान होता है, तो सभी बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा। यदि नुकसान 25 प्रतिशत से कम है, तो क्षति का आकलन करके किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। किसानों को अपनी फसल में हुए नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी को टोल फ्री नंबर 1800-419-0344 पर या 14447 पर कॉल करके या लिखित रूप से स्थानीय राजस्व या कृषि अधिकारियों या संबंधित बैंक से देनी होगी।

सहायक शिक्षक फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से परेशानी बताई

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन खैरागढ़ जिला अध्यक्ष रामलाल साहू के अगुवाई में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी से मुलाकात कर स्वागत करते फेडरेशन के विभिन्न मांगों पर चर्चा की। इस दौरान चुनाव पश्चात तत्काल प्रधान पाठक पदोन्नति सूची जारी करने , तात्कालिक उ%च परीक्षा अनुमति जारी करने की बात कही । 1 अप्रैल से सुबह स्कूल, जीपीएफ पासबुक, ग्रीष्मकालीन शिविर लगाकर सर्विस बुक संधारण के साथ-साथ विभिन्न स्थानीय समस्या से भी फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया । फेडरेशन पदाधिकारियो ने जिला निर्वाचन कार्यालय जाकर विधानसभा चुनाव ड्यूटी का मानदेय का त्रुटी सुधार करवाया ।

किसानों ने धान के अंतर की राशि दिलाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ अंतर राशि नहीं मिलने से किसान परेशान और चिंतित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के अधिकांश किसानों के खाते में धान बोनस यानि अंतर की राशि नहीं आने से वे परेशान है. ये वे किसान है, जिन्होंने दूधाधारी मठ ट्रस्ट या फिर स्कूल और कॉलेज की खेत रेगहा में लेकर धान बुवाई कर सोसायटी में बेचे थे. इनका भुगतान उन्हें मिल चुका है पर अंतर की राशि नहीं मिली है, जिसको लेकर वे आज कलेक्टर केएल चौहान से मिले और अंतर की राशि दिलाने निवेदन किया. इस पर कलेक्टर ने शासन के नियमों का हवाला देकर कहा कि शासन से यदि आदेश जारी होता है तो निश्चित ही आपके खाते में पैसा आ जाएगा.

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने किसान नरेन्द्र वर्मा, विजय कोशले, मन्नू यादव, छेदन बंजारे, रूपेश घृतलहरे, धनबाद, महाराज, रेशम साहू और रूपसिंह सभी ग्राम ओड़ान निवासी और कसडोल विकासखंड से भी किसान आये थे.

किसानों का कहना है कि जब धान बेचे तो उसकी रकम किसानों के खाते में आ गया है पर अब जब अंतर की राशि के भुगतान की बारी आई तो नियमों का हवाला दिया जा रहा है. जबकि पूर्व सरकार में हमें बोनस की राशि का भी भुगतान हुआ था, फिर यह तो धान बिक्री की रकम है, यह उनका हक है और मिलना चाहिए.

कलेक्टर केएल चौहान ने बताया कि यह फैसला शासन स्तर का है. रेगहा या किराये की खेती का भुगतान नहीं होता है.

किसानों ने आज भुगतान करने आवेदन किया है, जिसको राज्य शासन को भेजा जाएगा और उसके बाद जैसा निर्देश प्राप्त होता है आगे काम किया जाएगा.

बता दें कि इस तरह दूधाधारी मठ के अन्तर्गत सैकड़ों किसान है. इसके अलावा विभिन्न स्कूल भी है, जिनकी जमीन भी किसान किराये पर लेते हैं और धान बोते हैं और धान की कीमत भी उन्हीं के खाते में आती है, पर इस बार नहीं आने से किसान परेशान है. देखना अब यह होगा कि किसानों को कब तक अंतर की राशि का भुगतान हो पाता है और सरकार क्या निर्णय लेती है।

एक करोड़ लेने के बाद भी नहीं कराई जमीन की रजिस्ट्री, गिरफ्तार

■ आरोपियों ने 5.93 एकड़ जमीन की खरीदी बिक्री में की धोखाधड़ी, पीड़ित को देते थे जान से मरने धमकी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव 20 मार्च को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव के क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी, धोखाधड़ी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, इसी तारतम्य मे प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुये जांच किया जिसमे प्रार्थी व आरोपियों के बीच मटिया खार डोंगरगांव मे स्थित जमीन 17.42 एकड़ कृषि भुमि की सौदा प्रति एकड़ 30,00,101/- रूपये के हिसाब से हुआ , जिसमे भुमि स्वामी के द्वारा 11.49 एकड़ भुमि की पैसा लेकर रजिस्ट्री कर दिये एवं 5.93 एकड भुमि ख0नं0 23 / 2 रकबा 0.27 एकड, ख0नं018 / 22 रकबा 0.48 एकड़, ख0नं0 18 / 24 रकबा 0.50 एकड़ ख0नं0 18 / 25 रकबा 0.48 एकड, ख0नं0 18 / 53 रकबा 0.57 एकड़ ख0नं0 18 / 62 रकबा 0.09 एकड़ ख0नं0 34/2 रकबा 0.20 एकड, ख0नं0 34/3 रकबा 0.10 एकड़, ख0नं0 34/4 रकबा 1.66 एकड़ ख0नं0 34/5 रकबा 0.99 एकड़, ख0नं0 18/43 रकबा 0.68, जिसकी कुल कीमत 1,77,90,598.93/-रूपये मे से 1,00,00,000/- रूपये अनावेदक के द्वारा प्राप्त किया जाकर कर राजिस्ट्री नही किया गया है , और ना ही बयाना राशि 1,00,00,000/- रूपये लेकर वापस किया है एवं अपने लेन देन मे संचालित भारतीय स्टेट बैंक शाखा डोंगरगांव के खाता क्रमांक 10688579443 को धोखाधडी करने के नियत से समय से पहले बंद करके धोखाधडी किया गया , रजिस्ट्री करने या बयाना रकम वापस करने हेतु कहने पर हशिशंकर झारराय एवं उनके पुत्र अभिजित एवं योगेश के द्वारा आवेदक को जान से मारने की धमकी देना पाया गया जिस पर अप0 धारा 420,506,34 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया । विवेचना के दौरान अभिजीत झारराय पिता हर?शंकर झारसाय , उम्र-32 साल , पता ङ्क बसंतपुर महामाया चौक , थाना बसंतपुर , जिला राजनांदगावं ,छ0ग0 को आज दिनांक 20.03.2024 को गिर0 कर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । अन्य दो फरार आरोपी सकुनत से फरार है ,जिसे जल्द ही गिर0 कर रिमांड पर पेश किया गया ।

ताबीज बेचने की आड़ में नक्सलियों को विस्फोटक की सप्लाई, गिरफ्तार

नारायणपुर/नवप्रदेश। नक्सलियों के सप्लाई चेन को तोड़ने में नारायणपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल पुलिस ने धौड़ाई में दंपति को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, नारायणपुर जिले के धौड़ाई में दंपति इमली पेड़ के नीचे ताबीज, माला और रूद्राक्ष बेच रहे थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर उनकी तलाशी ली, जिसके बाद उनके पास से 6 बोरी में 208 किलोग्राम पोटेशियम नाइट्रेट विस्फोटक पदार्थ, कोडेक्स वायर और विस्फोटक फ्यूज बरामद किया गया। उनसे पूछने पर उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।

पूछताछ में दंपति ने बताया कि, उनका नाम रवि मरकाम (45) और चमेली बाई (35) है। वे दोनों पति-पत्नी हैं और पन्ना छतरपुर मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि, वे अलग-अलग जगहों पर घूम-घूमकर जड़ीबूटी, ताबीज और माला बचने का काम करते हैं। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि, पिछले कुछ वर्षों से नक्सलियों को विस्फोटक सामान समेत अन्य कई सामान सप्लाई करते थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

समाज कल्याण समिति के मिलन समारोह में विभिन्न समाज के लोगों का किया गया सम्मान

बचेली/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश-बिहार सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति बचेली के वर्षिक मिलन समारोह का आयोजन 20/03/2024 को समिति के भवन प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से किया गया। बता दे की इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप मे एनएमडीसी बचेली परियोजना के मुख्य महा प्रबंधक पी.रामायण व वशिष्ट अतिथि एस.के.एस.चंद्रा, डा. राजेश श्रीवास्तव, राकेश रंजन, एस.के. पांडे उपस्थित रहे। सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अतिथि गण का सम्मान समिति के पदाधिकारीयों के द्वारा पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य सुरेश राय जी का परियोजना से सेवानिवृत उपरांत समिति द्वारा पुष्पगुच्छा व स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मान किया गया,इस कार्यक्रम मे पधारे मुख्य अतिथि के द्वारा अपने सम्बोधन मे समिति के विभिन्न कार्यकलापो व मिलन समारोह के आयोजन के लिए समिति को बधाई दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा समाज के सचिव सुखबीर सिंह चौहान के सुपुत्र विवेक सिंह चौहान को यूपीएससी के अंतर्गत सीडीएस के परीक्षा मे पूरे भारत मे पांचवा स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष मे स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। साथ ही तहसिल साहू समाज, उत्कल समाज, बन्गिय समाज, आंध्रा समाज के पदाधिकारियो का सम्मान किया गया।

भाजपा सरकार ने तीन महीने में वादा पूरा किया : केदार

माओवादियों को बातचीत के लिए आगे आना चाहिए सरकार उनकी बातों को जरूर सुनेगी

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की भाजपा सरकार के आज पूरे 100 दिन हो गए हैं। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार को जगदलपुर पार्टी कार्यालय में कहा कि हमारी सरकार ने जो वादे किए थे उसे 3 माह में पूरा करने का प्रयास किया गया है। किसान, महतारी वंदन योजना सहित जो काम किये गए हैं वह देश के किसी राज्य में नहीं हुए हैं।

अंदरूनी इलाकों में विकास पहुंचाना सरकार का पहला काम भाजपा की सरकार विकसित भारत की तर्ज पर काम कर रही है। बस्तर की संस्कृति, परंपराओं का भी ख्याल रख जा रहा है। पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने जो काम किया है उसे जनता ने देखा, समझा और कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया। केदार कश्यप ने कहा कि, नक्सली पहले हथियार छोड़ें, बुलेट पर नहीं बैलेट पर विश्वास रखकर चर्चा के लिए आगे आएं। सरकार चर्चा के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि अंदुरुनी इलाक़ों में विकास पहुंचाना सरकार का पहला काम है।

सरकार ग्रामीणों को हर तरह की सुविधाएं देने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माओवादियों को बातचीत के लिए आगे आना चाहिए। सरकार उनकी बातों को जरूर सुनेगी। एक सवाल के जवाब में मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, पूर्व मंत्री कवासी लखमा 5 साल तक केवल जगह-जगह नाचते ही रहे हैं। अपने क्षेत्र में एक भी काम नहीं करा पाए हैं। ना सड़क बनाए और ना ही विकास का काम किए। जो भी काम हुए हैं वह भाजपा सरकार के समय में हुए हैं। अब लोकसभा चुनाव के बाद कवासी लखमा पूरी तरह गायब हो जाएंगे। बस्तर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं होने को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि, लोकसभा बस्तर क्षेत्र से 2 पीसीसी अध्यक्ष आते हैं और उनको अब तक नाम भी नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस नेताओं के हाथ-पांव फूल रहे हैं। आपस में लड़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, अगर उनको उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं तो वे अपने बड़े नेताओं को ले आएं बस्तर...जो भागते -भागते फिर रहे हैं यहां से भी उनको जनता भगा ही देगी।

एएम/एनएस इंडिया के मुफ़्त मोबाइल स्वास्थ्य शिविर में 85 ग्रामीण लाभान्वित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एएमएनएस इंडिया कंपनी के प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत् सीएसआर टीम किरंदुल द्वारा दंतेवाड़ा के पाधापुर ग्राम पंचायत में मुफ़्त मोबाइल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया गया।

दंतेवाड़ा में आयोजित इस शिविर का संचालन जिला अस्पताल के डॉक्टर,फार्मासिस्ट और परिचालक की टीम द्वारा किया गया।जहां प्राथमिक उपचार के साथ ही मलेरिया और ब्लड शुगर लेवल की भी निःशुल्क पैथोलॉजिकल जाँच की गई।एएम/एनएस इंडिया द्वारा आयोजित इस मुफ़्त जांच शिविर में कुल 85 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। कंपनी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहें हैं जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं।एएम/एनएस द्वारा किये जा रहें इन सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जागरूक एवं सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

बारिश, ओलावृष्टि प्रभावित फसलों का हो रहा सर्वे

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और बीमा कंपनी की संयुक्त दल द्वारा प्रभावित फसलों का सर्वे का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक तहसीलवार संबधित ग्रामों के क्षति हुई फसलों और प्रभावित किसानों की सूची तैयार करें। कलेक्टर के निर्देश के बाद सभी अमले गांव के खेत में पहुंचकर सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिए है। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार से लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, उद्यानिकी, कृषि और फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से रबी फसलों को पहुंची क्षति का मुआयना एवं सर्वे करने कवर्धा और पिपरिया तहसील के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। सर्वे टीम ने दशरंगपुर, महाराजपुर और भागूटोला के खेत में पहुंचकर वहां के किसानों से चर्चा की। जिले में विगत तीन-चार दिनों से लगातार से हो रही असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानो को बीमित एवं क्षतिपूर्ति की सहायता राशि दिलाने राजस्व, कृषि, उद्यानिकी विभाग के मैदानी कर्मचारी और बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को संयुक्त रूप से प्रभावित ग्रामों में फसल हानि का सर्वे करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने जिले में दो तीनसे असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानो को बीमित एवं क्षतिपूर्ति की सहायता राशि दिलाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

बेमौसम बारिश से प्रभावित खेतों में पहुंचे कलेक्टर, देखी फसलों की हालत

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में दो दिन से असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र छुईखदान तहसील के ग्राम जंगलपुर, मानिक चौरी, मदरकठेरा व देवपुरा सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ फसल खराबी का जायजा लेते हुए कृषकों को बीमित एवं क्षतिपूर्ति की सहायता राशि दिलाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने ग्राम जंगलपुर के खेतों में भी पहुंचे और उन्होंने प्रभावित चने फसल और देवपुरा में पपीता, लौकी व टमाटर सहित अन्य फसल की हालत देखकर चिंता जाहिर की। उन्होंने पीड़ित किसानों के साथ संवाद किया और उन्हें आश्वस्त किया कि प्राकृतिक आपदा से जो क्षति हुई है, उसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहायता पहुंचाने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए उन्होंने कृषकों को जागरूक होकर समय पर सूचना स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। जंगलपुर के कृषकों ने भी कलेक्टर वर्मा को ओलावृष्टि से चौपट हुई फसलों को दिखाते हुए नुकसान की जानकारी दी। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित कृषकों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए समस्त संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण करने और खराब फसल व नुकसान की सूचना संबंधित किसानों के माध्यम से बीमा कंपनियों को

होम वोटर्स के लिए बीएलओ को प्रशिक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव में 85 साल से अधिक आयु के वृद्ध व दिव्यांग विशेष सहित कुल तीन श्रेणियों में चिन्हित लोगों को घर बैठे मतदान की सुविधा मिलेगी।

बूथ लेवल अधिकारियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। जनपद पंचायत सभा कक्ष में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं नायब तहसीलदार मोहन लाल झारिया की उपस्थिति मे प्रशिक्षण दिया गया। एसडीएम साहू ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग या कोरोना पॉजिटिव रोगी को घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई है। होम वोटिंग के लिए चिन्हित मतदाताओं की स्वीकृति के लिए 12-डी फार्म भरवाया जाएगा।

लोस चुनाव स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दलों के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

चेक पोस्ट में निगरानी दल वाहनों की आवाजाही पर रखें नजर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभा कक्ष में उड़न दस्ता दल एफएसटी तथा स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी की समीक्षा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चैक पोस्ट में निगरानी दल कड़ाई से वाहनो के आवागमन पर बारिकी से नजर रखें और संदिग्ध वाहनों पर तत्काल कार्यवाही करें। साथ ही उन्होंने प्रत्येक चैक पोस्ट में मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि जिले में 8 चैक पोस्ट पातररास, जावंगा, भांसी, नकुलनार, बड़े सुरोखी, कटेकल्याण, फरसपाल, बारसूर में बनाये गये है। इसी प्रकार एफएसटी टीम में दन्तेवाड़ा, गीदम, बारसूर, कटेकल्याण, कुआकोंडा, बड़े बचेली, किरंदुल में तैनात रहेगी। स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी में प्रत्येक दल में 01 कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा 3-4 पुलिसकर्मी होगें यह दल चेक पोस्ट पर कार्य जांच करेगें। कुछ निगरानी दल क्षेत्र की संवेदनशीलता के आधार पर जगह बदल-बदल कर चेक पोस्ट संचालित करेगें। दल का कार्य अपने क्षेत्र में अवैध शराब, भारी मात्रा में नकदी, हथियार गोला बारूद आवागमन तथा असामाजिक तत्वों के आवाजाही पर नजर रखना रहेगा। साथ ही सम्पूर्ण जांच प्रकिया की विडियों ग्राफी की जावेगी। एस.एस.टी. टीम का मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रतिदिन रिपोर्ट भेजेंगें। कार्यपालिक गजिस्ट्रेट की उपस्थिति के बगैर कोई जांच नहीं होगी ।

8 गुंडे बदमाश थाना तलब, दी समझाइश

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत आज 20 मार्च को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं स्टाफ द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुये थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत निवासरत 8 गुण्डा बदमाशो को थाना तलब कर समझाईश दी गई।

भारत का प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार 21000 करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। कोरोना महामारी से उपजी तमाम विपरीत परिस्थितियों से उबर कर जोरदार वापसी करते हुए भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग का कारोबार वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत की विकास दर दर्ज कर 21282 करोड़ रूपये हो गया है। प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सैलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की आज यहां जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अग्रणी रिसर्च कम्पनी कंतार द्वारा संकलित यह रिपोर्ट भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जी. कमला वर्घन राव ने यहां एक कार्यक्रम में जारी की। राव ने इस अवसर पर आईडीएसए को यह रिपोर्ट जारी करने पर बधाई दी।

रिपोर्ट के अनुसार प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुआ है तथा कुल बिक्री में वर्ष 2021-22 के मुकाबले 2252 करोड़ रूपये की वृद्धि तथा वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक के चार वर्षों में प्रत्यक्ष बिक्री कारोबार की औसतन विकास दर (सीएजीआर) जगभग 8.3 प्रतिशत रही है। रिपोर्ट के अनुसार कुल बिक्री में उत्तरी क्षेत्र ने दबदबा बरबरार रखते हुये सर्वाधिक 30 प्रतिशत तथा इसके उपरांत पूर्वी, पश्चमी, दक्षिणी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र का क्रमशः 25, 22, 15 और नौ प्रतिशत का योगदान किया है। महाराष्ट्र राज्य सर्वाधिक 12 प्रतिशत योगदान के साथ लगातार शीर्ष पर बना हुआ है जबकि उत्तर प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन कर प्रश्चिम बंगाल के साथ 10 प्रतिशत की बराबरी हासिल करते हुये दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। वेलनेस और न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद लगातार उपभोक्ताओं के पसंदीदा बने हुये हैं। सौंदर्य प्रसाधन और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद इस वर्ग में दूसरे स्थान पर है। दोनों वर्गो का कुल कारोबार में क्रमशः 73.5 और 11.3 प्रतिशत योगदान रहा है। इस दौरान लगभग दो लाख और प्रत्यक्ष विक्रेता इस कारोबार से जुड़े और यह संख्या वर्ष 2021-22 के 84 लाख के मुकाबले बढ़ कर लगभग 86 लाख पहुंच गई है। इनमें लगभग 63 प्रतिशत पुरूष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने कहा भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग तेजी एक मजबूत बाजार के रूप में उभर रहा है जिसमें प्रगति की असीम क्षमताएं निहित हैं। ताजा सर्वेक्षण रिपोर्ट के उत्साहजनक आंकड़े तथा गत चार वर्षो का सीएजीआर इस तथ्य को मजबूती प्रदान करता है। भारत सरकार के इस उद्योग के लिये बनाये गये नियामक ढांचे के कारण नीतिगत स्पष्टता और पारदर्शता सुनिश्चत होने से यह उद्योग भविष्य में और मजबूती की ओर अग्रसर है। मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मजबूत विकास दर के बूते भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग ने अपनी वैश्विक रैंकिंग में वर्ष 2022 में एक और पायदान का सुधार कर 11वां स्थान हासिल कर लिया है, जो 2019 में 15वां था। हमें पूर्ण विश्वास है कि भारत अनुमानों से पूर्व ही प्रत्यक्ष बिक्री में विश्व के पांच शीर्ष बाजारों में जल्द अपनी जगह बना लेगा। आईडीएसए के उपाध्यक्ष हरीश पंत के अनुसार रिपोर्ट यह दर्शाती है कि भारतीय प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग से इस समय लगभग 86 लाख सक्रिय प्रत्यक्ष विक्रेता जुड़े हुये हैं जिनमें वर्ष 2021-22 के मुकाबले दो लाख की वृद्धि हुई है। यह प्रत्यक्ष बिक्री व्यवसाय में लोगों के बढ़ते विश्वास और आत्मविश्वास को परिलक्षित करता है। इस अवसर पर आईडीएसए से संबद्ध कम्पनियों की प्रत्यक्ष बिक्री क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 14 महिला उद्यमियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में आईडीएसए की कोषाध्यक्ष अपराजिता सरकार, सचिव, रजत बनर्जी तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

सोने की कीमत ने पकड़ी स्पीड पहुंचा ऑल टाइम हाई पर

मुंबई। अगर आप भी सोना-चांदी खरीदने के इच्छुक हैं तो यह खबर आपके लिए काम की खबर है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 206 रुपए बढ़कर 65,795 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसी महीने 11 मार्च को सोने ने 65,646 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। आज चांदी में भी मामूली तेजी है। ये 15 रुपए महंगी होकर 73,859 रुपए प्रति किलो ग्राम पर बंद हुई। आज यानी बुधवार को कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.12 फीसदी या 2.60 डॉलर की गिरावट के साथ 2,183.80 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। त्तश्यद्यस्र श्चह्लद्घष्ह्ल सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 2,158.39 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। सोने की कीमतें बढ़ने में सबसे बड़ा कारण दुनिया को सता रहा मंदी का डर है। इसके अलावा केंद्रीय बैंकों की खरीदारी और शादियों के सीजन में बड़ी डिमांड भी है। आईबीजेए के मुताबिक आज सोना अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचा है। इस महीने यह चौथा मौका है, जब सोने ने नए शिखर को छुआ है। इससे पहले 11 मार्च को नया ऑल टाइम हाई बनाया था।

डिजिटल क्रांति में यूपीआई की अहम भूमिका, 2024 में 18.2 लाख करोड़ का ट्रांजेक्शन

नई दिल्ली। देश में डिजिटल क्रांति के बाद यूपीआई ट्रांजेक्शन का चलन तेजी से बढ़ा हैं। देश में फरवरी 2024 में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से 122 करोड़ ट्रांजेक्शन के साथ 18.2 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। यह ट्रांजेक्शन जनवरी 2024 की तुलना में कुछ कम रहा। जनवरी में 121 करोड़ ट्रांजेक्शन के साथ 18.4 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था। एनपीसीआई ने बताया कि देश में रोजाना औसतन 40 हजार करोड़ से 80 हजार करोड़ रुपये का यूपीआई ट्रांजेक्शन होता है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि ऑनलाइन पेमेंट के दो अन्य साधन एनईएफटी (और आरटीजीएस के जरिये भी ऑनलाइन पेमेंट हुए हैं। इनमें से एनईएफटी में औसत लेनदेन 33.85 लाख करोड़ रुपये और आरटीजीएस में 146 लाख करोड़ रुपये था। इंटरनेट बैंकिंग से 91.24 लाख करोड़ रुपये और मोबाइल बैंकिंग से 28.16 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ।

सेंसेक्स 700 अंक से अधिक उछला

नई दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 743.95 अंक या 1.03 प्रतिशत चढ़कर 72,845.64 पर पहुंच गया, हालांकि फिर यह थोड़ा नीचे आकर 614 अंक ऊपर कारोबार कर रहा है। एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक 3 प्रतिशत ऊपर हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि फेड द्वारा दरों को बरकरार रखने से अनिश्चितता खत्म हो गई है।उन्होंने कहा, फेड प्रमुख ने बयान में कहा है कि मुद्रास्फीति काफी हद तक कम हो गई है और श्रम बाजार मजबूत बना हुआ है। इससे यह संकेत मिलता है कि इस साल संभवतः तीन बार दरों में कटौती हो सकती है। अमेरिकी सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सेंटीमेंट्स से भारतीय बाजारों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।पिछले कुछ समय से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच रस्साकशी में डीआईआई जीत रहे हैं। यदि एफआईआई बिकवाली जारी रखते हैं तो यह ट्रेंड जारी रहेगा। इसलिए, एफआईआई बिकवाली पर लगाम लगा सकते हैं और वे खरीददार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह बैंकिंग, टेलीकॉम, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के लार्ज कैप के लिए अच्छी बात होगी।

एसएआईसी मोटर एवं जेएसडब्लू ग्रुप ने ऑटोमोटिव ज्वाईंट वेंचर 'जेएसडब्लू एमजी मोटर

इंडिया प्राईवेट लिमिटेड' का गठन कर इसके व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा की

नई दिल्ली। 110 अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व और 100 देशों में अपनी पहुँच के साथ ग्लोबल फॉर्च्यून 500 कंपनी, एसएआईसी मोटर और बी2बी एवं बी2सी सेक्टर में काम करने वाले भारत के अग्रणी समूह, जेएसडब्लू ग्रुप के बीच नया रणनीतिक ज्वाईंट वेंचर - जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया) का गठन हुआ है। इस ज्वाईंट वेंचर के व्यावसायिक रोडमैप की घोषणा के साथ देश में मोबिलिटी का एक नया युग शुरू हो गया है। यह नया ज्वाईंट वेंचर तेजी से बढ़ रहे भारतीय ऑटोमोटिव सेक्टर में विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठाएगा। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया अपने व्यावसायिक संचालन में सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन लाने, विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी यहाँ पर पेश करने, मैनुफैक्चरिंग के परिदृश्य को मजबूत बनाने पर और रोजगार के महत्वपूर्ण अवसरों का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह ज्वाईंट वेंचर ग्राहकों पर केंद्रित रहते हुए स्मार्ट और सस्टेनेबल उत्पाद भी पेश करेगा। कंपनी का व्यावसायिक रोडमैप देश में लोकलाईज़ेशन बढ़ाने और एक मजबूत ऑटोमोटिव परिवेश का विकास करने पर केंद्रित है।

यह ज्वाईंट वेंचर एसएआईसी मोटर के ऑटोमोटिव अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ भारत में जेएसडब्लू के गहरे मैनुफैक्चरिंग ज्ञान एवं विशेषज्ञता की शक्ति पेश कर रहा है। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया जेएसडब्लू ग्रुप के परिवेश में तालमेल की मदद से काम करेगा।

अमेरिकी न्याय विभाग से नोटिस नहीं मिला है: अडाणी समूह

नई दिल्ली। अडाणी समूह की कंपनियों ने कहा है कि उन्हें रिश्वतखोरी के किसी भी आरोप पर अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) से कोई नोटिस नहीं मिला है। इससे पहले जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उच्च स्तर की पारदर्शिता को देखते हुए अडाणी समूह के लिए रिश्वतखोरी की गुंजाइश लगभग असंभव दिखती है। अडाणी समूह ने शेयर बाजार को बताया कि उन्हें आरोप के संबंध में न्याय विभाग से कोई नोटिस नहीं मिला है और इस संबंध में मीडिया में आई रिपोर्ट झूठी है। ब्लूमबर्ग ने पिछले सप्ताहांत पर बताया था कि अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय और डीओजे के अभियोजक संभावित रिश्वतखोरी की जाँच के लिए अडाणी समूह की इकाई और एज़्योर पावर ग्लोबल पर नजर रख रहे हैं। एक अलग फाइलिंग में अडाणी ग्रीन एनर्जी ने भी शेयर बाजार को बताया कि उसे कोई नोटिस नहीं मिला है, लेकिन एक तीसरे पक्ष द्वारा अमेरिका के भ्रष्टाचार रोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा जाँच के बारे में जानकारी है। अडाणी ग्रीन ने फाइलिंग में कहा, कंपनी का उक्त तीसरे पक्ष के साथ कोई संबंध नहीं है और इसलिए वह वर्तमान में अमेरिका की जाँच के दायरे पर टिप्पणी करने में असमर्थ है कि कंपनी या उसके किसी कर्मचारी के खिलाफ तीसरे पक्ष के साथ कंपनी के कथित लेनदेन के संबंध में जाँच चल रही है या उसका नाम आ रहा है।

पेज 1 का शेष

किया गया प्रदर्शन बहुत हद तक कई खिलाड़ियो के लिए टी20 विश्व कप की टिकट कटा सकता है।

आईपीएल के इतिहास की दो सफल टीमों की बात की जाए तो गुरु रूपी धोनी और उनके शिष्य रूपी हार्दिक की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। जहां धोनी 44 वर्ष की उम्र में एक और खिताब जीतकर इस लीग को शान से अलविदा कहने के लिए प्रयासरत होंगे, वहीं बहुत सारे विरोध के बीच हार्दिक मुंबई के लिए खिताब जीतकर नाराज फैंस को यह बताना चाहेंगे कि मुम्बई का उनका जटिल तरीके से कप्तान बनाना एक सही कदम था। हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पहले ही सत्र में खिताब जीतकर सबको चकित कर दिया था। इस बार शुभमन गिल पहली दफा टीम की बागडोर संभालेंगे। टेस्ट और एकदिवसीय मैचों में अपने आप स्थापित कर चुके गिल अच्छे प्रदर्शन से टी20 विश्व कप के लिए भी ताल ठोकेंगे। अगर वे अपनी कप्तानी से टीम को प्ले ऑफ या फाइनल तक पहुचाने में सफल हो जाते हैं, तो उससे यह भी संदेश देने में कामयाब होंगे कि भविष्य में वे टीम इंडिया के लिए कप्तानी के प्रबल दावेदार हो सकते हैं।

बात की जाए बंगलौर की तो पिछले दिनों डब्लूपीएल का टाइटल जीतकर स्मृति मंधाना ने बंगलौर की टीम को काफी प्रेरित करने का कार्य किया है। इससे उत्साहित होकर फाफ डुप्लेसिस, विराट कोहली और बाकी खिलाड़ी इस बार अपनी टीम को खिताब दिलाने की भरपूर कोशिश करेंगे। विराट इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते हिस्सा नहीं ले पाए थे। टी20 विश्व कप में उनकी जगह को लेकर भी बहुत से कयास लगाए जा रहे हैं। उनकी कोशिश जल्द से जल्द फॉर्म हासिल करने की होगी। ऋषभ पंत दिल्ली के लिए वापसी कर चुके हैं। वे कप्तानी भी करेंगे। उनके सामने भी यह चुनौती होगी कि वे अपनी फिटनेस और फॉर्म दोनों साबित करें। यदि वे ऐसा कर पाते है तो निश्चित तौर पर विश्व कप में उनका स्थान पक्का हो जाएगा, क्योंकि समय समय मे बीसीसीआई के अधिकारियों के बयान से यही एहसास होता है कि विकेटकीपर के रूप में वे ही चयनकर्ताओं की पहली पसंद होंगे। श्रेयस अय्यर के लिए भी यह आईपीएल सीजन बहुत ही महत्वपूर्ण है। विश्व कप में 500 से ऊपर स्कोर बनाने के बाद उन्हें भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ के दौरान बोर्ड के निर्देशों का पालन नही करने की वजह से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हाथ धोना पड़ा था अब उन्हें कप्तानी एवं बल्लेबाज़ के रूप में भी अपने आप को साबित करते हुए कोलकाता की नैय्या भी पार लगाना है इस बार कोलकाता टीम के साथ मेंटर के तौर पर 2 बार के आईपीएल विजेता कप्तान गौतम गंभीर भी जुड़ चुके है। लखनऊ के कप्तान के एल राहुल फिट होकर लखनऊ की कमान सम्हालेंगे,उनके बारे यह बात सामने आई है कि वे मध्यमक्रम में बल्लेबाज़ी करेंगे जिससे वे आगामी टी20 विश्व कप में मध्यमक्रम बल्लेबाज़ एवं विकेटकीपर के रूप में अपनी दावेदारी पेश कर पाएं।

शिखर धवन की कप्तानी में पंजाब इस सत्र में बहुत कीच हासिल करने का प्रयास करेगी पंजाब के पास खोने को कुछ नही है हालांकि टीम में स्टार खिलाड़ुओ की भरमार है पर टीम को एकजुटता वाले प्रदर्शन की आवश्यकता है ।छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ी हरप्रीत सिंग भाटिया एवं शशांक भी पंजाब की टीम में शामिल है । हैदराबाद के नेतृत्व इस बार पैट कमिंस करेंगे पिछले वर्ष उनकी कप्तानी में कंगारुओं ने दो आईसीसी टूर्नामेंट पर कब्ज़ा किया है इसी वजह से उन्हें 20.5 करोड़ में खरीदकर टीम की कमान सौपी गयी है । संजू सैमसन और स्टार्ट खिलाड़ियो से सुसज्जित राजस्थान की टीम पहले आईपीएल सत्र के इतिहास को दोहराना चाहेगी सैमसन भी अच्छा प्रदर्शन करके अपने आप को विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टी20 विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

छत्तीसगढ़ के युवा आल राउंडर अजय मंडल चेन्नई सुपरकिंग्स में पिछले सत्र से शामिल है इस सत्र में टीम एवं उनकी व्यक्तिगत तैयारियों पर हमारे विशेष खेल सवांददाता नितेश छाबड़ा ने उनसे फ़ोन पर चर्चा की,पेश है उसके मुख्य अंश-

सवाल - चेन्नई सुपरकिंग्स 5 बार की चैंपियन टीम है। इस बार टीम की तैयारी कैसी है ?

जवाब - हम लोग 1 मार्च से यहां आ गए हैं। तब से लेकर अभी तक काफी सारे सत्र में प्रैक्टिस हो चुकी है। फील्डिंग, कैचिंग, स्पॉट गेंदबाजी में काफ़ी कुछ अभ्यास हुआ है और अभी अभी आपस में टीम मैच खेलकर भी तैयारी कर चुके हैं।

सवाल - चेन्नई की टीम 7 मैच चेपॉक में ही खेलेगी और यहाँ स्पिनर्स को काफ़ी मदद मिलती है। टीम में क्वालिटी स्पिनर्स की अच्छी तादाद है। इस बार स्पिनर्स की क्या भूमिका होगी ?

जवाब - यहां की मिट्टी का मिजाज मौसम पर भी निर्भर होता है। फिलहाल मौसम बहुत अधिक गर्म नहीं हुआ है। इस दौरान विकेट काफी अच्छा रहता है, पर जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी विकेट में गेंद ज्यादा घूमेगी। पिछले सीजन में हमारे तेज़ गेंदबाज पथिराना और दीपक चाहर ने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। बीच के ओवरों में तीक्षणा और जड्डू भाई (रविन्द्र जडेजा) काफ़ी कारगर रहते हैं। मेरे ख्याल से बीच के ओवरों में किसी भी पिच पर स्पिनर्स का रोल काफी अहम होता है।

सवाल - स्टार बैटर डेवोन कॉन्वे चोटिल हैं। रचिन रविन्द्र ने उनका स्थान लिया है। क्या रचिन ही सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे?

जवाब - कोई भी ओपनिंग कर सकता है। टी20 में लचीलापन जरूरी होता है। हर खिलाड़ी का विकल्प होना जरूरी होता है। चेन्नई की टीम के पास हर सत्र में विकल्प मौजूद रहे हैं। अजिंक्य भाई (रहाणे) ने भी पहले सलामी बल्लेबाज़ी की है। डेरिल मिचेल भी हैं, पर अंत मे यह निर्णय टीम मैनजमेंट का होगा।

सवाल - लगभग 3 से 4 सत्रों से यह बात हो रही है कि यह धोनी का आखरी सीजन हो सकता है। इस बार भी यही बातें हो रही हैं। आप क्या कहेंगे इस पर?

जवाब - पिछले वर्ष माही भाई की जो घुटने की चोट थी, वह बहुत गंभीर थी। वे चलते समय भी दर्द महसूस कर रहे थे और वे कम दौड़ रहे थे। पर इस वर्ष वो बहुत अच्छी तरह से फिट नजर आ रहे हैं। बल्लेबाज़ी उनकी जबरदस्त हो रही है। नेट्स में वे पहले जैसे ही छक्के लगा रहे हैं। उन्हें देखकर लग रहा कि अभी वे 2 से 3 सीजन और खेल सकते हैं।

सवाल - आपकी इस सीजन में क्या भूमिका होगी। इस सीज़न आप प्लेइंग 11 में नजर आ सकते हैं?

जवाब - पिछले सीजन में मैं चेन्नई के ड्रेसिंग रूम में ही रहा। काफी कुछ सीखने मिला। हाई लेवल की क्रिकेट के स्क्वाड में होते हुए यह अंदाज़ा लगता है कि किस इंटेंसिटी से खेलना होता है। बेंच में होते हुए भी आप गेम में रहते हैं। ये सीखने को मिलता है कि कौन से बैटर को कैसी गेंदबाजी करनी है। अगर पिच और कंडीशन आपके अनुरूप भी न हो, तब भी आप कैसे उसमें बेहतर कर सकते है, यह सब सिखा मैंने। इस वर्ष मैं कॉन्फिडेंट हूँ और तैयार हूँ। अगर मुझे मौका मिलेगा तो उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा।

सवाल - पहला मैच बैंगलोर के विरुद्ध चेन्नई में है। बैंगलोर की टीम में विराट के अलावा ग्लेन मैक्सवेल और ग्रीन जैसे आल राउंडर हैं। क्या तैयारियां और रणनीति है टीम की?

जवाब - जैसे हम पढ़ते है और जो तैयारी करके गए, वही एग्जाम में आ गया, ऐसा नही होता। कई दफा आउट ऑफसिलेबस भी प्रश्न आते हैं। उसी तरह टीम और कप्तान ग्राउंड में निर्णय लेकर उस परिस्थिति से डील करते हैं। मैं दो वर्षो से टीम में हूँ। हम नतीजों से ज्यादा प्रोसेस पर फोकस करते हैं और हर खिलाड़ी व्यक्तिगत तौर पर अपना योगदान दे यह प्रयास होता है। बाकी माही भाई सर्वोत्तम कप्तानों में से हैं। वे सब संभाल लेते हैं।

जवाब - छत्तीसगढ़ में सीजी क्रिकेट प्रीमियर लीग की शुरुआत हो रही है। इसे कैसे देखते है ?

जवाब - इसे लेकर मैं बहुत अधिक उत्साहित हूँ। पहली बार हमारे राज्य में इतने बड़े लेवल पर कोई टी20 लीग होने वाली है। 18 से 20 वर्ष के युवा खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। मैं भी बहुत खुश हूँ। जब मैं आईपीएल खेलकर वापस अपने राज्य में आऊंगा, तो मैं फिर से खेलूंगा। नए टैलेंटेड खिलाड़ी सामने आएंगे और इससे छत्तीसगढ़ की टीम अच्छा करेगी, क्योंकि काफ़ी सारे खिलाड़ी इस लीग से उभरकर आएंगे।

मैं फनी हूं इसका मतलब ये नहीं कि इमोशनल नहीं या एक अच्छी एक्टर नहीं हूं, बोलीं सारा

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड एक्टर्स में से एक सारा अली खान की ऑफ स्क्रीन इमेज एक फनी और बिंदास एक्ट्रेस की है. वो लगातार सोशल मीडिया पर और अपने प्रोजेक्ट्स की प्रमोशन पर काफी हंसी-मजाक करती रहती हैं. सारा के बात करते हुए जोक्स लगातार आते रहते हैं. ऐसे में अगर कोई उनकी पर्सनालिटी के इस साइड को 'गंभीरता की कमी' भी मान बैठे तो कोई हैरानी की बात नहीं है.

सारा खुद भी ये बात मानती हैं कि उनका इस तरह 'लाउड और बिंदास' दिखना कई बार लोगों को हैरान कर जाता है और वो उन्हें 'सीरियस' नहीं लेते. 2018 में 'केदारनाथ' से अपने डेब्यू के पहले ही उनकी इमेज एक 'कॉन्फिडेंट यंग लड़की' की बन गई थी. इसकी वजह थी 'कॉफी विद करण' पर उनका अपीयरेंस, जिसमें वो काफी इंटेलिजेंट बातें कर रही थीं. उनकी ये इमेज आज भी है, बस इसके साथ उनकी ये फनी साइड भी जुड़ गई है. लेकिन सारा ये जानती हैं कि इस तरह 'फनी' दिखने के अपने नुक्सान होते हैं.

सारा ने एक नए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें इस 'फनी' इमेज का नुकसान पता है. इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, 'चूंकि मैं फनी हूं, लाउड हूं, मैं बिंदास हो सकती हूं, लोगों को लगता है मुझमें बस इतना ही है.'

उर्वशी रौतेला की फिल्म जेएनयू का पहला पोस्टर जारी

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जेएनयू को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं।दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मि देसाई भी फिल्म का हिस्सा हैं।अब जेएनयू का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। पोस्टर की बात करें तो इसपर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है. पोस्टर पर लिखा है, क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है वहीं पोस्टर के नीचे कई सारे हाथ नजर आ रहे हैं. कुछ लोगों ने हाथ में भगवा झंडा पकड़ा हुआ है, जिसपर जय श्री राम लिखा हुआ नजर आ रहा है। जेएनयू के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैं।यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। जेएनयू में पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे सितारे भी अभिनय करते दिखाई देंगे। जेएनयू के अलावा उर्वशी

एनबीके109 , दिल है ग्रे और ब्लैक रोज जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इन फिल्मों का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर फिल्म ये पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि ये एक चुनावी प्रोपेगेंडा फिल्म है. तो किसी अन्य यूजर इसे फिल्म को वोट बैंक मूवी बताया है. वहीं कई लोग इस मूवी को बैन करने की मांग भी कर रहे हैं. किसी एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा है कि ऐसी फिल्में चुनाव के समय ही क्यों आती हैं। रवि किशन और उर्वशी के अलावा फिल्म में सिद्धार्थ बोडके, पीयूष मिश्रा, रशमी देसाई, सोनाली सहगल और विजय राज जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

प्राइम वीडियो पर 29 मार्च को होगा हॉरर क्राइम ड्रामा सीरीज़ इंस्पेक्टर ऋषि का ग्लोबल प्रीमियर

आगामी तमिल स्ट्रीमिंग सीरीज इंस्पेक्टर ऋषि में इंस्पेक्टर ऋषि नंदन हत्याओं की गुत्थी सुलझाते हुए कई रहस्यों से पर्दा उठाते दिखेंगे। नवीन चंद्रा, कन्ना रवि अभिनीत तमिल सीरीज इंस्पेक्टर ऋषि में ऋषि कई अजीबोगरीब हत्याओं की जांच में चुनौतियों का सामना करेंगे। हॉरर-क्राइम-ड्रामा नंदिनी जेएस द्वारा बनाया गया है, और इसमें वीरा सिम्हा रेड्डी के लिए मशहूर नवीन चंद्र शामिल हैं। इसमें मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल और कुमारवेल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए नंदिनी जेएस ने कहा, एक निर्माता के रूप में 'इंस्पेक्टर ऋषि' पर काम करना एक बेहद संतुष्टिदायक अनुभव रहा है और मैं इस सहयोग के लिए आभारी हूं। पुलिस प्रक्रिया को डरावनी और रहस्यमयी चीजों के साथ जोड़ने से मुझे कहानी कहने के नए आयामों का पता लगाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, नवीन चंद्रा, कन्ना रवि, मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल,

कुमारवेल सहित अन्य कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने इसे पर्दे पर बखूबी उतारा है। 10 एपिसोड वाली यह सीरीज 29 मार्च को प्राइम वीडियो पर प्रसारित होगी।

न्यूज गैलरी

मालवाहक जलाने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। माना क्षेत्र में बीते 11 मार्च की रात एक मकान के बाहर खड़ी चारपहिया वाहन को आग के हवाले करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टेमरी में रहने वाले राकेश कुमार के घर के बाहर कार्तिक मंडल नामक शख्स ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस की पूछताछ में कार्तिक ने बताया प्रार्थी राकेश के साथ उसकी पुरानी दुश्मनी है। रंजीश के चलते उसने 11 तारीख की रात घर के पास आकर उसके टाटा एस वाहन को आग के हवाले कर दिया था। सुबह थाना में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आसपास जांच पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज कैमरा में कार्तिक को मंडराते देखा गया। संदिग्ध हालत में घुमने की बात को लेकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने आगजनी की घटना को अंजाम देना बताया। बहरहाल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

बाइक सवार को वाहन ने रौंदा

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा थाना क्षेत्र के सांकरा रोड में तेज रफ्तार मालवाहक की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार को सांकरा से रावांभाठा की ओर जाते वक्त मालवाहक ने रौंद डाला। पुलिस के मुताबिक घटना रविवार शाम साढ़े बजे की है। मालवाहक क्रमांम सीजी 04 एम 7822 के चालक ने बाइक क्रमांक सीजी 07 बीएम 5327 में सवार कुशलाल साहू को पीछे से ठोकर मारने के बाद चपेट में ले लिया। घटना होने के फौरन बाद मालवाहक का चालक मौके से फरार हो गया। कुछ राहगीरों ने सडक़ हादसे की सूचना धरसींवा थाने में दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को मरच्यूरी के लिए रवाना किया। मर्ग कायम करने के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ में धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया।

गायब नाबालिग के मिलने पर परिचित के खिलाफ दुष्कर्म व अपहरण का केस

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले गायब हुई नाबालिग के मिलने के बाद पुलिस ने एक परिचित के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत अलग से कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबकि कुम्हारी जिला दुर्ग में रहने वाले राहुल सिंह नामक युवक ने उरला क्षेत्र से 13 वर्षिय एक नाबालिग को अगवा कर उसके साथ जबरदस्ती शारीरीक संबंध बनाए। नाबालिग को पहले अपने साथ बहला फुसलाकर साथ चलने को कहा। शहर से बाहर ले जाकर अपने निवास में नाबालिग को बंधक बना लिया। इसके बाद प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरीक संबंध बनाया। परिजनों ने नाबालिग के गुम होने की रिपोर्ट उरला थाना में दर्ज कराई। नाबालिग की खोजबीन शुरू होने के बाद उसके कुम्हारी में होने का पता चला। पुलिस टीम के पहुंचने के बाद नाबालिग को राहुल के चंगुल से छुड़ाया जा सका। 26 वर्षिय राहुल की प्राथमिकी अपहरण की धारा में गिरफ्तारी करने के बाद नाबालिग के बयान के आधार पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

शराब सप्लाई में मनमानी खत्म, अब तीन की जगह 9 से ज्यादा कंपनियां

प्लसेमेंट के लिए भी होड़ मची, नई आबकारी पॉलिसी के ओपन टेंडर में पुराने ठेकेदार भी शामिल

मनीष बाघ

नवप्रदेश एक्सक्लूसिव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में नई आबकारी नीति में शराब सप्लाई के लिए अब पुरानी कंपनियों की मनमानी खत्म हो गई है। पहले तक दो से तीन कंपनियों को ठेका दिए जाने की प्रथा खत्म होते ही अब राज्य शासन ने 9 से ज्यादा कंपनियों को एफ-10 लायसेंस जारी कर दिया है। बताया जा रहा है लंबे समय से दो से तीन कंपनियों ने राज्य में दबदबा बनाया था, अब ओपन टेंडर में कंपनियों की संख्या बढ़ने के बाद मनमानी पर रोक लगाने की कवायद तेज है। शराब बिक्री के लिए प्लेसमेंट कंपनियों में होड़ मची है। अभी तक 40 से ज्यादा कंपनी भाग लेने पहुंच चुकी है।

आबकारी सूत्रों के मुताबिक हाल में जारी एफएल-10 लायसेंस के लिए पहले नौ कंपनियों के नाम सामने आए हैं। इन कंपनियों में नॉर्थ इस्ट फीड एंड एगरो एक्सपोर्ट, वोडाबॉक्स इलेक्ट्रोमेच, सोनेट स्प्रीट, हंटींगडोन इंटरप्राइजेस, इडेरियन ट्रेडिंग, बेबीलॉन ऑकलाइन, सनफ्यूसन डायनामाइक, बासुकीनाथ टेले इनफ्रा और आरसीजी इंपोर्ट्स कंपनियों के बताए गए हैं। एक विभागीय अफसर के मुताबिक दो से तीन और कंपनियों को एफएल 10 लायसेंस जारी हो सकता है। ऐसे में इनकी संख्या 11 से ज्यादा हो सकती है। बताया जा रहा है, पिछली सरकार में बेवरेज कार्पोरेशन से शराब खरीदारी की जिम्मेदारी हटाकर प्राइवेट कंपनियों से शराब खरीदी की पॉलिसी तय की गई थी। इसके बाद दो से तीन कंपनी ने एफएल 10 लायसेंस हासिल की थी, कंपनियों की संख्या लीमिट होने के बाद शराब मार्केट में मनमानी करने की शिकायतें होती रही, लेकिन सरकारी बदली होने के बाद आबकारी विभाग ने नीति में बदलाव कर दिया है।

मार्च 2020 से प्राइवेट कंपनियां

बता दें कि इससे पहले बाजार से शराब खरीदने की जिम्मेदारी बेवरेज कॉर्पोरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पास थी। मगर मार्च 2020 में इस संस्था से शराब क्रय करने के सारे अधिकार 3 प्राइवेट संस्था को दे दिए गए थे। यानी कि अब प्राइवेट कंपनी ही बाजार से शराब खरीद सकेगी। भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का काम बेवरेज कॉर्पोरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ करेगी।

क्या है एफएल-10 लाइसेंस

एफएल-10 लाइसेंस प्राप्त कंपनियां बाजार से शराब खरीद कर सरकार को सप्लाई करती हैं। ये खरीदी के अलावा भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन का भी काम का अधिकार इस लाइसेंस के तहत कंपनी को मिलता है।

प्लेसमेंट के लिए जिले बटेंगे जोन में

एक आबकारी अधिकारी के अनुसार प्लेसमेंट कंपनियों के बड़ी संख्या में भाग लेने के बाद अब नई नीति के तहत जिलों को जोन में बांटकर जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी है। पहले कंपनियों को एक-एक जिले के हिसाब से मेन पावर लगाने टेंडर जारी किया गया था लेकिन अब जिलों को अलग-अलग जोन में शामिल किया जाएगा। अफसरों की मानें तो प्रत्येक जोन में तीन से पांच जिले शामिल करने से कंपनियों को बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। इससे शासन को भी तगड़ा राजस्व प्राप्त होगा।

डबल इंजन की सरकार करेगी तेजी से विकास: विष्णुदेव साय

- बस्तर से भाजपा का कमल खिलाकर अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ भाजपा को जिताना है

सुकमा/बस्तर/रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार का शंखनाद करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। वोट बैंक के रूप में आदिवासियों के वोट लेते रहे लेकिन आदिवासियों का विकास नहीं हुआ, जबकि आजादी के 75 साल में 55-60 साल कांग्रेस की सरकार रही। इसको हम लोगों को समझने की आवश्यकता है। साय गुरुवार को बस्तर संभाग के सुकमा और बस्तर के बड़ेधाराउर में भाजपा की चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर और सरगुजा हमारी सरकार के विशेष फोकस में रहेगा। जहां तक बस्तर क्षेत्र के विकास की बात है, यह भारतीय जनता पार्टी की देन है। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की देन है। जिला बनने के पहले सुकमा में ग्राम पंचायत, नगर पंचायत भी नहीं थी। लेकिन आज जिला बनने के बाद इस शहर हो गया है। पूरे बस्तर क्षेत्र का और छत्तीसगढ़ का विकास अगर किसी ने किया है तो भाजपा की सरकार ने किया है। साय ने कांग्रेसी कुशासन की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में क्या हाल हुआ? पूरे बस्तर क्षेत्र ने विकास की गति पकड़ी थी। 15 वर्षों में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा था। उसे रोकने का काम कांग्रेस की भूपेश सरकार ने किया। जो भी केंद्र से गरीबों के लिए योजनाएं थी और सबको बंद करने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया। गरीबों का हक छीना।

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री बने, उन्होंने पहली बार आदिवासियों के विकास के लिए पहली बार भारत सरकार में आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। यह काम कांग्रेस क्यों नहीं कर पाई? इसलिए इस बार इस कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि आज प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे हो रहे हैं। मात्र 3 महीने में मोदी की गारंटी में जो हमारी पार्टी का जो वादा था छत्तीसगढ़ की जनता से, अधिकांश हम लोगों ने पूरा किया है। प्रदेश के बेटे-बेटियों के साथ पीएससी में धोखाधड़ी

भाजपा राजनीति नहीं, राष्ट्र नीति करती है- किरण सिंह

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बस्तर के विकास को भाजपा सरकार की देन बताते हुए कहा कि 5 साल की कांग्रेस सरकार ने बस्तर के विकास का एक भी काम नहीं किया। बस्तर की किसी प्रकार की सुध कांग्रेस के किसी नेता ने नहीं ली। तो फिर कांग्रेस को वोट क्यों? जो जनता के हित में काम करें जो जनता की चिंता करे, जो जनता के लिए विकास के काम करे, उस भाजपा को वोट देने का निश्चय बस्तर की जनता कर चुकी है। भाजपा जो कहती है, वह करती है।

भारत को दुनिया के नक्शे में शक्तिशाली राष्ट्र स्थापित करने का चुनाव : ओपी चौधरी

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी के नाम पर तो धोखा किया था भारतीय जनता पार्टी ने एक आदिवासी बेटा को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाकर के आदिवासी स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। कलेक्टर के तौर पर अपने कार्यकाल के दिनों की याद करते हुए चौधरी ने कहा कि उस समय बहुत कठिन परिस्थिति थी। उन कठिन परिस्थितियों से इस क्षेत्र को निकालने के लिए हम सब लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के शासन में बहुत अच्छे तरीके से काम किया था। सुकमा कोंटा को सड़क की खराब स्थिति से बाहर निकालकर अच्छे तरीके से सड़क बनाने का काम भाजपा की सरकार ने किया। काली मेला पुल के लिए भाजपा की सरकार ने तत्काल स्वीकृति दी और सुकमा क्षेत्र का ओड़िशा से सीधा संपर्क स्थापित हो पाया। यहां पर एजुकेशन सिटी का निर्माण हो, सुकमा को जिला बनाने का काम हो, यह सब काम भाजपा की सरकार ने किया।

आईपीएल सट्टा: 45 से ज्यादा बुकी लिस्टेड, बड़े खाईवाल पहुंच से दूर

- इस सीजन में महादेव छोड़ दूसरी आईडी से भी 500 करोड़ का दांव तय

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल मैच शुरू होने के पहले शहर में पुलिस ने बड़े खाईवालों की तगड़ी लिस्ट बनाई है। खबर के मुताबिक 45 से ज्यादा बुकी लिस्टेड किए गए हैं जिनके ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की तैयारी है। आईपीएल के आगाज के पहले ही कई खाईवाल अपने पुराने पते से गायब हो चुके हैं। पुलिस को यकीन है राज्य के बाहर दूसरे शहरों में जाकर सटोरिए अपना नेटवर्क जमाने में लगे हुए हैं। आईडी और ऑन लाइन सट्टा लगाने वालों के जरिए अब बड़े खाईवालों तक पहुंचने की कोशिश है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रायपुर जिले के भाटापारा, उरला, पंडरी, टाटीबंध समेत नवा रायपुर के इलाकों में निगरानी बढ़ाने निर्देश दिए गए हैं। होटलों में जांच पड़ताल करने के साथ ही चलती गाड़ी में आईडी के जरिए बुक तैयार करने वालों को भी पकडऩे सायबर यूनिट से स्पेशल टीम तैयार है। 22 मार्च से आईपीएल टूर्नामेंट का आगाज हो रहा है। पहले मैच में सीएसके और बेंगलुरू के बीच भिड़ंत है। पहले ही मैच में लाखों रुपये के सट्टा कारोबार होने का अनुमान है। टूर्नामेंट के पहले फेस में जितने मैच तय किए गए हैं उस हिसाब से प्रदेश की राजधानी से ही 500 करोड़ रुपये का दांव लगना तय है। पिछले सीजन की कार्रवाई को देखते हुए पुलिस ने मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में भी इंटर स्टेट पुलिस नेटवर्क के जरिए सर्विलांस सिस्टम तय किया है। पिछले सीजन में मुंबई और दिल्ली जाकर पुलिस ने राजधानी के बड़े खाईवालों को गिरफ्तार किया था।

इस बार खेलने वालों पर सख्ती

ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा के मामले में पुलिस ने निगरानी तेज कर दी है। सभी मोबाइल एप पर नजरें जमाकर खाईवालों को पकडऩे का प्रयास है। इस बार सिर्फ खिलाने वाले नहीं बल्की खेलने वालों की भी जानकारी होने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

संजय सिंह, डीएसपी क्राइम

राज्य में अब तक हटाए गए 3.15 लाख बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर और बैनर हटाने की कार्यवाही द्रुत गति से जारी है। राज्य में इन दोनों तरह की संपत्तियों से 20 मार्च तक कुल तीन लाख 14 हजार 674 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से संबंधित एक लाख 99 हजार 154 और निजी संपत्तियों से संबंधित एक लाख 15 हजार 520 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है।

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रदेश भर में कुल तीन लाख 27 हजार 210 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें सार्वजनिक संपत्ति से संबंधित दो लाख नौ हजार 45 और निजी संपत्ति से संबंधित एक लाख 18 हजार 165 प्रकरण शामिल हैं। सभी जिला प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कार्यवाही तेजी से जारी है। अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 41 हजार 788, सुकमा में 2048, गरियाबंद में 5784, बेमेतरा में 8928, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 2819, बालोद में 16 हजार 973, जशपुर में 4425, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 2931 और सरगुजा में 9876 कार्यवाही की गई हैं।

चित्रकोट में सीएम साय का वादा.. 3 महीने में बहुत काम किया, आगे भी करेंगे

- सीएम विष्णुदेव साय ने कहा मोदी के पिटारे में अभी प्रदेश के विकास के लिए बहुत कुछ है

चित्रकोट/बस्तर/नवप्रदेश। 3 महीने में हमने प्रदेश के हित के लिए बहुत कुछ किया है और आगे भी करेंगे, मोदी जी के पिटारे में अभी प्रदेश के विकास के लिए बहुत कुछ बाकी है। यह बात लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बस्तर लोकसभा प्रवास के दूसरे दिन चित्रकोट विधानसभा सीट के अन्तर्गत बड़ेधाराउर गांव में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही और पिछली कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला।

विधानसभा चुनाव में चित्रकोट में भाजपा को दिए गए पूर्ण समर्थन के लिए उपस्थित जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विष्णुदेव साय ने लोकसभा चुनाव में भी डबल इंजन की सरकार के लिए जनता से समर्थन मांगा। कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए श्री साय ने उसे आदिवासियों का विरोधी और विकास विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, उनके विकास के लिए कुछ भी नहीं किया।

भाजपा और मोदी सरकार ने आदिवासियों के हित के लिए जो योजनाएं बनाईं, उसके लिए जो पैसा बस्तर संभाग को भेजा उसे कांग्रेस की सरकार ने रोक दिया और बस्तरवासियों को मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित कर दिया, लेकिन बस्तर के मेरे भाइयों-बहनों को अब चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अब देश-प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, बस्तर के विकास में कोई भी कमी नहीं होगी।

तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रूपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता को खरीदेंगे, इसकी घोषणा मैंने कर दी है। कांग्रेस की सरकार में केवल 1-2 दिन ही तेंदूपत्ता की खरीदी होती थी, लेकिन हमारी भाजपा सरकार 15 दिनों तक तेंदूपत्ता की खरीदी करेगी। आदिवासियों के लिए चरण पादुका योजना पुनः शुरू की जाएगी।

सरकार को बहुत कुछ करना बाकी है

सीएम साय ने आगे कहा कि मात्र 3 महीने में हमने बहुत काम किया है और आगे भी करेंगे। मोदी जी के पिटारे में अभी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत कुछ है। अभी आदिवासियों के लिए हमारी सरकार को बहुत कुछ करना बाकी है इसलिए इस बार बस्तर लोकसभा में परिवर्तन करना है और भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को भारी मतों से चुनाव जिताकर संसद में भेजना है। अपने सम्बोधन के अंत में सीएम साय ने उपस्थित जनता से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए जनसभा में भारी संख्या में आए क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की भाजपा की शिकायत

- मोदी के फोटोयुक्त थैले पर आपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव का रंग अब जमने लगा है। शिकवा-शिकायतों का दौर भी शुरू हो गया है। कांग्रेस ने आज भाजपा की शिकायत राज्य चुनाव आयोग में की है। छत्तीसगढ़ में भी लोकसभा चुनाव 2024 का रंग जमने लगा है। राजनीतिक पार्टियां अब एक दूसरे के खिलाफ शिकायतों का दौर भी शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी ने आज राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचकर भाजपा के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत में कांग्रेस ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी की तस्वीरें लगी थैलों में अनाज बांटने की शिकायत की है। पूर्व सीएम और राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने भी इसे लेकर सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है।

कांग्रेस विधि विभाग ने की शिकायत

इस मामले में प्रदेश कांग्रेस के विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन ने लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा है कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के सम्पूर्ण जिलों के क्षेत्राधिकार से संबधित राशन दुकानों में मोदी जी के फोटोयुक्त थैले में राशन सामग्री दिया जाना, आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। जिसका विरोध इंडियन नेशनल कांग्रेस करती है।

पूर्व सीएम बघेल का एक्स पर पोस्ट

पूर्व सीएम बघेल ने अपने पोस्ट में लिखा है कि, अभी मैं जनसम्पर्क के लिए जाते हुए राजनांदगांव विधानसभा के भर्रेगांव से गुजर रहा था, तो देखा कि वहां राशन दुकान पर नरेंद्र मोदी जी की तस्वीर वाले थैले में राशन बाँटा जा रहा है। पता चला कि यह केवल राजनांदगांव में ही नहीं वरना पूरे देश में हो रहा है। निश्चित तौर पर यह चुनाव आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। आशा है कि, तत्काल कार्रवाई की जाएगी और शिकायत भी दर्ज की जाएगी।